


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 366 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र अमावस्या 2081 शनिवार, 29 मार्च-2025

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर ✻ **पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये**

## सबसे गर्म साल होगा 2025

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। देश में इस बार उम्मीद से कहीं ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, इस साल देश के नॉर्थ-वेस्ट राज्यों यानी हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली में हीटवेव (लू) के दिनों की संख्या दोगुनी होने की आशंका है। आमतौर पर अप्रैल से जून के महीनों में लगातार 5-6 दिन लू चलती है, लेकिन इस बार 10 से 12 दिनों के ऐसे कई दौर आ सकते हैं। हालांकि, मौसम विभाग ने यह जानकारी नहीं दी कि इस साल हीटवेव का असर कितने दिन रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर हीटवेव के दिनों की संख्या दोगुनी होती है तो 2025 अब तक का सबसे गर्म साल होगा।

# म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप, 144 की मौत

## > बैंकॉक में इमारत गिरने से 732 लोग लापता > भारत समेत 5 देशों में झटके

नेपीदा, 28 मार्च (एजेंसियां)। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में 144 लोगों की जान गई है।

म्यांमार में 20 लोगों की मौत हुई, जबकि यहां 300 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 80 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल



आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34 प्रतिशत यानी सबसे ज्यादा है। म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए।

## सुप्रीम कोर्ट ने वसीम रिजवी की याचिका पर लिया संज्ञान

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। 2021 में हरिद्वार धर्म संसद में मुसलमानों के खिलाफ तीखे भाषण को लेकर दर्ज मामलों को एक करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट ने जितेंद्र नारायण त्यागी उर्फ सैयद वसीम रिजवी की याचिका पर शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किए। याचिका में उनके खिलाफ सभी आपराधिक मामलों को एक साथ जोड़ने का अनुरोध किया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के सामने अधिवक्ता अनुराग किशोर की दलील दी कि लखनऊ के रहने वाले त्यागी के खिलाफ चार आपराधिक मामले हैं, जिनमें से एक श्रीनगर में है। लगातार धमकियों के कारण जम्मू-कश्मीर की यात्रा करना उनके जीवन के लिए काफी जोखिम भरा है।

# 'हर दोपहिया वाहन के साथ दो आईएसआई हेलमेट अनिवार्य करने का रखा प्रस्ताव'

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। भारत में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के मकसद से, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रस्ताव दिया है कि सभी दोपहिया वाहनों को दो आईएसआई प्रमाणित हेलमेट के साथ बेचा जाना चाहिए। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस महत्वपूर्ण फैसले की घोषणा की गई। जिसे टू-व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का पूरा समर्थन मिला है।



भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। हर साल 4,80,000 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 1,88,000 से ज्यादा लोगों की जान जाती है। इनमें से 66 प्रतिशत मृतक 18 से 45 वर्ष की आयु के होते हैं। खासकर दोपहिया वाहनों से जुड़े हादसों में हर साल 69,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं। जिनमें से 50 प्रतिशत मौतें हेलमेट नहीं पहनने के कारण होती हैं। टू-व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (टीएचएमए) लंबे समय से आईएसआई प्रमाणित हेलमेट की अनिवार्यता की मांग कर रहा है। टीएचएमए ने गडकरी के इस सक्रिय नेतृत्व की सराहना की है। टीएचएमए के अध्यक्ष राजीव कपूर ने कहा, यह सिर्फ एक नियम नहीं, बल्कि देश की आवश्यकता है। हेलमेट जीवन बचाते हैं, और हर बाइक खरीद के साथ उन्हें अनिवार्य बनाना एक महत्वपूर्ण कदम है। जो परिवार सड़क दुर्घटनाओं में अपनों को खो चुके हैं, उनके लिए यह कदम उम्मीद की किरण है कि अब ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकेगा। उद्योग जगत ने जोर देकर कहा कि दोपहिया वाहनों की सवारी अब जोखिमभरी नहीं होनी चाहिए। अगर राइडर और पीछे बैठने वाले दोनों के पास आईएसआई प्रमाणित हेलमेट होगा, तो सफर सुरक्षित और जिम्मेदारी भरा बनेगा। हेलमेट निर्माता संघ ने आश्वासन दिया कि वे गुणवत्तापूर्ण आईएसआई हेलमेट के उत्पादन में बढ़ोतरी करेंगे और देशभर में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

## 'यशवंत वर्मा को ज्यूडिशियल काम न सौंपा जाए'

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इसकी सिफारिश की थी। केंद्र सरकार ने इस सिफारिश को मान लिया है। दरअसल जस्टिस वर्मा के सरकारी घर से कुछ दिन पहले जले हुए नोट मिलने का मामला सामने आया था। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा है कि जस्टिस वर्मा को अभी कोई भी न्यायिक काम न सौंपा जाए। इस मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश ने 21 मार्च को एक आंतरिक जांच की शुरुआत की और 3 सदस्यीय समिति गठित की गई। इस मामले को लेकर देश का सियासी पारा भी काफी चढ़ा हुआ है।

## नेपाल में कर्फ्यू, 1 की मौत 30 घायल


### पूर्वी काठमांडू में बुलाई सेना

काठमांडू, 28 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल के काठमांडू में शुक्रवार को राजशाही समर्थकों ने जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने तिनकुने इलाके में एक घर में आग लगा दी। समर्थकों ने पत्थरबाजी के साथ ही एक राजनीतिक दल के कार्यालय पर हमला बोला। वाहनों में आगजनी और दुकानों में लूटपाट की। इसके अलावा, राजशाही समर्थकों ने सुरक्षा बैरिकेड तोड़ने की भी कोशिश की, जिसके चलते पुलिस से उनकी झड़प हुई। झड़प के दौरान एक व्यक्ति की मौत और 30 लोग घायल हो गए।

पुलिस ने समर्थकों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछारों का भी इस्तेमाल किया। विरोध प्रदर्शन के बाद काठमांडू के कुछ इलाकों में रात 10 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया, जिसके चलते पूर्वी काठमांडू में सेना बुलाई गई। इस बीच, सीपीएन-माओवादी केंद्र के नेता पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' ने राजतंत्रवादी ताकतों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वे नेपाली लोगों और राजनीतिक दलों के उदारवादी रवैये को कमजोरी न समझें। उन्होंने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को भी सलाह दी कि वे अपनी पिछली गलतियों को न दोहराएं। शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान तिनकुने इलाके में स्थिति तब बेकाबू हो गई, जब प्रदर्शनकारियों ने एक घर में आग लगा दी और सुरक्षा बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की।

## भारत 156 मेड इन इंडिया एलसीएच प्रचंड चॉपर खरीदेगा

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। भारत ने 156 मेड इन इंडिया प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला लिया है। ये लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) हैं। रक्षा अधिकारी के हवाले से आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा है, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दी है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा अधिकारी ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।



इस खरीद से रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की बढ़ेगी, बल्कि हथियारों के स्वदेशीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि, अभी तक एचएएल ने 15 प्रचंड हेलीकॉप्टर बनाए हैं, जिनमें भारतीय वायुसेना के लिए दस और सेना के लिए पांच एलसीएच प्रचंड शामिल हैं। एलसीएच प्रचंड में दो लोग बैठ सकते हैं। यह 51.10 फीट लंबा, 15.5 फीट ऊंचा है। पूरे सैन्य साजो सामान के साथ इसका वजन 5800 किग्रा है। इसपर 700 किग्रा के हथियार लगाए जा सकते हैं। वहीं अधिकतम रफ्तार 268 किमी प्रतिघंटा है। प्रचंड की रेंज 550 किमी है। यह लगातार 3 घंटे 10 मिनट तक उड़ान भर सकता है। यह वजन के साथ 16,400 फीट की ऊंचाई पर भी टेकऑफ कर सकता है। इसके अलावा प्रचंड में 20 मिमी की एक तोप भी लगी है। रक्षा विशेषज्ञ और सेना से रिटायर्ड अधिकारी वत्स रोहित कहते हैं कि एलसीएच प्रचंड के बड़े प्रतिद्वंद्वी यूएस अपाचे और एएच-1जेड वाइपर जैसे पारंपरिक खिलाड़ी निस्संदेह ताकतवर हैं, लेकिन अपाचे की महंगी कीमत (30 मिलियन डॉलर से अधिक) और एएच-1जेड वाइपर की कीमत (20 मिलियन डॉलर से अधिक) के साथ ही, अमेरिकी विदेश नीति के चलते निर्यात पर लगी सीमाओं की वजह से उन्हें हासिल करना इतना आसान नहीं है।

## अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर भारत रखता है कड़ी नजर : विदेश मंत्री

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा में शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को लेकर जवाब दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार पर भारत बारीकी से नजर रखता है। साथ ही इसे समय-समय पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उठाता रहता है।

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराध और अत्याचार को लेकर पूछे गए प्रश्न का विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया। उन्होंने फरवरी में पाकिस्तान में हुए अत्याचार के 10 मामलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं माननीय सदस्य की भावनाओं के प्रति सहानुभूति रखता हूं। इस प्रश्न के दो भाग हैं। पहला कि क्या हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अपराध और अत्याचारों पर नजर रखते हैं और दूसरा किया हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसके बारे में क्या कर रहे हैं?

उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहुत बारीकी से नजर रखते हैं। फरवरी 2025 में हिंदू समुदाय के खिलाफ अत्याचार के 10 मामले और सिख समुदाय से संबंधित तीन घटनाएं हुईं। ईसाई समुदाय से संबंधित एक मामला था। एक ईसाई व्यक्ति पर पाकिस्तान में ईशनिंदा का आरोप लगा था।



## आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की बढ़ीं मुश्किलें

### दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के कथित उल्लंघन की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की और बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। साल 2019 में द्वारका में बड़े होर्डिंग लगाकर कथित तौर पर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

## नहीं पेश हो पाया मुस्तफाबाद का नाम बदलने वाला प्रस्ताव, शिव विहार करने की है मांग



नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा में आज मुस्तफाबाद का नाम बदलने का प्राइवेट मेंबर रेजोल्यूशन टल गया। मुस्तफाबाद से बीजेपी विधायक और विधानसभा के डिप्टी स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट ने इसकी मांग की है। उन्होंने मुस्तफाबाद का नाम बदलकर शिव विहार करने की मांग की है। इसी को लेकर प्रस्ताव पेश किया जाना था लेकिन यह प्रस्ताव फिलहाल टल गया है। यह प्रस्ताव स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट लाए हैं। मोहन सिंह बिष्ट ने कहा था गुलामी के सभी प्रतीकों का नाम बदला जाए। मेरी विधानसभा का नाम शिव विहार होगा। मुसलमान लोग मुस्तफाबाद के नाम से जाने जा रहे हैं। मैं उनका डेवलपमेंट करूंगा। शिव बिहार के लोगों का भी डेवलपमेंट करूंगा। मुस्तफाबाद का नाम बदलने के प्रस्ताव पर आतिशी ने कहा कि मुद्दों से भटकाने के ये सब किया जा रहा है। 2500 देने की बात की तो मुस्तफाबाद का नाम बदल रहे हैं। मुफ्त सिलेंडर के बारे में पूछेंगे तो अकबर रोड का नाम बदल देंगे। 50 हजार नौकरियां देने की बात पूछेंगे तो हीमायु रोड का नाम बदल देंगे। आतिशी ने कहा कि सदन से लेकर हम एक मजबूत विपक्ष की तरह इस मुद्दे को उठाते रहेंगे। वहीं, आम आदमी पार्टी के नेता संजीव झा ने कहा कि ये सरकार काम की नहीं नाम की है। सरकार गुलामी के प्रतीक लाल किला और कुतुब मीनार को भी तोड़े। मुझे लगता है यह सरकार काम की नहीं नाम की है। सरकार को काम नहीं करना नाम बदलना है नाम बदले से लोगों का क्या भला होगा? उन्होंने कहा कि ऐसे तो हजारों उर्दू के नाम हैं सबको बदलो। अगर आपकी शिव में आस्था है तो काम करो। लोग पूछ रहे हैं कि 2500 कब आएगा बताओ। अगर मुस्तफाबाद की चिंता है। नाम बदलने से ना मुस्तफाबाद का भला होना है ना दिल्ली का भला होना है। बीजेपी विधायक ने मुस्तफाबाद के बाद बाबरपुर विधानसभा का नाम बदलने की मांग की। बीजेपी के

## मुंबई में चलती कार में महिला से गैंगरेप

### नशीला पदार्थ पिलाकर दिया वारदात को अंजाम

मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई के कांदिवली इलाके में गैंगरेप की सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां नशीला पदार्थ पिलाकर 30 साल की युवती से गैंगरेप किया गया। इस मामले में मुंबई की कांदिवली पुलिस ने गैंगरेप का केस दर्ज कर लिया और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

कांदिवली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चलती कार में इस घटना को अंजाम दिया गया, पीड़ित महिला पुणे की रहने वाली है। सोशल मीडिया के माध्यम से एक आरोपी से पहचान हुआ। बताया जा रहा है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर महिला को मुंबई बुलाया और महिला के साथ एक होटल में रेप की वारदात को अंजाम दिया।

## एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी मामले में

### कॉमेडियन कुणाल कामरा ने उठाया बड़ा कदम ट्रांजिट बेल के लिए एचसी का किया रुख



मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी को लेकर कॉमेडियन कुणाल कामरा ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत के लिए मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया है। कुणाल कामरा ने अपने शो में एकनाथ शिंदे को लेकर जो विवादित टिप्पणी की थी, उसके बाद मुंबई की खार पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। अब अपने खिलाफ इसी एफआईआर के संबंध में उन्होंने मद्रास हाई कोर्ट की ओर रुख किया है। जानकारी के मुताबिक, कुणाल कामरा ने गुरुवार देर रात हाईकोर्ट के सामने ई-फाइलिंग के जरिए याचिका दायर की है। कुणाल कामरा ने इस दौरान तर्क में कहा है कि वो उन पर लगे अपराधों में निर्दोष हैं और उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है। दरअसल, कॉमेडियन कुणाल कामरा अपने एक शो में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तंज कसा था। कुणाल कामरा ने गाने के अंदाज में कहा था, "ठाणे की रिक्शा, चेहरे पर दाढ़ी, आंखों में चश्मा, हाय।।।।एक झलक दिखलाए कभी, गुवाहाटी में छुप जाए। मेरी नजर से तुम देखो, गद्दार नजर वो आए।।।" उनके इस तंज को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने एक्स पर पोस्ट किया। इसके बाद हंगामा खड़ा हो गया। ऐसे में कामरा के इस बयान से एकनाथ शिंदे गुट नाराज हो गया और उनके ऑफिस के बाहर प्रदर्शन भी किया। इसके अलावा कुणाल ने जिस होटल में शिंदे पर तंज किया वहां जमकर तोड़फोड़ की गई और अब उनके खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल यह पहली बार नहीं है जब कुणाल कामरा अपने बयानों के कारण विवादों में आए हैं। इस विवाद पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का भी बयान सामने आया था। फडणवीस ने कहा, स्टैंडअप कॉमेडियन कामरा ने जिस तरह से एकनाथ शिंदे का अपमान करने की कोशिश की है, वह गलत है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। लोगों ने 2024 के विधानसभा चुनाव में हमें वोट दिया है और हमारा समर्थन किया है। जो देशद्रोही थे, उन्हें लोगों ने घर भेज दिया है।

## मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार भी बरामद



इंफाल, 28 मार्च (एजेंसियां)। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि सुरक्षाबलों ने अलग-अलग ऑपरेशंस में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये उग्रवादी विभिन्न उग्रवादी संगठनों से जुड़े हैं। पुलिस ने बताया कि ये गिरफ्तारियां बिष्णुपुर, इंफाल ईस्ट और थाउबल जिलों से गुरुवार को हुईं। गिरफ्तार किया गया एक उग्रवादी कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी का सदस्य बताया जा रहा है, जिसे बिष्णुपुर जिले के माइबाम चिंगमांग इलाके से पकड़ा गया। आरोपी की पहचान लीसांगथेम हिरेन सिंह के रूप में हुई है, जो लोगों से अवैध वसूली में लिप्त था। सुरक्षाबलों ने इंफाल ईस्ट जिले से लिकमाबाम अमुजाओ मैतई उर्फ लाकपा को गिरफ्ता किया है। यह केसीपी-पीएससी पोलितब्यूरो स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य बताया जा रहा है। वहीं दो उग्रवादियों को थाउबल जिले से गिरफ्तार किया गया। ये दोनों केसीपी के सदस्य हैं। इनकी पहचान लोइतोंगबाम बोयाई सिंग और खमुनथेम धनबीर सिंह के रूप में हुई है। सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं। यह बरामदगी जिरीबाम, इंफाल वेस्ट और बिष्णुपुर जिले से हुई है। इंफाल वेस्ट से बरामद हथियारों में दो इंसास राइफल्स, दो एसएमजी कार्बाइन, भारी संख्या में कारतूस, आठ बुलेटप्रूफ प्लेट्स, सात बुलेटप्रूफ जैकेट आदि शामिल हैं। वहीं जिरीबाम से तीन इंसास राइफल्स, मैग्जीन, दो एसएलआर राइफल्स बरामद की गई हैं।

## कविता मामले में इमरान प्रतापगढ़ी पर दर्ज एफआईआर रद्द

### सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात पुलिस को याद दिलाई अभिव्यक्ति की आजादी

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने सोशल मीडिया पर कविता पोस्ट करने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया। कविता संबंधी आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मौलिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। पुलिस बुनियादी सुरक्षा की रक्षा करे। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने यह फैसला सुनाया।

अभिव्यक्ति की आजादी पर शीर्ष अदालत ने कहा कि कविता, कला और व्यंग जीवन को सार्थक बनाते हैं। कला के माध्यम से अभिव्यक्ति की आजादी जरूरी है। विचारों का सम्मान होना चाहिए। इमरान प्रतापगढ़ी ने एफआईआर रद्द करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में



अर्जी दाखिल की थी। गुजरात पुलिस ने इमरान प्रतापगढ़ी पर एफआईआर दर्ज की थी। सोशल मीडिया पर पोस्ट कविता को लेकर एफआईआर दर्ज की गई थी।

**कला के जरिए अभिव्यक्ति की आजादी जरूरी**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाया जा सकता है, लेकिन उचित प्रतिबंध नागरिकों के अधिकारों को कुचलने के लिए अनुचित और काल्पनिक नहीं होना चाहिए। कविता, नाटक, संगीत, व्यंग्य सहित कला के विभिन्न रूप मानव जीवन को अधिक सार्थक बनाते हैं और लोगों को इसके माध्यम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए।

**जस्टिस एएस ओका ने क्या कहा?**

जस्टिस एएस ओका ने कहा कि कोई अपराध नहीं हुआ। जब आरोप लिखित रूप में हो तो पुलिस अधिकारी को इसे पढ़ना चाहिए, जब अपराध बोले गए या बोले गए शब्दों के बारे में हो तो पुलिस को यह ध्यान रखना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बिना ऐसा करना असंभव है। भले ही बड़ी संख्या में लोग इसे नापसंद करते हों। इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। जजों को बोले गए या लिखे गए शब्द पसंद नहीं आ सकते हैं, फिर भी हमें इसे संरक्षित करने और संवैधानिक सुरक्षा का सम्मान करने की आवश्यकता है। न्यायालयों को संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सबसे आगे रहना चाहिए।

**जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने क्या कहा?**

जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा कि नागरिक होने के नाते पुलिस अधिकारी अधिकारों की रक्षा करने के लिए बाध्य हैं। जब धारा 196 बीएनएसएस के तहत अपराध होता है तो इसे कमजोर दिमाग या उन लोगों के मानकों के अनुसार नहीं आंका जा सकता है जो हमेशा हर आलोचना को अपने ऊपर हमला मानते हैं। इसे साहसी दिमाग के आधार पर आंका जाना चाहिए। हमने माना है कि जब किसी अपराध का आरोप बोले गए या बोले गए शब्दों के आधार पर लगाया जाता है, तो मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए बीएनएसएस की धारा 173(3) का सहारा लेना पड़ता है।

## तिलक नगर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ एक कॉन्स्टेबल घायल, दो बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के तिलक नगर इलाके में बीती रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक कांस्टेबल गोली लगने से घायल हो गया, जबकि पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, सुल्तानपुरी इलाके में कुछ दिन पहले बदमाशों ने एक शख्स से मोबाइल और नकदी लूट ली थी। इस मामले में पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी तिलक नगर इलाके के एक घर में छिपे हुए है। सूचना मिलते ही आउटर जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने छापेमारी की प्लानिंग की। टीम में इंस्पेक्टर रोहित, एसआई विपिन कुमार, एसआई अंकित, हेड कांस्टेबल विकास कुमार, हेड कांस्टेबल रोहित, हेड कांस्टेबल मनजीत, कांस्टेबल विजय खत्री, कांस्टेबल विजय लौरा, कांस्टेबल संदीप, कांस्टेबल अमन, कांस्टेबल अनुज दलाल और कांस्टेबल हरकेश शामिल थे।

## कांग्रेस नेता ने औरंगजेब और टीपू सुल्तान की तस्वीर को किया शेयर, लिखा विवादित कैप्शन, केस दर्ज





बेलगावी, 28 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस के एक स्थानीय नेता के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दरअसल कांग्रेस नेता मुजामिल अत्तर पर औरंगजेब और टीपू सुल्तान की तस्वीरें लगाकर भड़काऊ पोस्ट को सोशल मीडिया पर शेयर करने को लेकर केस दर्ज किया गया है। बता दें कि आरोपी कांग्रेसी नेता बेलगावी के आजाद नगर का रहने वाला है। बीते दिनों मुजामिल अत्तर ने इंस्टाग्राम पर एक भड़काऊ पोस्ट को शेयर किया था। इसमें कांग्रेस नेता ने औरंगजेब और टीपू सुल्तान की तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, 'बाप हैं तुम्हारे, भूलना मत।'

**पुलिस ने दर्ज किया केस**

इस पोस्ट में हिंदी फिल्म अग्निपथ के एक एग्रेसिव क्लिप भी शामिल किया गया है जिसमें लाइन थी, 'ज्वाला सी जलती है।' इस मामले में केस दर्ज होने के तुरंत बाद आरोपी ने सोशल मीडिया से इस पोस्ट को हटा लिया। बता दें कि इस मामले की शिकायत बेलगावी मार्केट पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। दरअसल असल पोस्ट को किसी और व्यक्ति द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। हालांकि इंस्टाग्राम पर रीशेयर का फीचर होता है, जिसका इस्तेमाल कर कांग्रेस नेता ने औरंगजेब और टीपू सुल्तान की तस्वीर को अपने स्टेटस में शेयर किया था। हालांकि कैप्शन कांग्रेस नेता द्वारा लिखी गई है।

**औरंगजेब के नाम पर छिड़ा बवाल**

दरअसल फिल्म छावा जब से सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, तब से ही औरंगजेब के नाम पर विवाद और ज्यादा बढ़ गया है। हालांकि ऐसा नहीं कि पहले औरंगजेब के नाम पर विवाद नहीं होता था। लेकिन फिल्म छावा में औरंगजेब की क्रूरता को देखने के बाद देशभर में लोगों में औरंगजेब को लेकर बातें तेज हो गई हैं। ऐसे में बीते दिनों औरंगजेब की कब्र को हटाने के मामले में भी नागपुर में हिंसा देखने को मिली थी। इस मामले में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है और फिलहाल इस मामले की जांच अब भी जारी है। इसी तरह देशभर में औरंगजेब के नाम पर सोशल मीडिया पर तमाम चीजें शेयर की जा रही हैं।

## गोवा में एक रंग में दिखेंगी सरकारी इमारतें, विधानसभा में सीएम सावंत बोले- भगवा नहीं किया जाएगा

पणजी, 28 मार्च (एजेंसियां)। गोवा में जल्द ही सभी सरकारी इमारतें एक रंग में दिखाई देंगी। सीएम प्रमोद सावंत ने विधानसभा में बजट पेश किए जाने के दौरान सरकारी इमारतों के लिए एक समान रंग कोड लागू करने का प्रस्ताव पेश किया। जब विपक्ष ने रंग को लेकर पूछा तो सीएम बोले कि इमारतों का रंग भगवा नहीं होगा। सीएम ने कहा कि मैं सरकारी इमारतों को एक समान रंग कोड के साथ पेंट करने का प्रस्ताव करता हूं। सीएम ने कहा कि रंग भगवा नहीं होगा। इसके लिए राज्य सरकार की सभी इमारतों का संरचनात्मक ऑडिट किया जाएगा। कुछ इमारतों का ऑडिट पहले ही शुरू किया जा चुका है। विस्तृत परामर्श रिपोर्ट के आधार पर सुधारात्मक उपाय फास्ट ट्रैक मोड पर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने राज्य की सभी विरासत इमारतों का संरचनात्मक ऑडिट करने का भी प्रस्ताव रखा है। इसके बाद आवश्यकतानुसार सभी विरासत इमारतों का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा। बजट में नए सरकारी भवनों के निर्माण और पुरानी संरचनाओं के रखरखाव और मरम्मत के लिए 273 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। सीएम ने कहा कि दक्षिण गोवा के पुराने कलक्ट्रेट और पुलिस मुख्यालय की इमारतों की मरम्मत का काम पहले ही शुरू हो चुका है। सीएम ने शहरी क्षेत्रों में गर्मी से निपटने के लिए वर्टिकल गार्डन सहित विभिन्न पर्यावरण-अनुकूल पहलों का भी प्रस्ताव रखा। सीएम प्रमोद सावंत ने कहा कि सौंदर्य और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार के लिए प्रमुख राजमार्गों के साथ हरित गलियारे बनाने के लिए सड़क इंजीनियरिंग और डिजाइन पर भी नई नीति पेश की जाएगी। इससे पर्यटकों और लोगों को राहत मिलेगी।

## डिब्रूगढ़ से हटाया गया अफस्पा अब सिर्फ तीन जिलों में है एक्ट



गुवाहाटी, 28 मार्च (एजेंसियां)। असम के डिब्रूगढ़ जिले से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम यानी कि एएफएसपीए को हटा लिया गया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सीएम हिमंता ने बताया है कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से डिब्रूगढ़ से अशांत क्षेत्र का टैग हटाने का अनुरोध किया था। इसके बाद केंद्र सरकार की ओर से इसे लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि अब राज्य में केवल 3 जिलों में ही सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागू है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफस्पा अब तिनसुकिया, शिवसागर और चराईदेव जिलों में लागू रहेगा। अफस्पा को राज्य के 32 जिलों से हटा लिया गया है और हमें उम्मीद है कि इसे जल्द ही शेष तीन जिलों से भी हटा लिया जाएगा।

**क्या है एएफएसपीए ?**

एएफएसपीए कानून को केंद्र सरकार की ओर से देश के किसी अशांत क्षेत्र में लागू किया जाता है। ये कानून सुरक्षा बलों को कहीं भी अभियान चलाने करने और बिना किसी वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है। आसान भाषा में समझें तो एएफएसपीए एक ऐसा कानून है, जिसे भारत सरकार ने उन इलाकों में लागू किया है, जहां उग्रवाद, आतंकी गतिविधियां या सांप्रदायिक हिंसा की स्थिति बनी रहती है। एएफएसपीए के तहत सेना को गिरफ्तारी का अधिकार,गोलियां चलाने का अधिकार,स्थायी तलाशी और जब्ती का अधिकार,सैन्य क्षेत्र में कानून का पालन,सैन्य कार्रवाई में छूट मिलती है।

**असम में क्यों लागू हुआ?**

1990 के दौरान असम में उल्फा की तरफ से हिंसा की गई थी। इसके बाद 27-28 नवंबर 1990 की मध्य रात्रि को राज्य को अफस्पा के तहत 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया गया था। तब से राज्य सरकार की सिफारिश पर इसे हर छह महीने पर बढ़ाया जाता रहा है। 2021 में सरमा के पदभार संभालने के बाद से अफस्पा को धीरे-धीरे वापस लिया जा रहा है।

## 'जनता देगी धोखे का जवाब'

### रिहा हुए सभी किसान, जेल से बाहर आते ही पंजाब सरकार के विरोध में उतरे सरवन सिंह पंढेर



पटियाला, 28 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस द्वारा बीती 19 मार्च को गिरफ्तार किए गए सभी किसान नेताओं को आज यानी शुक्रवार रिहा कर दिया गया। इनमें किसान मजदूर मोर्चा के प्रधान सरवन सिंह पंढेर भी शामिल हैं। आज तड़के तीन बजे इन्हें रिहा किया गया। पंढेर के साथ-साथ किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ भी रिहा होने वाले नेताओं में शामिल हैं। रिहा होते ही सरवन सिंह पंढेर एक्शन मोड में आ गए और उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना की है। रिहाई के बाद यहां बहादुरगढ़ स्थित कमांडो कंपलेक्स के पास पहुंचे सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि पंजाब सरकार ने किसानों के साथ जो धोखा किया है, राज्य की जनता उसका जवाब देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने किसान आंदोलन संबंधी जो रणनीति बनाई है, भविष्य में उसी मुताबिक संघर्ष को आगे बढ़ाया जाएगा। सरवन सिंह पंढेर ने यहां अस्पताल में दाखिल किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात भी की। उन्होंने बताया कि डल्लेवाल से कई मुद्दों पर चर्चा हुई। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों को जबरन हटाए जाने पर भी बात की गई। इस किसान संघर्ष के दौरान मरणव्रत पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने आज शुक्रवार को पानी पीया। बीती 19 मार्च को किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अस्पताल में दाखिल होने के दौरान ही पानी पीना बंद कर दिया था। आज सभी किसानों के रिहा होने के बाद उन्होंने पानी पीया। पंजाब पुलिस के रिटायर्ड एडीजीपी जसकरण सिंह ने डल्लेवाल को पानी पिलाया। इस मौके किसान नेता अभिमन्यू कोहाड़ और काका सिंह कोटड़ा भी मौजूद रहे। गौरतलब हो कि पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 महीने से मोर्चा लगा धरना दे रहे किसान नेताओं को पंजाब पुलिस ने 19 मार्च को हटा दिया है।

## पचास से ज्यादा फर्जी खाते बैंकों में खोल रखे थे भावना व हत्याकांड के दोनों आरोपियों

इंदौर, 28 मार्च (एजेंसियां)। महालक्ष्मी नगर में हुए भावना सिंह हत्याकांड के आरोपी अब सलाखों के पीछे है। पुलिस हत्या के केस के साथ आरोपियों के सट्टे के कारोबार की भी जांच कर रही है, ताकि उसके जरिए गिरोह में शामिल दूसरे सदस्य भी पकड़े जा सके। आरोपी आशु और मुकुल ने मोबाइल की फर्जी सीम बड़े पैमाने पर खरीदी थी। उनके जरिए वो बैंकों में फर्जी खाते खोले थे, ताकि आनलाइन सट्टे का पैसा उन खातों में ट्रांसवर किया जा सके। सट्टेबाजी में उनके साथ और कौन-कौन शामिल है।

इसकी पड़ताल भी पुलिस अफसर कर रहे है। मुकुल और आशु का वैसे पुलिस को पुराना आपराधिक रिकार्ड नहीं मिला। दोनो पहले एक कंपनी में काम करते थे। साल भर पहले ही उन्होंने नौकरी छोड़कर सट्टेबाजी का काम शुरू किया था। एप के जरिए वे नए लोगों को इससे जोड़ते थे। आरोपियों के जिन दोस्तों ने फ्लैट का रेंट एग्रीमेंट कराया था, क्या वे भी सट्टेबाजी में उनके साथ शामिल थी। इसकी भी जांच की जा रही है।

**एक दिन पहले भी की थी पार्टी**

भावना इंदौर में मेकअप का कोर्स करने के लिए ग्वालियर से हत्या के तीन दिन पहले ही आई थी। वह एक होटल में रुकी थी। हत्या के एक दिन पहले भी वह आरोपियों के साथ फ्लैट में पार्टी करने गई थी। स्वस्ति राय भावना की सहेली थी, लेकिन भावना ग्वालियर के निवासी होने के कारण आशु और मुकुल को भी पहले से जानती थी,इसलिए वह पार्टी में जाने के लिए तैयार हो गई थी।

पार्टी में चारों ने शराब थी और गाना बदलने को लेकर विवाद हुआ था। जिस कारण मुकुल ने गोली चला दी।

## 'महिला रेप नहीं कर सकती, लेकिन उकसा सकती है'

### एमपी हाईकोर्ट ने आरोपी की मां को भी माना दोषी



भोपाल, 28 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने साल 2023 के एक रेप केस में अहम फैसला सुनाया है। इस फैसले में कहा गया कि महिला रेप नहीं कर सकती, लेकिन वह रेप के लिए उकसाने की दोषी हो सकती है। इस फैसले के तहत आरोपी महिला के खिलाफ धारा 376 आर/डब्ल्यू 34, 109 और 506-11 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अदालत ने इस मामले में आरोपी की मां और भाई को भी समान रूप से दोषी माना है।

**क्या है पूरा मामला?**

यह मामला तब सामने आया, जब आरोपियों ने भोपाल सेशन कोर्ट द्वारा 22 अगस्त 2023 को दिए गए आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। भोपाल की निचली अदालत ने मुख्य आरोपी को दोषी मानते हुए उसकी मां और भाई को भी सह अभियुक्त बनाया था।

**पीड़िता का आरोप**

पीड़िता ने 21 अगस्त 2022 को भोपाल के छोला मंदिर थाने में रेप की शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने आरोप लगाया था कि आरोपी अभिषेक गुप्ता ने शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। इतना ही नहीं, आरोपी की मां और भाई भी इस घटना में शामिल थे। पीड़िता के अनुसार, 8 जुलाई 2021 को पहली बार उसे आरोपी के घर बुलाया गया, जहां उसके साथ रेप किया गया। सगाई के बाद भी आरोपी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए और फिर शादी से मुकर गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी की मां ने उसे समझाया था कि शादी से पहले संबंध बनाना आम बात है।

**एमपी हाईकोर्ट का रुख**

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि रेप के लिए उकसाने वाले भी उतने ही दोषी हैं, जितना कि मुख्य आरोपी। इस आधार पर आरोपी की मां और भाई पर भी कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया और साफ किया कि रेप के मामलों में उकसाने वालों के खिलाफ भी कठोर दंड दिया जाएगा।

सुविचार: अनमोल है कुछ चीज तो वो आपका समय है व्यर्थ में ना गवाये उसे ।

# उगादि के अवसर पर तेलंगाना में शुरू होगा ऐतिहासिक मुफ्त चावल वितरण : उत्तम



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को घोषणा की कि कांग्रेस सरकार उगादि त्योहार से तेलंगाना राज्य भर में गरीबों को मुफ्त 'सन्ना बियाम' (बढ़िया चावल) वितरित करने की ऐतिहासिक और क्रांतिकारी योजना शुरू करेगी। मुख्यमंत्री 30 मार्च को हुजूरनगर में एक सार्वजनिक सभा में इस योजना का औपचारिक रूप से शुभारंभ करेंगे।

1 अप्रैल से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से पूरे राज्य में सभी राशन कार्ड धारकों को मुफ्त 6 किलो चावल वितरित किया जाएगा। प्रधान सचिव और नागरिक आपूर्ति आयुक्त डीएस चौहान और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि यह देश के इतिहास में सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा पहल है, जिसका लक्ष्य लगभग 3.10 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचाना है- जो तेलंगाना की आबादी का लगभग 85 प्रतिशत है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्रति माह 6 किलोग्राम बढ़िया चावल मिलेगा। मंत्री ने कहा कि स्वतंत्र भारत में कोई भी कल्याणकारी योजना आबादी के इतने बड़े हिस्से तक कभी नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि अपने पूरे राजनीतिक जीवन में उन्होंने इस पैमाने का कोई कार्यक्रम नहीं देखा है और इसे सामाजिक न्याय का एक मॉडल बताया। उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया कि पीडीएस के तहत मोटे चावल का पिछला वितरण विफल हो गया था क्योंकि अधिकांश लाभार्थी इसकी खराब गुणवत्ता के कारण चावल का उपभोग नहीं करते थे। नतीजतन, लगभग 80 से 90 प्रतिशत चावल को डायवर्ट कर दिया गया और अवैध रूप से बेच दिया गया, जिससे काला बाजारी का धंधा फल-फूल रहा है। सालाना 7,000 से 8,000 करोड़ रुपये के चावल का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज को बढ़िया चावल से बदलने का निर्णय चोरी को रोकने, खपत बढ़ाने और गरीबों को वास्तविक लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने इस बदलाव को भारत के खाद्य सुरक्षा परिदृश्य में एक गेम-चेंजर बताया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, तेलंगाना के गठन के समय राज्य में 89.73 लाख राशन कार्ड थे। बीआरएस सरकार के दस साल के शासन के दौरान, जनसंख्या और पात्रता में बदलाव के बावजूद, केवल 49,479 नए कार्ड जारी किए गए। उस अवधि के दौरान मौजूदा राशन कार्डों में नए सदस्यों को जोड़ने की प्रक्रिया पूरी तरह से उपेक्षित रही। इसके विपरीत, कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद, इसने न केवल पात्र सदस्यों को जोड़ने की प्रक्रिया को फिर से खोला, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर नए राशन कार्ड जारी करना भी शुरू किया कि कोई भी पात्र परिवार छूट न जाए। मंत्री ने यह भी खुलासा किया कि तेलंगाना में वर्तमान में लगभग 90 लाख राशन कार्ड हैं, जिनमें लगभग 2.85 करोड़ लोग शामिल हैं। हालांकि, लंबित आवेदनों के सत्यापन और अनुमोदन के साथ, जल्द ही लगभग 30 लाख नए राशन कार्ड जारी किए जाने की उम्मीद है। इससे कार्डों की कुल संख्या 1 करोड़ हो जाएगी और कुल लाभार्थियों की संख्या 3.10 करोड़ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए और राशन कार्ड संतृप्ति स्तर तक जारी या अपडेट किए जाएंगे। नए जारी किए गए राशन कार्ड भौतिक कार्ड होंगे जिनमें क्यूआर कोड लगे होंगे, हालांकि उनमें चिप नहीं होगी। सरकार को अभी इस बारे में अंतिम निर्णय लेना है कि कार्ड पर प्रधानमंत्री की तस्वीर छपी होगी या नहीं। महत्वपूर्ण बात यह है कि कार्ड रंग-कोडित होंगे: गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों को तिरंगा कार्ड जारी किए जाएंगे, जबकि हरे कार्ड गरीबी रेखा से ऊपर (एपीएल) परिवारों के लिए होंगे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास अभी तक भौतिक कार्ड नहीं हैं, लेकिन आधिकारिक लाभार्थी डेटाबेस में सूचीबद्ध हैं, वे भी 1 अप्रैल से बढ़िया चावल प्राप्त करने के हकदार होंगे। इससे पहले दिन में मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने आईजी सत्यनारायण, जिला कलेक्टर तेजस नंदलाल पवार, एसपी नरसिम्हा और अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह बैठक तेलंगाना के कल्याणकारी इतिहास में एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में याद की जाएगी और उन्होंने राज्य के सभी हिस्सों के नागरिकों से इसमें शामिल होने और अपना समर्थन दिखाने का आग्रह किया। इसे हुजूरनगर के लिए गौरव का क्षण बताते हुए मंत्री ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र से इस परिवर्तनकारी योजना की शुरूआत करना बहुत सम्मान की बात है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से इस कार्यक्रम में भाग लेने और कार्यक्रम को एक बड़ी सफलता बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह केवल चावल के बारे में नहीं है- यह सम्मान, न्याय और गरीबों की देखभाल के बारे में है। तेलंगाना रास्ता दिखा रहा है।

# कलवकुंतला परिवार ने तेलंगाना का शोषण किया : कांग्रेस एमएलसी

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस एमएलसी बालमूर वेंकट नरसिंह राव ने बीआरएस एमएलसी कविता पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि कलवकुंतला परिवार ने अपने कार्यों से तेलंगाना का शोषण किया है। उन्होंने दावा किया कि बीआरएस शासन के पिछले एक दशक में कविता ने अपने भाई केटी रामा राव की तुलना में राज्य के संसाधनों का अधिक दुरूपयोग किया है। शुक्रवार को गांधी भवन में एक प्रेस वार्ता के दौरान बालमूर वेंकट नरसिंह राव ने साथी कांग्रेस एमएलसी आमिर अली खान के साथ बीआरएस नेता कविता की आलोचना की और राज्य के बजट के बारे में सरासर झूठ बताया तथा उन पर गलत आंकड़ों के साथ लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, राज्य के बजट को लेकर चिंता जताने वाली एमएलसी कविता ने वास्तविक आंकड़ों को नजरअंदाज कर दिया है। ऐसा लगता है कि वह शराब से होने वाले राजस्व के आंकड़ों और बजट के आंकड़ों दोनों से जूझ रही हैं। कांग्रेस एमएलसी ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता के चंद्रशेखर राव वेतन लेते हुए एक फार्महाउस में रह रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी तेलंगाना राज्य की उन्नति के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, केसीआर और रेवंत रेड्डी के बीच काफी अंतर है। एमएलसी कविता को तथ्यों पर विचार करना चाहिए और लोगों को संबोधित करते समय ईमानदार होना चाहिए।

# आदिलाबाद जिला विस्तार एवं मीडिया अधिकारी एसीबी के जाल में फंसे

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। आज डीएम एवं एचओ आदिलाबाद के कार्यालय में जिला विस्तार एवं मीडिया अधिकारी माचेरला पोशेट्टी रविशंकर को डीएम एवं एचओ कार्यालय आदिलाबाद के परिसर में रंगे हाथों पकड़ा गया, जब उन्होंने आधिकारिक पक्षपात दिखाने के लिए शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी और स्वीकार की, अर्थात नाबालिग लड़की के गर्भपात के संबंध में उनके द्वारा की जा रही जांच में शिकायतकर्ता के खिलाफ रिपोर्ट नहीं भेजने के लिए, जो भ्रूण की मृत्यु में समाप्त हो गई। आरोपी के कब्जे से 30 हजार रुपये की रिश्वत की राशि बरामद की गई। आरोपी ने अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए अपने कर्तव्यों का अनुचित और बेईमानी से पालन किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और करीमनगर में एसपीई और एसीबी मामलों के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया।

जय श्री राम : श्री गणेशाय नम : (स्थापना: दि. 13.01.2010) जय श्री राम
आज शनिवार दि: 29-03-2025
स्नान, दान श्राद्ध अमावस्या
यादेवी श्री आईजी गौशाला
शुभस्थल : एन एच 44,मेडचल रोड, कल्लाकल।
गौशाला प्रांगण में भोजन प्रसादी एवं भजनों का कार्यक्रम रहेगा ।
भजन प्रस्तुति: सांवरिया सेट एंड पार्टी
गौशाला प्रांगण में पधार कर दान पुण्य कर दर्शन,पूजा,सेवा का लाभ लेवे ।
सम्पर्क : नारायणलाल :8712311785 , सिरवि वी ताराराम पंवार :9246368842
Gpay / phone pay : 9246368842
CHOUDHARY BROTHERS
HNo : 1-307, NH 44, OPP BUS DEPOT, MEDCHAL
SOHANLAL : 9032160794
BEAUTIFUL HOMES

विश्व मंगल गौशाला
सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद (तेलंगाना)
सस्नेह निमंत्रण
आज शनिवार 29 मार्च 2025 प्रातः 11 बजे से
स्नान, दान श्राद्ध अमावस्या
अमावस्या
शुभ स्थल : विश्व मंगल गौशाला सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद
गौ-माता पूजन * भजन * भोजन प्रसादी
सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गौसेवा, दान, पुण्य के भागीदार बनें। सभी धर्मप्रेमियों, गौ-भक्तों से विनती है कि वे दान-पुण्य का कार्य गूगल-पे/फोन-पे द्वारा भी कर सकते हैं। समय निकालकर सपरिवार अवश्य पधारें।
भोजन प्रसादी लाभार्थी : गुप्त दान
हरी घास व्यवस्था : पुष्पक मार्केटिंग मेडचल श्री राकेशजी सी र वी सुपुत्र - पोखारामजी सी र वी
भजन गायक : श्री अमरनाथजी रावल सोजत, गौभक्त
दूरभाष : 9346917593
Bank Details : GOU GRAM VIKAS SEVA SAMITHI
A/c No. 50200063938688 | IFSC : HDFC0009429
HDFC Bank, Kanajiguda Branch

# सुरक्षा बलों ने 45 किलो का आईईडी बरामद कर किया नष्ट

कोत्तागुडेम, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चेरपाल-पालनार मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया। बीजापुर पुलिस ने बताया कि करीब 45 किलो वजनी आईईडी को सीआरपीएफ की 222वीं बटालियन ने देखा जो पालनार कैंप से एरिया डोमिनेशन ड्यूटी पर निकली थी।

लौटते समय सुरक्षाकर्मियों ने चेरपाल से दो किलोमीटर की दूरी पर आईईडी को देखा और बटालियन की बम निरोधक टीम ने इसे सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया।

आईईडी को कमांड स्विच सिस्टम का उपयोग करके स्थापित किया गया था, जिसका स्विच लगभग 150 मीटर की दूरी पर स्थित था। सुरक्षा बलों की सतर्कता के कारण कर्मियों के लिए एक बड़ा खतरा टल गया। नारायणपुर जिले में एक अन्य घटना में कोहकामेटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नारायणपुर कुतुल-बेड़माकोटी मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में बस्तर फाइटर्स का एक जवान घायल हो गया।

जवान को उपचार के लिए नारायणपुर जिला अस्पताल ले जाया गया।

पूर्व तट रेलवे
निविदा सूचना सं.WAT-TRD-95-23-24, दिनांक : 21.03.2025
स्थान के साथ कार्य का नाम: वाल्टियर मण्डल के NG लाइन में पतपटनम-पारलाखेमुन्डी सेक्शन में कि.मी.33/18-19 स्थित मानव युक्त समपार नं.NG-31 के बदले में सीमित ऊँचाई वाले उपमार्ग (LHS) के निर्माण से संबंधित TRD रुपान्तरण कार्य एवं मौजूदा रोड ओवर ब्रिज (ROBs) स्थान 872/23-26 तथा RY/16 से RY/20 विशाखापट्टनम-सिंहाचलम नॉर्थ तक के बीच नागदा जंक्शन (NAD) में प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज के अधीन OHE फीडर लाइन व्यवस्था की रुपान्तरण।
निविदा मूल्य (रुपये में): 48,69,298.33, EMD (रुपये में) : 97,400/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 06 महीने।
निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 15.04.2025 को 1500 बजे ।
निविदा दस्तावेज से संबंधित संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता(TRD)/ वाल्टियर
PR-1136/P/24-25

# खेलों के माध्यम से एक स्वस्थ समाज का निर्माण : गड्डम प्रसाद कुमार

## नेशनल कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल हुए स्पीकर व मंत्री



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गड्डम प्रसाद कुमार ने कहा कि खेलों के माध्यम से एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है और खेलों को बढ़ावा देने का मतलब भावी पीढ़ियों का निर्माण करना है। उन्होंने आज गच्चीबावली इंडोर स्टेडियम में चौथी क्यो राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल के मैदानों से ही स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है और यह खुशी की बात है कि राज्य सरकार खेलों को उच्च प्राथमिकता दे रही है क्योंकि खेल हर उम्र के लोगों के लिए जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों और छात्रों को तेलंगाना राज्य के खेल मैदानों का लाभ उठाना चाहिए। बीसी कल्याण और परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर गौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की रुचि खेलों में है, इसलिए युवाओं को बुरी लतों से हटाकर खेल के मैदानों की ओर मोड़ने के लिए सरकार ने विभिन्न खेल कार्यक्रम शुरू किए हैं। विधान परिषद के सदस्यों, तेलंगाना कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने कहा कि कराटे का खेल तेलंगाना के ग्रामीण इलाकों में बहुत लोकप्रिय है और कई मंडल केंद्रों में कराटे प्रशिक्षण केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की इच्छा तेलंगाना में एशियाई कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन करने की है, जो राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप का सफलतापूर्वक आयोजन कर रहे हैं और जल्द ही एशियाई कराटे चैम्पियनशिप हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शिवसेना रेड्डी ने कहा कि सभी खेल महासंघ हैदराबाद की ओर देख रहे हैं क्योंकि तेलंगाना खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में हैदराबाद में अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन ग्रामीण स्तर से खेलों को उच्च प्राथमिकता देने के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के प्रयासों का हिस्सा है। कार्यक्रम में खेल प्राधिकरण की एमडी श्रीमती सोनी बालादेवी, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अज़हरुद्दीन, ओलंपियन बॉक्सर निकत ज़रीन, कराटे इंडिया संगठन के अध्यक्ष भरत शर्मा सचिव संजीव जांगड़ा, कोषाध्यक्ष बैंकिन के आयोजन सचिव कीर्तन, विभिन्न राज्यों के कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिवों ने भाग लिया।

गावो विश्वस्य मातर ।। जय श्री कृष्ण ।। जय गो माता
श्री गोपाल गौशाला
संत विनोबानगर, रामदास पल्ली के पास, सागर रोड, इब्राहिमपटनम
आज शनिवार, 29 मार्च 2025 को शनि अमावस्या है।
अमावस्या के उपलक्ष्य में सभी गौ प्रेमियों से विनम्र अनुरोध है कि गौसेवा कर पुण्य के भागी बने और हमें सहयोग राशी इन बैंक खाते में जमा करा सकते है।
प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।
विशेष सेवा : गौभक्त अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, अपने पूज्य एवं प्रियजनों की याद में गौशाला में संपूर्ण एक दिन की सेवा हेतु 21,000/- देकर पुण्य एवं शांति का लाभ लेवे।
अन्य सेवा : एक कट्टा घास् का प्रति दिन एक माह तक 500/-
एक गाय की मासिक सेवा 1100/-
गूड़ - दलिया या चुनिभूसा एक दिन की सेवा 3100/-
एक DCM गाडी घाँस या एक समय की संपूर्ण गोवंश की भोजन व्यवस्था 11,000/-
Scan To Pay
SRI GOPAL GOSHALA TRUST MAHESH BANK, VANASTHLIPURAM BRANCH, S/A NO. 025001100001224 IFSC CODE : APMC0000025
निवेदक : श्री गोपाल गौशाला ट्रस्ट (रजि.)
सम्पर्क सूत्र : तुलसीराम बंसल - 9247262215, सतवीर गर्ग - 9346098880, महावीरप्रसाद अग्रवाल - 9246340476, अर्जुन गोयल - 9390389055, विनोद गर्ग (ट्रस्टी-लेखा जोखा) - 9885237833
गोशाला व्यवस्थापक : राजूराम सेपटा - 8019106318, रमेश काबरा - 9290434314 एवं समस्त ट्रस्टीगण

दक्षिण मध्य रेलवे
हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है
नं. वाय/सी.432/ई-नीलामी/एचवायबी/2025 दि.28.03.2025
हैदराबाद डिवीजन ने वाणिज्यिक आय संविदाओं हेतु ई-नीलामी कार्यान्वित की है। ई-नीलामी की अनुसूची निम्न प्रकार है।

| क्रम सं. | श्रेणी | कैटलाग सं. | कार्य विवरण: | नीलामी तिथि: | नीलामी शुरु समय | नीलामी बंद समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएनयु-एचवायबी-केआरएनटी-डब्ल्यूआरएल-19-25-2(पे एण्ड यूज-लाउंजेस/वेटिंग/रिटायरिंग/क्लोक रूम्स) | एचवायबी-डीओआरएम-केआरएनटी | कर्नूल सिटी रेलवे स्टेशन मेन स्टेशन बिल्डिंग के प्रथम तल पर, रिटायरिंग रूम्स/डोर्मिटोरी के रखरखाव का विकास कार्य। | 11.04.2025 | 11.00 | 11.30 |
| 2 | पार्सल | एचवायबी-पार्सल्स-10 | रेल सं. 1) 17652(एफएस एलआर-1) 2) 17653 (एफएस एलआर-1) 3) 16353 (एफएसएलआर-1, एफएसएलआर-2 एण्ड आरएसएलआर-1) 4) 22715(एफएसएलआर) 5) 17028 (एफएसएलआर-1 एण्ड एफएसएलआर-2) 6) 19714(एफएसएलआर) 7) 07053 (टीओडी) (एफएस एलआर-1) | 14.04.2025 | 10.00 | 12.00 |

A0403 हस्ता./- वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद
PUB/0320

# ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुशीराबाद में अपने पति और ससुराल वालों के उत्पीड़न के कारण कथित तौर पर एक बहुमंजिला इमारत से कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश करने वाली नवविवाहिता ने शुक्रवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। सौजन्या (28) की नवंबर 2024 में भोलकपुर के के शबरीश के साथ तय शादी हुई थी और यह जोड़ा मुशीराबाद के भोलकपुर में शबरीश के माता-पिता और भाई-बहनों के साथ रह रहा था। पुलिस के अनुसार, शादी के समय सौजन्या के परिवार ने 5 लाख रुपये नकद और 22 तोला सोने के गहने सहित दहेज दिया था, लेकिन शबरीश और उसके परिवार के सदस्य अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे। वे उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इतना ही नहीं, उन्होंने उसे घर छोड़कर अपने माता-पिता के पास चले जाने को कहा। सौजन्या ने और अधिक उत्पीड़न सहन न कर पाने के कारण गुरुवार शाम को एक बहुमंजिला इमारत से छलांग लगा दी। उसे गंभीर चोटें आईं और उसे गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुशीराबाद पुलिस जांच कर रही है।

आज शनिवार दिनांक 29 मार्च 2025 शनि अमावस्या है
चलिये आप द्वारा ही पशु सेवा एवं चिकित्सा के लिये निर्मित तीर्थमयी स्थल
सत्यम् शिवम् सुन्दरम् गौनिवास, गगनपहाड
सत्यम् शिवम् सुन्दरम् गौ सेवा केन्द्र, बुर्जुगड्डा * माँ सरस्वती पशु चिकित्सालय, बुर्जुगड्डा

हजारों गौवंश एवं कबुतरों को अपने करकमलों से चारा-दाना अर्पण कर पुण्य अर्जित कीजिये ।
सत्यम् शिवम् सुंदरम् गौ निवास
SATYAM SHIVAM SUNDARAM GAUNIVAS
Estd. 2001 Regd. 664/2010
Gagan Pahad, Rajiv Gandhi International Airport Road, R.R. Dist, Hyderabad - 500 052
Cell : 99853 85399, 99894 03635, 94404 37618, 99121 42260 , 92465 22435, 93472 11966 94412 10591, 94414 22085
SATYAM SHIVAM SUNDARAM GAUNIVAS BANKERS : BANK OF BARODA, NALLAKUNTA BRANCH, HYD. A/C. : 75450200001071 IFSC CODE : BARBOVJNAKU
TO AVAIL 80G KINDLY DONATE IN AKSHYA PASHU PAKSHI TRUST BANKERS : CANARA BANK Basheerbagh Branch A/c : 0878132000033 IFSC CODE : CNRB0000878
Scan & Pay

## पटना विवि छात्र संघ चुनाव आज

पटना, 28 मार्च (एजेंसियां)। पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अब 24 घंटे से भी कम समय बच गए हैं। 29 मार्च सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान होगा। सभी कॉलेजों को मिलाकर 42 बूथ बनाए गए हैं। इस बार पटना विश्वविद्यालय के 19059 स्टूडेंट्स वोटिंग करेंगे। विश्वविद्याय प्रशासन की मानें तो विवि के सभी कॉलेज के पदाधिकारियों को चुनाव की जानकारी दी जा चुकी है। इधर, विवि प्रशासन ने शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल देने की मांग की है। पटना पुलिस की टीम भी लगातार विवि में गश्ती कर रही है। मतदान के वक्त भी अतिरिक्त बलों की तैनाती की जाएगी।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 अप्रैल को बिहार आएंगे



पटना, 28 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 अप्रैल को बिहार आ रहे हैं। पटना के एसकेएम हॉल में पार्टी की ओर से आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में शामिल होंगे। राहुल गांधी का इस साल ये तीसरा दौरा है। इससे पहले 18 जनवरी और 5 फरवरी को पटना पहुंचे थे। कांग्रेस ने संविधान सुरक्षा, सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए कार्य करने वाले सभी संगठनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील है। कांग्रेस का कहना है कि 'ऐसे संकट के समय जब संविधान पर खतरे के गिद्ध मंडरा रहे हों, न्याय योद्धा राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे संविधान सुरक्षा आंदोलन में भागीदार बनें।'

**बिहार कांग्रेस को पूरी तरह से बदलने की तैयारी**

चुनावी साल में राहुल के दौरे का काफी अहम माना जा रहा है। 18 जनवरी और 5 फरवरी के बिहार दौरे के बाद प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को बदल दिया था। अब जिलाध्यक्षों की नई टीम तैयार करने के लिए स्क्रूटनी कमिटी बनाई गई है। विधानसभा चुनाव से पहले कन्हैया कुमार को भी एक्टिव कर दिया गया। 2 दिन पहले बिहार के नेताओं के साथ दिल्ली में हुई बैठक में भी राहुल गांधी के तेवर दिखे थे। ज्यादा देर तक भाषण देकर माहौल बनाने वाले नेताओं को उन्होंने टोका भी था। मीटिंग में पिछड़ी जाति से पांच और अतिपिछड़ा से एक नेता ही मौजूद थे। इस स्थिति को ठीक करने पर भी जोर दिया था। इसका असर जिलाध्यक्षों के चयन में भी दिखेगा।

**सामाजिक न्याय की धारा को मजबूत करने आ रहे राहुल गांधी**

कांग्रेस नेता मंजीत आनंद साहु ने कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि राहुल गांधी विधानसभा चुनाव से पहले कई बार बिहार दौरे पर आएंगे। उनकी प्राथमिकता में बिहार कांग्रेस काफी महत्व रखता है। खास तौर से सामाजिक न्याय की धारा को मजबूत करने और संविधान बचाने की मुहिम को तेज करने के लिए आ रहे हैं। विधानसभा चुनाव की तैयारी में कांग्रेस पूरी ताकत से लग चुकी है।

**आरजेडी के दबाव से कांग्रेस को मुक्त करने की तैयारी**

बिहार में कांग्रेस पर आरोप लगता रहा है कि पार्टी में लालू यादव का हस्तक्षेप है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी इससे कांग्रेस को बाहर निकालना चाहते हैं। कांग्रेस महागठबंधन में रहकर ही चुनाव लड़ेगी, लेकिन कई बातें अभी साफ होना बाकी है।

## मध्य प्रदेश में मोहन यादव सरकार के इस फैसले की अखिलेश यादव ने उड़ाई खिल्ली, कहा- वो अब धोखा देंगे



लखनऊ, 28 मार्च (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के फैसले पर तंज कसा है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने एक पोस्ट के जरिए कहा कि भाजपावाले अब बेरोज़गारों का नाम बदलकर जनता को धोखा देंगे। उन्होंने लिखा कि सच तो ये है कि 'आकांक्षी युवाओं' की एक ही आकांक्षा है कि भाजपा को कैसे जल्दी से जल्दी हटाएं क्योंकि वो जान गये हैं कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में ही नहीं है क्योंकि वो नौकरी ख़त्म करने के बहाने दरअसल आरक्षण ख़त्म करना चाहते हैं। आकांक्षी युवा कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा! एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है मध्य प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को अब आकांक्षी युवा कहा जाएगा। एमपी में कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि रोजगार कार्यालय में बेरोजगारों की रजिस्ट्रेशन की संख्या से अलग बेरोजगारों की संख्या है। अगर बेटा अपने पिता की दुकान पर काम करता है और कार्यालय में उसने पंजीकरण भी कराया है तो वह बेरोजगार नहीं हुआ है।

## सीमेंट से लदा ट्रक पेड़ से टकराया, भीषण दुर्घटना के बाद ट्रक में लगी आग, दो की मौके पर मौत

सुल्तानपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। सुल्तानपुर जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ-बलिया हाइवे पर सीमेंट से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर एक पेड़ के बाद दूसरे पेड़ में टकरा गया। जिससे ट्रक के परखचे उड़ गए। हादसा के बाद ट्रक में आग भी लग गई। जिसे फायर ब्रिगेड ने पहुचकर बुझाया। दुर्घटना में चालक समेत दो की मौके पर ही मौत हुई है। दोनों के शव ट्रक में फंसे हैं, निकालने का प्रयास जारी है। वहीं गंभीर रूप से दो घायलों को सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। सीमेंट लदा ट्रक शुक्रवार सुबह लखनऊ बलिया राजमार्ग के रास्ते सुल्तानपुर की ओर जा रहा था।

## नाइट ड्यूटी के लिए गई युवती का संदिग्ध हालत में मिला शव

प्रतापगढ़, 28 मार्च (एजेंसियां)। यूपी के प्रतापगढ़ जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि युवती नाइट ड्यूटी के लिए घर से निकली थी, जिसका शव मिला है। वहीं परिजनों ने युवती के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई है। इस घटना के बाद नाराज परिजनों ने सड़क पर हंगामा करना शुरू कर दिया है। तनाव के बीच पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प भी हुई है। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया, जिसमें सीओ रानीगंज को गंभीर चोटें भी लगी हैं।



दरअसल, पूरा मामला रानीगंज इलाके के दुर्गागंज का बताया जा रहा है। यहां पर मां मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक एवं हॉस्पिटल में गुरुवार शाम को नाइट ड्यूटी करने गई बांसी निवासी एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवती शाम को 8 बजे निकली थी और रात 11 बजे उसका शव बरामद हुआ। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने आधी रात को हंगामा करना शुरू कर दिया। वारदात के 12 घंटे बाद भी शव को कब्जे में लेने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। युवती की मौत के बाद हंगामा कर रहे परिजनों ने रेप और मर्डर का आरोप लगाया है।

# बीजेपी सांसद सतीश गौतम की मुश्किलें बढ़ीं

## शैक्षिक जानकारी छिपाने के मामले में होगी सुनवाई



अलीगढ़, 28 मार्च (एजेंसियां)। यूपी के अलीगढ़ से बीजेपी सांसद सतीश गौतम की मुश्किलें बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। कोर्ट ने उनके खिलाफ दायर एक याचिका को स्वीकार कर लिया है। यह याचिका भ्रष्टाचार विरोधी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित केशव देव गौतम द्वारा दायर की गई थी। मामला 2024 के संसदीय चुनावों के दौरान सांसद सतीश गौतम द्वारा दाखिल किए गए नामांकन पत्र से जुड़ा है, जिसमें उनकी शैक्षिक योग्यता का विवरण स्पष्ट रूप से नहीं दर्शाया गया था। दरअसल पूरा मामला 2024 के लोकसभा चुनावों का है जहां अलीगढ़ संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी सतीश गौतम ने नामांकन दाखिल किया था। नामांकन पत्र भरते समय हर प्रत्याशी को अपनी शैक्षिक योग्यता, आपराधिक मामलों, संपत्ति और देनदारियों की जानकारी देनी होती है। याचिकाकर्ता ने सतीश गौतम पर शैक्षिक योग्यता की जानकारी को छिपाने का आरोप लगाया है।

**नामांकन में शैक्षिक जानकारी छिपाने का आरोप**

पंडित केशव देव गौतम ने मांग की कि सांसद द्वारा प्रस्तुत नामांकन पत्र की पुनः जांच की जाए और यदि उसमें कोई भी त्रुटि या गड़बड़ी पाई जाती है तो उसके आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। याचिका में यह भी कहा गया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहनी चाहिए। यदि कोई प्रत्याशी जानबूझकर कोई महत्वपूर्ण जानकारी छिपाता है तो उसे चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने का अधिकार नहीं होना चाहिए। एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई योग्य माना और कई सुनवाई की तारीखों के बाद इस पर कार्यवाही शुरू करने का निर्णय लिया। अदालत ने कहा कि चूंकि मामला एक निर्वाचित प्रतिनिधि से संबंधित है और इसमें चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए गए हैं, इसलिए यह एक गंभीर विषय है और इस पर उचित कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। अगली सुनवाई 10 अप्रैल को निर्धारित की गई है, जिसमें इस मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और साक्ष्यों पर चर्चा की जाएगी। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि यदि किसी जनप्रतिनिधि द्वारा अपने नामांकन पत्र में कोई गलत जानकारी दी जाती है या किसी जानकारी को छिपाया जाता है, तो यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत एक गंभीर अपराध माना जाता है। अगर अदालत यह पाती है कि सांसद सतीश गौतम ने जानबूझकर अपनी शैक्षिक योग्यता को छिपाया है, तो उनके खिलाफ चुनाव आयोग भी कार्रवाई कर सकता है। इसके अलावा, अगर यह साबित होता है कि यह गलती जानबूझकर की गई थी, तो उनकी सांसद सदस्यता भी रद्द हो सकती है।

## पिता को बचाने ट्रेन से कूदी किशोरी से रेलवे स्टेशन पर दुष्कर्म

बरेली, 28 मार्च (एजेंसियां)। परिवार के साथ पूर्णागिरि से लौट रही एटा की 14 वर्षीय किशोरी से बरेली सिटी स्टेशन के पास किसी वहशी ने दुष्कर्म किया। सूचना पर जीआरपी ने उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे निजी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बरेली सिटी स्टेशन के आरपीएफ स्टाफ के मुताबिक, बृहस्पतिवार रात साढ़े नौ बजे एक किशोरी बदहवास अवस्था में उनके पास आई और बताया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। आरपीएफ की सूचना पर जीआरपी की टीम किशोरी को लेकर जिला महिला अस्पताल पहुंची। एसपी जीआरपी भी मुरादाबाद से बरेली आ गए। तब तक किशोरी के पिता भी अस्पताल पहुंच गए। एसपी की मौजूदगी में महिला पुलिस कर्मियों ने किशोरी के बयान दर्ज किए। उसने बताया कि पिता, मौसी व रिश्तेदारों के साथ वह ट्रेन से पूर्णागिरि मेले से लौट रही थी। सिटी स्टेशन पर ट्रेन रुकी तो पिता कुछ सामान लेने नीचे उतरे। ट्रेन चलने लगी तो उसमें सवार होने की कोशिश में उनका पैर फिसल गया। यह देखकर किशोरी भी ट्रेन से कूद गई। किशोरी ने एसपी को बताया कि वह प्लेटफॉर्म से आगे आउटर पर गिरी। वहां मिले वहशी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। एसपी ने बताया कि किशोरी की हालत में सुधार होने पर उससे आरोपी के हुलिये की जानकारी लेंगे। तब तक जीआरपी टीम स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी की तलाश में जुटी है। जीआरपी ने घटना की जानकारी के बाद स्थानीय पुलिस से दूरी बनाए रखी। शुरू में कोतवाली प्रभारी से लेकर किसी अधिकारी को घटना के बारे में नहीं बताया गया।

# बिहार में लू और मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, अस्पतालों में की गई विशेष तैयारी



पटना, 28 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में इन दिनों गर्मी का सितम जारी है, गुरुवार को बक्सर का तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 2-3 दिनों में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच जाएगा। गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही बीमारियां भी बढ़ जाती हैं, जिसे लेकर सरकार अलर्ट मोड पर है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि गर्मी से होने वाली बीमारियों को लेकर विभाग अलर्ट है। गर्मी के दौरान आमजन को होने वाली समस्याओं के निदान के लिए सरकार ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

एडवाइजरी के तहत तहत गर्मी का महीना शुरु होने के पहले ही गर्मी से प्रभावित मरीजों से निपटने की विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिला, वरिष्ठ नागरिकों के बीच हीट रिलेटेड इलनेस केस के प्रबंधन के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए विशेष जागरूकता कैंप भी लगाए जाएंगे। हेल्थ एडवाइजरी नेशनल एक्शन प्लान हीट रिलेटेड इलनेस के आधार पर तैयार किया गया है। जिलाधिकारी डॉ। चंद्रशेखर सिंह ने भी भीषण गर्मी एवं हीटवेब (लू) की संभावना के मद्देनजर आम जनता की सुरक्षा के लिए विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारियों को दायित्व सौंप दिया है।

गर्मी के मौसम में लू से क्षति को रोकने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया तथा अन्य विभागों द्वारा निर्गत मार्ग दर्शिका के अनुसार कार्रवाई एवं सतर्कता की जरूरत है। त्रुटिरहित आपदा प्रबंधन के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य, पशु एवं मत्स्य संसाधन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, नगर विकास, शिक्षा, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, अग्निशमन सहित सभी विभागों के जिला-स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है। साथ ही प्याऊ की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## चारा घोटाले में दोषियों की संपत्ति जब्त करने का समर्थन किया मंत्री नितिन नवीन ने



पटना, 28 मार्च (एजेंसियां)। बिहार सरकार चारा घोटाला मामले में 950 करोड़ रुपये की वसूली जब्त के लिए कोर्ट का रुख करेगी। इसको लेकर बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि जिन लोगों ने भी गरीब जनता का पैसा ठगा है निश्चित रूप से सरकार उस संपत्ति को कानून के दायरों के तहत अपने कब्जे में लेगी। जब उनसे पूछा गया कि शिव सेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने कहा है 'सौगत-ए-मोदी' नहीं सौगात-ए-सत्ता है। इसको लेकर मंत्री ने कहा कि इन्हीं बयानों के कारण तो उनकी (उद्धव ठाकरे) आज यह स्थिति है। जिन्होंने सत्ता में खुद बैठने के लिए कांग्रेस का दामन थामा, बाला साहेब ठाकरे ने जिस कांग्रेस के विरोध में लगातार अपनी आवाज बुलंद की थी उसी कांग्रेस के आगे उन्होंने (उद्धव ठाकरे) घुटने टेक दिए, वे क्या बताएंगे कि सत्ता का विषय क्या है। इससे पहले वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पर मुस्लिम संगठनों के धरना प्रदर्शन में आरजेडी के शामिल होने पर भी मंत्री नितिन नवीन ने निशाना साधा था। यह कहा था कि विपक्ष पूरी तरह से घड़ियाली आंसू बहा रहा है। उन्हें केवल मुस्लिम वोट बैंक की चिंता है। वो वोट की खातिर ये खेल खेल रहे हैं अगर उनकी समाज के प्रति चिंता होती तो कभी मुस्लिम के उत्थान के लिए कुछ किया होता। लालू यादव को भारत रत्न देने की मांग पर उन्होंने कहा कि लालू यादव की पार्टी के लोग सिर्फ चाटुकारिता, चापलूसी और लालू चालीसा पढ़ने वाले लोग हैं। ऐसे

# गाजियाबाद में हादसा: कपड़ा फैक्ट्री में बायलर फटने से 3 की मौत, कई घायल



गाजियाबाद, 28 मार्च (एजेंसियां)। गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र के दतेड़ी गांव में एक कपड़ा फैक्ट्री में बायलर फटने से तीन मजदूरों की मौत होने की खबर है। हादसे में कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस जांच कर रही है कि बायलर कैसे फटा। जानकारी मिलते ही सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। मौके पर मृतक मजदूरों के परिजन भी पहुंच गए। उन्होंने शवों को उठने नहीं दिया। वह फैक्ट्री संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई। पुलिस के अधिकारी गुस्साए लोगों को शांत कराने में लगे हैं। हादसे में घायल हुए मजदूरों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसा सुबह करीब 5 बजे होना बताया जा रहा है। यह एक दुखद घटना है, जिससे फैक्ट्री सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।बताया जा रहा है कि जिस वक्त हादसा हुआ उस दौरान मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। अचानक बायलर फट गया, जिससे उसकी चपेट में फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर आ गए।

**हादसे में तीन मजदूरों की मौत**

जानकारी के मुताबिक, फैक्ट्री में दो शिफ्टों में काम होता है। रात की शिफ्ट वाले कर्मचारी काम कर रहे थे, तभी अचानक धमाके के साथ बायलर फटने से फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। वहां मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। कई मजदूरों के गंभीर चोटें आईं। इनमें तीन मजदूरों की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल मजदूरों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। उनका इलाज चल रहा है। जिस फैक्ट्री में हादसा हुआ, वहां गत्ते के रोल बनाए जाते हैं।

**परिजनों ने किया हंगामा**

पुलिस मृतक मजदूरों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी करने लगी। जैसे शवों को उठाया गया तभी मृतकों के परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि कंपनी की ओर से उन्हें सेफ्टी उपकरण नहीं दिए गए थे।

## दोस्त को भाई मानता था, बीवी को ही लेकर हुआ फरार; पीड़ित ने कहा- 'तो मेरी भी लाश ड्रम में मिलती'

गाजीपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। एक शख्स ने अपने ही दोस्त को धोखा दिया और उसकी बीवी को अपने साथ भगा लाया। पीड़ित बिहार के बक्सर जिले का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि दोनों दोस्त मध्य प्रदेश के इंदौर में एक साथ काम करते थे। इस दौरान दोनों में दोस्ती हुई और पीड़ित अपने दोस्त को भाई से भी बढ़कर मानता था। करीब ढाई साल पहले उसने एक महिला से लव मैरिज की। इस दौरान भी दोस्त का उसके घर पर आना-जाना लगा रहता था। इसी बीच दोस्त और पीड़ित की बीवी के बीच नजदीकियां बढ़ीं और अब उसके दोस्त ने ही उसकी बीवी को भगा लिया। अपनी पत्नी को खोजते हुए बक्सर के मंगल यादव इंदौर से यूपी के गाजीपुर जिले में पहुंचा। यहां मरदह भवानीपुर में स्थित वह अपने दोस्त के घर गया, जहां उसकी बीवी भी मौजूद थी। जब उसने अपनी पत्नी को वापस ले जाने की कोशिश की, तो पत्नी ने उसके साथ जाने से साफ इनकार कर दिया। मंगल का कहना है कि अजय यादव, जो पहले उसके घर आता-जाता था, धीरे-धीरे उसकी पत्नी के करीब आ गया। बाद में अजय ने उसे बहला-फुसला लिया और अपने साथ ले गया। पीड़ित मंगल यादव ने कहा कि अच्छा हुआ कि उसकी बीवी पहले ही भाग गई। अगर उसकी पत्नी समय रहते भाग न जाती, तो शायद उसकी लाश भी किसी ड्रम में मिलती। बताया जा रहा है कि ढाई साल पहले प्यार की खातिर मंगल यादव की पत्नी सीता देवी ने घर छोड़ दिया था। उसने मंगल यादव के साथ शादी के बाद नया जीवन शुरू किया, लेकिन वही पत्नी उसके सबसे करीबी दोस्त के साथ फरार हो गई। मंगल यादव के मुताबिक, उसकी पत्नी छह महीने की गर्भवती थी। वहीं उसका दोस्त और वह दोनों इंदौर में नौकरी कर रहे थे। मंगल यादव का कहना है कि जिस दोस्त को वह भाई जैसा मानता था,जिसके साथ उसने एक थाली में खाना खाया, उसी ने उसकी दुनिया उजाड़ दी।

# एक भी ट्रांसफार्मर फुंका तो अधिकारी भी फुंकेगा

## बिजली कटी तो ऊर्जा मंत्री की धमकी टॉर्च से खोजना पड़ा था जूता



लखनऊ, 28 मार्च (एजेंसियां)। योगी सरकार के ऊर्जा मंत्री ने बिजली विभाग के अफसरों को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने धमकी भरे अंदाज में कहा है कि अगर एक ट्रांसफार्मर फुंका तो साथ में एक अधिकारी भी फुंकेगा। ऊर्जा मंत्री के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। उनके कार्यक्रम के दौरान बिजली कट गई, जिसके बाद उनके तेवर बदल गए। बिजली कट होने पर दो अफसरों पर गाज गिरी थी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपने कार्यकाल के आठ साल पूरे होने पर लोगों तक उपलब्धियों को गिना रही है। हर जिले में बीजेपी कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस बीच मऊ में ऊर्जा मंत्री के कार्यक्रम में उनके ही विभाग ने खलल डाल दी। मंत्रीजी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे, तभी अचानक बिजली गुल हो गई और अंधेरा छा गया। उन्हें मोबाइल के टॉर्च की रोशनी में अपना भाषण पूरा करना पड़ा। इतना ही नहीं जब ऊर्जा मंत्री मंदिर में दर्शन करने पहुंचे तो अंधेरे में उनका जूता गुम हो गया।

**ट्रांसफार्मर फुंका तो अधिकारी भी फुंकेगा**

उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मऊ के सोनी धापा मैदान पहुंचे। उन्होंने मंच से कहा कि अब किसी भी गलती पर क्षमा बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने धमकी भरे अंदाज में मंच से कहा कि अब अगर ट्रांसफार्मर जलता है, तो साथ-साथ एक अधिकारी भी फुंकेगा। उन्होंने बिजली कट होने पर कहा कि इस मामले में दो लोगों को निलंबित किया गया है। अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस का समय है, चाहे वह किसी भी विभाग का भ्रष्टाचारी हो। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली विभाग में 3300 से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार के मामले में नौकरी से निकाला गया है। लगभग 8590 लोगों पर एफआईआर किया गया है, उसमें भी 50 लगभग सरकारी कर्मचारी और अधिकारी हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली विभाग में अकेले एफआईआर किया है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है।

**ऊर्जा मंत्री के भाषण में हो गई बिजली गुल**

ऊर्जा मंत्री का अपने गृह जिले में तीन दिन का कार्यक्रम लगा है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों को लोगों को बताया। वह जब जिले के हनुमान घाट मोहल्ला स्थित हरिकेशपुर टीसीआई मोड़ पर कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर थे, तभी अचानक बिजली कट गई। कार्यक्रम स्थल पर अंधेरा छा गया। वहां मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल की टॉर्च निकालकर जलाई, तब कहीं रोशनी में उनका भाषण पूरा हो सका। इसके बाद जब वह मंदिर में दर्शन करने पहुंचे तो अंधेरे में जूता गुम हो गया, जिसे मोबाइल के टॉर्च की रोशनी में तलाशा गया। बिजली विभाग की इस लापरवाही पर एसडीओ और जेई को निलंबित कर दिया। वहीं, दो अन्य अधिकारीयों से स्पष्टीकरण मांगा है।

## बॉयफ्रेंड की पहले से थी लिव-इन पार्टनर गर्लफ्रेंड को लगी भनक तो कराई रिपोर्ट

कानपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर लड़के-लडकियों के बीच दोस्ती, प्यार और धोखे के मामले लगातार आ रहे हैं। अब नया मामला उत्तर प्रदेश के कानपुर से आया है। यहां एक लड़के और लड़की ने पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती की और फिर दोनों करीब आ गए। जब युवती को पता चला कि प्रेमी के दूसरी युवतियों से भी संबंध है तो उससे दूरियां बनाने शुरू कर दी। यह बात युवक को नागवार गुजरी और उसने फोटो वीडियो होने की धमकी देकर दोस्तों से संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। पीड़ित लड़की ने पुलिस से शिकायत की है। कानपुर के बर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली युवती की दोस्ती कुछ समय पहले कानपुर के हिंसकेट नगर निवासी हर्ष शर्मा से हुई थी। कुछ समय बाद दोनों करीब आ गए और साथ में घूमने, खाने, पीने लगे। इस दौरान हर्ष ने युवती के साथ कुछ फोटो और वीडियो भी बना लिए। कुछ समय बाद युवती को पता चला कि हर्ष के संबंध एक और लड़की के साथ भी है, जिसके साथ वो लिव इन में रहता है। जब उसने हर्ष से इस बारे में पूछा तो वो टाल मटोल करने लगा। पीड़िता के मुताबिक, एक दिन लिव इन में रहने वाली उस लड़की ने पीड़िता को फोन करके कहा कि तुम हर्ष की जिंदगी से चली जाओ।जब यह सब पीड़िता को पता चला तो उसने हर्ष से दूरियां बनाना शुरू कर दी। यह बात हर्ष को नागवार गुजरी।

आरोप है कि उसने युवती को धमकाना शुरू कर दिया। उसने पीड़िता से कहा कि तुमको आना पड़ेगा और मेरे दोस्तों के साथ संबंध बनाने होंगे वरना मैं सोशल मीडिया पर तुम्हारी फोटो और वीडियो वायरल कर दूंगा। पीड़िता के अनुसार, उसने इस संबंध में हर्ष के परिजनों से भी शिकायत की थी, लेकिन वो कहते है कि वैसा ही करो जैसा हर्ष कहता है। इस मामले में परेशान होकर युवती ने बर्रा थाने में तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस के कहना है कि जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

# मोहन यादव सरकार में मंत्री करण सिंह वर्मा नहीं लड़ेंगे अगला चुनाव, खुद बताई वजह



भोपाल, 28 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने अपने राजनीतिक करियर को लेकर बड़ा ऐलान किया है। करण सिंह वर्मा ने कहा कि वह अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने अपनी सेहत का हवाला दिया है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर ने उन्हें घुटने के ऑपरेशन की सलाह दी है। करण सिंह वर्मा इच्छावर से विधायक हैं। करण सिंह वर्मा ने अपनी उम्र और स्वास्थ्य का हवाला देते हुए आगे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि घुटनों में दर्द रहता है। जांच कराई है डॉक्टर ने ऑपरेशन करवाने के लिए कहा है। यह बात मुक्तिधाम के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान मंच से उन्होंने कही। इच्छावर में एक करोड़ से अधिक की लागत पर मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाएगा। करण सिंह वर्मा ने कहा कि यहां की जनता की आखिरी समय तक सेवा करनी है। आगे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाउंगा। हालांकि बाद में वे बोले कि अभी मेरी उम्र ही क्या है। एक साल 4 महीने ही तो हुए हैं। पांच साल के लिए तो बना हूं। राजस्व मंत्री की बात सुन वहां मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि आपके वोट से सरकार बनती है। आपके वोट से लोकप्रिय प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने आगे किसानों की समस्या पर बात करते हुए कहा कि किसान का सोयाबीन कम दाम में बिक रहा है। इच्छावर को सुंदर बनाने का संकल्प लिया और कहा कि अंतिम सांस तक काम करूंगा। इस कार्यक्रम में बीजेपी के कई बड़े नेता शामिल थे।

**1985 से विधायक निर्वाचित हो रहे हैं करण सिंह वर्मा**

करण सिंह वर्मा मध्य प्रदेश के 8 बार के विधायक हैं। 1985 से 2023 के बीच करण सिंह वर्मा ने इच्छावर सीट पर केवल एक बार चुनाव नहीं जीता है। 1985 से 2008 तक छह चुनाव और फिर 2018 और 2023 का चुनाव उन्होंने बीजेपी के टिकट से जीता है।

## दिल्ली पुलिस और वांटेड बदमाश में हुई मुठभेड़, मायापुरी थाने में फायरिंग के एक मामले में है आरोपी

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। बीती रात दिल्ली पुलिस के पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ की देर रात एक वांटेड बदमाश से मुठभेड़ हुई है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद वांटेड बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश को पैर में गोली लगी है जबकि एनकाउंटर के दौरान पुलिसकर्मी को भी बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोली लगी। गनीमत रही कि उसकी जान बच गई। जानकारी दें दि कि गुरुवार और शुक्रवार की रात पुलिस टीम ने एक ठिकाने पर छापा मारा था, जिस दौरान यह मुठभेड़ हुई। दिल्ली पुलिस के मुताबिक बदमाश आकाश झा को 2024 में मायापुरी थाने में फायरिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और नवंबर 2024 में वह जेल से बाहर आया था।

# पत्नी की हत्या कर सूटकेस में किया पैक, फिर बेंगलुरू से पहुंचा महाराष्ट्र, पुलिस के सामने किया सरेंडर



बेंगलुरू, 28 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेंगलुरू में एक दिल दहला देने वाली घटना देखने को मिली है। दरअसल यहां हुलिमावु इलाके में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या की। इसके बाद उसकी लाश को सूटकेश में भरकर वहां से फरार हो गया। बता दें कि यह घटना 26 मार्च की है। इस घटना को अंजाम देने के आरोपी पुणे पहुंचा और फिर वहां से उसने फोन करके अपने ससुरालवालों को मर्डर की जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, 26 मार्च को पति राकेश और पत्नी गौरी अनिल सम्बेकर के बीच बहसबाजी हुई थी। कुछ ही देर में बहस बढ़ गई और आरोपी पति ने पत्नी के पेट में चाकू घोंपा और उसका गला रेत दिया। इसके बाद राकेश ने पत्नी के शव को सूटकेस में भरकर बाथरूम में रख दिया और वहां से फरार हो गया। इसके बाद 27 मार्च को जिस मकान में पति-पत्नी रहते थे, उसके मालिक ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया। इसके बाद हुलिमावु पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस राकेश के घर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसी। जैसे ही पुलिस की टीम बाथरूम में पहुंची तो वहां एक बड़ा सूटकेस पड़ा मिला। इसके बाद पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाई और गौरी के शव को सूटकेस से बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, शव के टुकड़े नहीं किए गए थे। शव पूरी तरह साबुत था। वहीं मृतक महिला के शरीर पर चाकू के तीन वार कि गए थे। इसके बाद आनन-फानन में पुलिस की एक दूसरी टीम ने पति राकेश के फोन को सर्विलांस पर लगाया जो कि लगातार ऑन था। जानकारी के मुताबिक, पत्नी का मर्डर करने के बाद राकेश कार लेकर बेंगलुरू से निकल गया। और वो मुंबई होते हुए महाराष्ट्र के शिरवाल पुलिस स्टेशन पहुंचा। वहां जाकर उसने बताया कि उसने अफनी पत्नी का मर्डर किया है और फिर बेहोश होकर गिर गया। इसके बाद पुलिस की टीम उसे सतारा सरकारी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि राकेश ने जहर खा लिया है। इसके बाद राकेश को पुणे के ससून अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इस मामले में अबतक पुलिस की जांच में पता चला है कि राकेश और गौरी की 2 साल पहले अरेंज मैरेज हुई थी, जो कि महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक, वो पहले मंबई में रहते थे और तकरीबन डेढ़ महीने पहले ही दोनों बेंगलुरू आए थे। गौरी पहले एक प्राइवेट कंपनी में काम कर रही थी। इसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी और दूसरी नौकरी ढूंढ रही थी। इसी बात को लेकर राकेश और गौरी में बहस होती रहती थी। 26 मार्च को डिनर करते समय भी दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद राकेश ने कथित तौर पर गौरी पर हाथ चला दिया, जिससे नाराज गौरी ने डाइनिंग टेबल पर रखे किचन नाइफ को राकेश की ओर पेंक दिया।

# वलसाड के अपार्टमेंट में मिला एक ही परिवार के सभी लोगों का शव, पुलिस को इस बात का है संदेह

वलसाड, 28 मार्च (एजेंसियां)। गुजरात के वलसाड जिले के उमरगाम के बाहरी इलाके में स्थित नीलकंठ अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर रहने वाला एक पूरा परिवार मृत अवस्था में मिला। परिवार के मुखिया शिवम विश्वकर्मा, उनकी पत्नी आरती और उनका दो साल का मासूम बच्चा मृत पाए गए हैं, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोसियों को शक हुआ। उन्होंने दरवाजा खटखटाया और आवाज दी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद पड़ोसियों और परिवार के परिचितों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने पर जब दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर का दृश्य देखकर हर कोई चौंक गया। वहां 28 वर्षीय शिवम विश्वकर्मा फांसी के फंदे पर लटके मिले, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे की लाश भी घर में ही पाई गई। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के झांसी के रहने वाले इस परिवार के सभी सदस्यों की मौत से इलाके में गम का माहौल है। वलसाड जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और उमरगाम पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आत्महत्या के कारण का पता लगाने के लिए पुलिस ने पड़ोसियों और मृतकों के परिचितों से पूछताछ शुरू की है। पड़ोसियों के अनुसार, शिवम विश्वकर्मा उमरगाम की एक कंपनी में काम करते थे और उनका पड़ोसियों से अच्छा संबंध था। वह एक शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और सभी के साथ घुल-मिलकर रहते थे। हालांकि, पड़ोसियों और परिचितों के अनुसार, शिवम ने फॉरेक्स निवेश में बड़ा पैसा लगाया था, जिससे वह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। पुलिस को संदेह है कि आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया होगा। इस मामले में पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराने के साथ-साथ आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि आत्महत्या के सही कारणों का पता लगाया जा सके। गुजरात और पूरे देश में परिवारों की सामूहिक आत्महत्याओं के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं। अधिकतर मामलों में इन आत्महत्याओं के पीछे आर्थिक तंगी को कारण बताया जाता है। उमरगाम में हुई इस सामूहिक आत्महत्या को लेकर भी चर्चा है कि इसका कारण आर्थिक संकट हो सकता है। मृतक शिवम के एक मित्र के अनुसार, उनका फॉरेक्स मार्केट में बड़ा निवेश था, लेकिन हाल ही में वैश्विक बाजार में भारी मंदी के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ा था। संभावना जताई जा रही है कि इस मंदी के चलते ही यह परिवार बर्बाद हुआ।

## बुजुर्ग से मांगी लिफ्ट, फिर रेप केस में फंसाने की धमकी देकर मांगे 10 लाख रुपये

निवाड़ी, 28 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले में पुलिस ने बुजुर्ग से लिफ्ट मांगकर रेप और छेड़खानी के आरोपों में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। आरोपियों ने बुजुर्ग को रेप के आरोप में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग की थी। पुलिस ने गिरोह के 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक महिला आरोपी फरार होने में कामयाब हो गई। घटना का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी ने बताया कि 24 मार्च 2025 को टीकमगढ़ जिले के बम्होरी कला गांव के रहने वाले बुजुर्ग रामकिशोर राजपूत अपनी बाइक से टेहरका जा रहे थे, तभी रास्ते में एक लड़की ने उनसे लिफ्ट मांगी। थोड़ी दूर चलने के बाद लड़की ने उनकी बाइक रुकवाई और अपने तीन साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने बुजुर्ग को घेर लिया और धमकी दी की अगर 10 लाख रुपये नहीं दिए तो उनके खिलाफ रेप और छेड़खानी का केस दर्ज करवा देंगे। बुजुर्ग ने अपने बेटे को फोन कर 10 लाख रुपये लाने को कहा, जब हरिशंकर अपनी बुलेरो लेकर आरोपियों के बताये हुए स्थान पर अपने गांव वालों के साथ पहुंचा तो ग्रामीणों को आता देख आरोपियों ने बुजुर्ग की बाइक, मोबाइल और अपनी बाइक लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने टेहरका थाने में पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक महिला आरोपी फरार हो गए। एडिशनल एसपी का कहना है कि फरियादी का बेटा गाड़ी में 10-12 लोगों को एक साथ लेकर आया था। ऐसी स्थिति में आरोपी मौके से फरियादी की बाइक और मोबाइल लेकर के फरार हो गए। इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# नागपुर हिंसा मामले में तीसरी बड़ी गिरफ्तारी, पुलिस ने भीड़ को उकसाने के आरोपी फैजान को दबोचा



नागपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपुर में बीते दिनों हुई हिंसा के मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। हिंसा के मामले में पुलिस ने अब तक 100 से भी ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने नागपुर हिंसा के इस मामले में तीसरी बड़ी गिरफ्तारी की है। नागपुर हिंसा के करीब दस दिन बाद पुलिस ने फैजान खतीब को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार फैजान खतीब वो व्यक्ति है जिसने भीड़ को उकसाया था। आपको बता दें कि नागपुर हिंसा मामले में पुलिस की जांच जारी है और पुलिस लगातार आरोपियों को हिरासत में ले रही है। पुलिस ने नागपुर हिंसा के मामले में फैजान खतीब के साथ एक अन्य आरोपी शाहबाज काजी को भी गिरफ्तार किया है। फैजान खतीब अकोला में रहता हैं, लेकिन वह ईद के लिए एक महीने पहले नागपुर में अपने पैतृक गांव आया था। बीते 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने कथित मास्टरमाइंड फहीम खान और माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हामिद इंजीनियर को गिरफ्तार किया था। इन दोनों के बाद अब फैजान खतीब को पकड़ा जाना इस पूरे मामले में तीसरी बड़ी गिरफ्तारी मानी जा रही है।

**क्यों हुई थी नागपुर में हिंसा?**

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में बीते 17 मार्च की रात कई इलाकों में पथराव और आगजनी की घटनाएं देखने को मिली थीं। दरअसल, छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की जा रही थी। इसे लेकर नागपुर में वीआईपी के प्रदर्शन में औरंगजेब का पुतला दहन किया गया। हालांकि, इस दौरान पवित्र पुस्तक की पंक्तियां लिखी चादर जलाए जाने की अफवाह फैल गई। इसके बाद हिंसक भीड़ ने शहर में जमकर उत्पात मचाया। हिंसा में कई लोग और 33 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इस हिंसा के आरोप में अब तक 100 से ज्यादा आरोपियों को पकड़ा जा चुका है।

## जिला अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से विस्फोट स्टाफ ने जान पर खेलकर दस बच्चों को बचाया

अशोकनगर, 28 मार्च (एजेंसियां)। अशोक नगर में जिला अस्पताल में बड़ा विस्फोट हुआ। यहां शॉर्ट सर्किट की वजह से एसएनसीयू में जोरदार धमाका हुआ। गनीमत रही कि इस धमाके के बाद भी एक बड़ा हादसा होने से टल गया। नर्स और स्टाफ ने अपनी जान पर खेलकर दस मासूम बच्चों को बचा लिया। सबसे बड़ा सवाल ये है कि हर साल इसी अस्पताल में आखिर इतनी बड़ी लापरवाही क्यों हो रही है। इस धमाके की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पहले बिजली के तार में स्पार्किंग हुई और उसके बाद चिंगारी ने ऑक्सीजन केबल डैमेज कर दिया। जिला अस्पताल में पुराने और काम एमपीयर की केबल लगी हुई है। इस कारण आए दिन यहां शॉर्ट सर्किट की घटनाएं सामने आ रही हैं। गुरुवार को अस्पताल के जिस वार्ड में शॉर्ट सर्किट हुआ वहां दस नवजात बच्चे भर्ती थे। धमाके की आवाज सुनते ही वार्ड में अफरा-तफरी माहौल बन गया। स्टाफ नर्सों के साथ बाहर खड़े पालक भी नवजात को बचाने के लिए दौड़े और इन सभी नवजातों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कराया। मौके पर मौजूद अरुण ने बताया कि एसी के पास दिखाई दे रहे तार में अचानक स्पार्किंग हुई और तेज धमाका हुआ। आवाज सुनकर सभी चिल्लाने लगे। मैं भी घबराने लगा, क्योंकि इस वार्ड में मेरी बेटी भी भर्ती थी। मौके पर मौजूद अस्पताल की स्टाफ नर्स और लोगों ने सभी नवजात बच्चों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कराया। उपेंद्र ने बताया अगर थोड़ी देर हो जाती या वहां पर कोई स्टाफ या अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं होते तो यह बड़ा हादसा हो जाता। बता दें एक साल पहले इसी अस्पताल में शॉर्ट सर्किट के कारण तीन घटना हो चुकी हैं। जुलाई 2023 में ओपीडी के करीब मुख्य गेट के पास शॉर्ट सर्किट से हादसा हुआ था।

# संजय निरुपम ने उद्धव ठाकरे और संजय राउत पर बोला हमला, कहा- दिशा सालियान मामले की हो निष्पक्ष जांच?



मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। शिव सेना एकनाथ शिंदे गुट के नेता संजय निरुपम ने शुक्रवार को दिशा सालियान की हत्या, रोड पर नमाज, सौगात ए मोदी, सलमान खान सहित कई सियासी मसलों पर राय जाहिर की। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और शिव सेना यूबीटी सांसद संजय निरुपम पर भी हमला बोला। संजय निरुपम ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र की जनता का फैसला अब तक स्वीकार नहीं किया है। यह महाराष्ट्र की जनता का अपमान है। संजय निरुपम ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहर कि संजय राउत ने बयान दिया था कि सत्ता पर गधे बैठे हैं। यानी वह स्वीकार करते हैं कि जनता ने महायुती को खूब प्यार दिया और विधानसभा चुनाव में विजयी बनाया। संजय निरुपम के अनुसार दिशा सालियान की मौत पर मुंबई पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर उन्हांने कहा, क्लोजर रिपोर्ट किसी ने पढ़ी नहीं है। पहले दिशा की लाज लूटी और अब वही लोग उसका चरित्र हरण कर रहे हैं। मुंबई पुलिस सार्वजनिक रूप से सामने आए। उस समय उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के सीएम थे। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। संजय निरुपम ने कहा ईद के दौरान रोड पर नमाज पढ़ने के मुद्दे पर कहा कि मुस्लिम भाइयों से अपील करूंगा कि नमाज सड़क पर नहीं पढ़ी जाती। रोड पर नमाज पढ़कर माहौल खराब नहीं करें। खुशी-खुशी मस्जिद या घर पर या ईदगाह में नमाज पढ़कर ईद मनाएं। साथ ही मुंबई पुलिस के आदेश का पालन करें। सौगात ए मोदी पर पर उन्होंने कहा कि शिव सेना शिंदे कभी मुस्लिम के खिलाफ नहीं है। हमारा विरोध दंगाई प्रवृत्ति वाले मुस्लिम और बांग्लादेशी रोहिंग्या, जिनका प्रेम पाकिस्तान से है से है। देश से प्रेम करने वाले मुस्लिम को सौगात ए मोदी दे रही तो इसका विरोध क्यों? सिर्फ मुस्लिम वोट से यूबीटी बची है, इसलिए सौगात मोदी से वो डर रहे हैं। शिव सेना नेता निरुपम के मुताबिक सलमान खान द्वारा राम मंदिर दर्शाने वाली 35 लाख की घड़ी पहनने पर कहा कि कुछ मुस्लिम उन्हें संघ प्रेमी बता रहे हैं? सलमान खान ने जो घड़ी पहनी है, डायल में राम मंदिर का चित्र है। शिवसेना एकनाथ उसका स्वागत करती है। अगर डायल में ताजमहल या कुतुब मीनार होता तो क्या लोग उसका विरोध करते क्या? अगर सलमान खान राम मंदिर दर्शाने वाली घड़ी पहनते हैं तो उसपर किसी को ऐतराज नहीं होना चाहिए।

**मुंबई पुलिस करे मीट की दुकानों को बंद**

उन्होंने वाराणसी नगर निगम द्वारा नवरात्रि के समय मांस की दुकानों बंद रखने के मसले पर कहा कि अब 9 दिन मीट व्यवसाय वाले दुकान खोलने की हिमाकत नहीं करेंगे। हम लोग भी एमआईडीसी पुलिस स्टेशन जाकर सड़क पर स्वारमा बेचने वाले के खिलाफ कार्यवाही की मांग करेंगे।

## सेंट्रल जेल में ईद के मौके पर कैदियों को नहीं मिलेगा परिजनों से खुली मुलाकात का मौका

भोपाल, 28 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित सेंट्रल जेल में ईद उल फितर के त्योहार पर जेल प्रशासन ने कैदियों और परिजनों की खुली मुलाकात पर रोक लगा दी है। इसके लिए जेल प्रशासन ने बाकायदा नोटिस भी चस्पा किया है जिसमें लिखा है ईद पर होने वाली खुली मुलाकात बंद रहेगी लेकिन सामान्य मुलाकात दी जाएगी। हालांकि जेल अधीक्षक राकेश भांगरे के मुताबिक जेल परिसर के अंदर तीन बड़े-बड़े स्थान पर व्यापक रूप से निर्माण कार्य चल रहा है। जिस स्थान पर खुली मुलाकात कराई जाती है उस स्थान पर निर्माणाधीन कार्य में इस्तेमाल होनेवाली सीमेंट, रेत, गिट्टी, मलबा आदि पड़ा हुआ है। ऐसे में जेल में आनेवाले मुलाकातियों की संख्या को देखते हुए खुली मुलाकात को बंद रखने का फैसला लिया गया है। जेल के तकरीबन 3500 से ज्यादा बंदी है और 8000 से ज्यादा परिजन खुली मुलाकात के लिए इकट्ठे होते हैं। इतनी ज्यादा भीड़ उस स्थान पर जमा होने पर कहीं कानून व्यवस्था में दिक्कत ना हो, सुरक्षा प्रभावित न हो, इन सबको ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया कि ईद के दिन जो खुली मुलाकात होनी है उसे बंद करके सामान्य मुलाकात जारी रखी जाएगी। जेल प्रशासन के इस फैसले से ईद के मौके पर अपने परिजनों से ना मिल पाने की खबर से मुस्लिम कैदियों को बड़ा झटका लगा है। इसके बाद भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने जेल महानिदेशक को पत्र लिखकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। पत्र में लिखा है की खुली मुलाकात बंद होने के मैसेज से बंदियों एवं उनके परिजनों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में मेरा यह कहना है कि वर्षों से त्योहार के अवसर पर बन्दियों को उनके परिजनों से खुली मुलाकात कराई जाती रही है।

# हिमाचल में खतरे में विधायकों की जिंदगी

## अनसेफ भवनों में कर रहे निवास, सीएम सुक्खू ने दिया ये आदेश



शिमला, 28 मार्च (एजेंसियां)। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में हिमाचल के असुरक्षित भवनों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेट्रोपोल भवन अनसेफ घोषित है। विधायकों को उसमें आवास न अलॉट किए जाएं, यदि अनहोनी होती है तो विधानसभा इसके लिए जिम्मेदार होगी। विधानसभा सत्र के अंतिम दिन बीजेपी विधायक विपिन परमार ने कहा कि हिमाचल की राजधानी शिमला में 66 सरकारी भवन असुरक्षित है। इनमें से कई भवनों में अभी भी अफसर और कर्मचारी रहते हैं। यहां तक कि मेट्रोपोल विधायक सदन भी असुरक्षित है, बावजूद इसके मेट्रोपोल में कई विधायक रह रहे हैं।


**विधायकों के लिए नया भवन बनाएगी सरकार - सुक्खू**

इस पर सीएम सुखविंदर सिंह ने बताया कि विधायकों की सुविधा को देखते हुए नया भवन बनाने के लिए सरकार द्वारा 38 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। 100 करोड़ रुपये और भी खर्च करने पड़ेंगे तो करेंगे। जहां वाहन पार्किंग भी भवन के अंदर ही बनाई जाएगी। इसलिए विधानसभा सचिवालय इस भवन को दो माह में खाली करवाए। यदि कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए विधानसभा सचिवालय जिम्मेदार होगा।

**आवास मुहैया न करा पाने पर किराया देने को तैयार सरकार**

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से अपील की कि मेट्रोपोल को खाली करवाया जाए। मेट्रोपोल में रह रहे कर्मचारियों को अन्य जगह आवास आवंटित किए जाएंगे। आवास नहीं होंगे तो उनको मकान का किराया उपलब्ध करवाया जाएगा। उनके लिए आवास किराया 10000 से 15000 रुपये तक देने की भी योजना बनाई गई है। राजधानी में राज्य सरकार के पास 987 सरकारी मकान हैं। इसमें सभी तरह की कैटेगरी के मकान हैं, जिसमें टाइप वन से टाइप-7 तक की कैटेगरी है। राज्य सरकार का मुख्यालय शिमला में होने के कारण यह संख्या बेहद कम है, इसलिए सरकारी मकान के लिए मारामारी भी रहती है। जिसके चलते सरकार जगह चयनित कर 200 नए मकान बनाने की संभावनाएं तलाश रही है।

## एक साल बाद फिर खुलेगा बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की बैरक का ताला



बांदा, 28 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद रहे पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत को आज पूरा एक साल हो गया है। मुख्तार अंसारी की पिछले साल 28 मार्च को हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। ऐसे में एक साल बाद अंसारी का नाम फिर से चर्चा में आ गया है। अंसारी की मौत के बाद उनकी बैरक को जज और मजिस्ट्रेट की निगरानी में सील कर दिया गया था। हालांकि अब एक साल बाद मुख्तार की बैरक फिर से खुलने वाली है। कोर्ट ने जेल प्रशासन को आदेश दिया है कि मुख्तार की बैरक में रखे सामान को उनके परिजनों को सौंपा जाए। आदेश के मुताबिक इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सामान का लिखा पढ़ी में हस्तांतरण किया जाएगा। मुख्तार का सामान लेने के लिए कोर्ट का ऑर्डर मिलने के बाद जेल प्रशासन ने अंसारी के परिवार वालों को लेटर लिख दिया है। मजिस्ट्रेट और ज्यूडिशियल जांच की रिपोर्ट के मुताबिक मुख्तार की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। ऐसे में मुख्तार की मौत के मामले में चल रही जांच भी क्लोज कर दी गई है। जेल प्रशासन पर मुख्तार अंसारी के परिवार वालों ने खाने में जहर देने और उचित इलाज न करने के आरोप लगाए थे। हालांकि इसके बाद मजिस्ट्रेट और ज्यूडिशियल जांच के आदेश दिए गए थे। दोनों जांच में परिजनों के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई, और रिपोर्ट शासन को भेज दी गई। अंसारी की 26 मार्च 2024 को अचानक तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें बांदा के मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। चेकअप के बाद उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया, लेकिन 28 मार्च 2024 को उनकी तबीयत फिर से बिगड़ गई। जेल प्रशासन ने उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# 'किराए के मकान में रहती हो, मेरे साथ क्यों नहीं'

## स्कूल के प्रिंसिपल ने लेडी टीचर से कही ऐसी बात, कोर्ट ने दिया अहम आदेश

ग्वालियर, 28 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ की डबल बेंच ने भिंड जिले के केंद्रीय विद्यालय में महिला के साथ हुए यौन उत्पीड़न के मामले में बड़ा अहम आदेश दिया है। कोर्ट ने महिला के स्कूल प्राचार्य पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों की जांच के लिए विशाखा कमेटी को निर्देशित किया है। मामले पर विद्यालय की आंतरिक कमेटी महिला शिक्षिका के द्वारा की गई शिकायत पर विचार विमर्श करेगी। फिर मामले से संबंधित सभी को अपना अपना पक्ष रखने का अवसर देते हुए फाइनल रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कानून के तहत कार्रवाई करेगी। मामला ग्वालियर चंबल संभाग के भिंड जिले का है, जहां पर केंद्रीय विद्यालय की एक शिक्षिका ने विद्यालय के ही प्राचार्य (प्रिंसिपल) अजय कुमार सक्सेना पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं।

पहले महिला शिक्षिका ने प्राचार्य की शिकायत भिंड कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और केंद्रीय विद्यालय संगठन भोपाल से की थी। जब प्राचार्य के खिलाफ कोई कार्रवाई होते हुए नजर नहीं आई तब महिला शिक्षका ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। महिला शिक्षिका के वकील ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा था- केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार सक्सेना... विद्यालय की महिला शिक्षिका से दबाव बनाते हुए कहते हैं कि किराए के मकान में अकेले रहती हो, मेरे साथ आकर क्यों नहीं रहती?

**याचिका में और क्या-क्या?**

लेडी टीचर द्वारा दायर की गई याचिका में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य को प्रतिवादी बनाया गया था, लेकिन कोर्ट में उनका पक्ष रखने के लिए कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद अब मामले की सुनवाई विशाखा कमेटी करेगी। इस दौरान दोनों पक्षों को सुना जाएगा और पूरी जांच के बाद दोषी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। विशाखा समिति को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सन 1997 में स्थापित किया गया था।

विशाखा समिति का मूल उद्देश्य परिसर में छात्राओं और महिला कर्मचारियों की शिकायतों का पूरा ध्यान रखना है। विशुद्ध रूप से महिला छात्राओं और महिला कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ लड़कियों और महिला कर्मचारियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण बनाए रखना है।


स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 29 मार्च - 2025

# गौशाला की दुर्गंध और सुगंध?

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को गौशाला से दुर्गंध क्यों आती है। यह बोलने से पहले उन्हें कुछ तो सोचना था। लगता है राजनीति के चक्कर में वे अपना इतिहास और पुराण सब भूल गए हैं। बता दें कि उन्होंने अपने चुनाव क्षेत्र कन्नौज में कहा कि बीजेपी के लोग दुर्गंध पसंद करते हैं, इसलिए गौशाला बना रहे हैं। हम सुगंध पसंद कर रहे थे इसलिए इत्र पार्क बनाए थे। कन्नौज में सपा ने भाईचारे की खुशबू फैलाई तो दूसरी तरफ बीजेपी नफरत की बदबू फैलाती है। मैं लोगों से आग्रह करता हूं कि वे बीजेपी की फैलाई गई इस दुर्गंध को दूर करें। अखिलेश के इस बयान के बाद तो बीजेपी सांसद संबित पात्रा उन पर टूट पडे। उन्होंने कहा कि अगर किसी को हिंदुस्तान में रहकर गौमाता से दुर्गंध आती है तो उसे वह भूमि ढूंढनी चाहिए जहां सनातन का अपमान हो सके। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या अखिलेश और उनकी पार्टी के रामजी लाल सुमन जैसे लोगों ने पहले तो हिंदुस्तान के वीर सपूत राणा सांगा का अपमान किया और अब वो लोग गाय, गौशाला का अपमान कर रहे हैं। अखिलेश यादव यह न भूलें कि यूपी में यादव समीकरण बेहद महत्वपूर्ण है। कोई भी पार्टी यादवों को नजरअंदाज नहीं कर सकती है। शायद ही कोई यादव होगा, जिसकी जिंदगी गाय, गोबर और गौशाला के बीच से न गुजरी हो। मुस्लिमों के साथ यादव यानी एमवाई समीकरण साधकर ही खुद अखिलेश भी सीएम की कुर्सी तक पहुंचे हैं। ऐसे में गौशाला की दुर्गंध की बात कहना क्या यह अपमान नहीं है? पौराणिक रूप से भी देखा जाए तो भगवान कृष्ण ने खुद को गोपालक ही बताया है। वह गीता में भी खुद को गायों का रक्षक बताते हैं। उनका पूरा जीवन गौसेवा में बीता। साथ ही यादव वंश होने के नाते गायें यादवों के लिए आजीविका का साधन भी हैं। गायें हैं तो गौशाला भी होंगी ही। फिर भला आपके मन में गौशाला को लेकर इतनी नफरत क्यों? आपको ये पता होना चाहिए कि प्राचीन भारत में गायें विनिमय का सोर्स मानी जाती थीं। इसलिए उन्हें गोधन कहा जाता था। हर कर्मकांड में गायों की अहमियत आज भी है। जन्म से लेकर मरण तक गायों की अहम भूमिका रही है। इसके अलावा, जहां गायें पाली जाती थीं, उसे ही गौशाला कहा जाता था। चूंकि गायें गोधन मानी जाती थीं, इसीलिए यहीं गौशाला से ही गोत्र की उत्पत्ति हुई। गोत्र से भारत में वैज्ञानिक समाज की पद्धति विकसित हुई। यानी सगोत्रीय विवाहों की मनाही की परंपरा विकसित हुई। अखिलेश को याद करना होगा कि आज से करीब 9 साल पहले तब के सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव गोपाष्टमी के मौके पर यूपी गौ सेवा आयोग के कार्यक्रम में लखनऊ पहुंचे थे। उस वक्त अखिलेश के पिता मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि मैं बचपन में गाय चराता था। हमने हमेशा गायें पाली हैं और सैफई में अभी भी 16 गाय हैं। गाय का दूध सेहत के लिए काफी फायदेमंद है और इसी को पीकर मैं पहलवान बना हूं। सभी को गाय जरूर पालनी चाहिए। मुलायम सिंह ने कहा था कि आज हमारे यहां गायों की संख्या कम हो रही है, जबकि फ्रांस और पुर्तगाल, डेनमार्क जैसे देश गाय पालने में आगे निकल गए हैं। साथ ही उनके गोबर से लेकर मूत्र और दूध का अच्छी तरह से इस्तेमाल कर लाभ कमा रहे हैं। अखिलेश यादव की ही पार्टी के नेता रामजी लाल सुमन ने ऐतिहासिक योद्धा रहे राणा सांगा को इशारे इशारे में गद्दार करार दिया था। कम से कम सनातन का अपमान करना तो मत सिखाइए। अपने यहां की गायों और गौशालाओं के सहेजने की बात करिए। दूध, घी, दही, पनीर के सोर्स वाली गायें सनातन काल से पूज्यनीय रही हैं। आप पूजा मत कीजिए, मगर इनका अपमान भी मत कीजिए।

# पहले इतिहास बिगाड़ेंगे फिर माफ़ी भी नहीं मांगेंगे



अशोक भाटिया

इंडी गठबंधन में सहयोगी समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। पहले तो सपाई सिर्फ मुस्लिम हितैषी बनते थे। औरंगजेब जैसे क्रूर शासकों के हिमायती बनते थे। लेकिन मुस्लिम प्रेम में समाजवादी पार्टी के नेता इतने गिर जाएंगे यह किसी ने सोचा भी ना होगा। इंडी गठबंधन और सपा हिंदुओं का गौरवशाली इतिहास बिगाड़ने में जुटी हुई है। अब राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन ने मुगलों से लोहा लेने वाले मेवाड़ के वीर योद्धा महाराणा संग्राम सिंह सांगा के खिलाफ बेहद अपमानजनक टिप्पणी कर दी है। उन्होंने राणा सांगा के वंशजों और उन्हें मानने वाले हिंदुओं को गद्दार तक कह डाला है। सपा सांसद की इस अभद्र, अशोभनीय, असभ्य और अनर्गल टिप्पणी को लेकर राजस्थान समेत देशभर की सियासत में उबाल आ गया है। भाजपा ने पलटवार करते हुए इसके लिए सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से माफी मांगने के लिए कहा है। राजस्थान के सीएम भजनलाल ने कहा कि मेवाड़ के महान योद्धा राणा सांगा के बारे में समाजवादी पार्टी के सांसद का निम्नस्तरीय बयान, न केवल राजस्थान की 8 करोड़ जनता को, बल्कि सम्पूर्ण देशवासियों को आहत करने वाला है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को गद्दार कहने का मुद्दा राजस्थान विधानसभा में गूंजा। कांग्रेस ने आपत्ति की तो भाजपा ने कहा कि इससे साफ तय हो गया कि आप लोग भी रामजीलाल सुमन के साथ हो। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने राज्यसभा में जो बयान दिया उससे पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। सपा सांसद सुमन ने मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते राणा सांगा को लेकर बयान में कहा था कि 'बीजेपी के लोगों का ये तकियाकलाम बन गया है कि इनमें बाबर का DNA है। मैं जानना चाहूंगा कि बाबर को आखिर लाया कौन? सुमन ने अनर्गल दावा किया कि इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा लाया था। मुसलमान अगर बाबर की औलाद हैं तो तुम लोग उस गद्दार राणा सांगा की औलाद हो, ये हिन्दुस्तान में तय हो जाना चाहिए कि बाबर की आलोचना करते हो, लेकिन राणा सांगा की आलोचना नहीं करते। बता दें कि देश में पहले से औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। इसके बाद राणा सांगा पर विवादित बयान के बाद यह बहस और तेज हो गई है। राजस्थान के साथ उत्तर प्रदेश की राजनीति में महाराणा सांगा विवाद गहराता जा रहा है। राणा सांगा को लेकर समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने जो विवादित बयान दिया है। उन्होंने राज्यसभा में औरंगजेब विवाद पर अपना पक्ष रखा। सीधे तौर पर मुगल शासक बाबर को भारत में बुलाए जाने के लिए राणा सांगा को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, इतिहास में इसको लेकर अलग-अलग बातें लिखी हुई हैं। बावजूद इसके सदन के पटल पर समाजवादी पार्टी नेता के बयान ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। राजपूत समाज इस पूरे मामले को लेकर आक्रोशित है। महाराणा सांगा पर की गई विवादित टिप्पणी के बाद इतिहासकारों और विशेषज्ञों के बीच भी एक नई बहस छिड़ गई है। इतिहासकारों का कहना है कि यह सत्य नहीं है कि महाराणा सांगा ने बाबर को भारत आने का न्योता भेजा था। बल्कि बाबर ने स्वयं संधि दूत के माध्यम से महाराणा सांगा के पास संदेश भेजा था। इसी को लेकर इतिहासकारों और विशेषज्ञों द्वारा तमाम तथ्यों को खंगालकर सत्य सामने लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय में इतिहास पर पीएचडी कर चुके प्रोफेसर वेदप्रकाश शर्मा ने बाबरनामा और अन्य ऐतिहासिक दस्तावेजों के हवाले से इस बारे में कुछ अहम जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा, महाराणा सांगा भारतीय इतिहास के एक अमरवीर थे, जिन्होंने 1517 में खातोली और 1518 में बाड़ी के युद्ध में इब्राहिम लोदी को पराजित किया तथा फरवरी, 1527 में बाबर को कड़ी चुनौती दी। शर्मा ने कहा कि खातोली और खंडार जैसे युद्धों में लोदी को बुरी तरह पराजित करने के बाद भी क्या सांगा को लोदी को हराने के लिए बाबर को बुलाने की जरूरत थी। उन्होंने आगे कहा कि महाराणा संग्राम सिंह (राणा सांगा) भारतीय इतिहास के एक महान योद्धा और कुशल रणनीतिकार थे। उन्होंने न केवल वीरता का परिचय दिया, बल्कि अपने शासनकाल में मेवाड़ को एक शक्तिशाली राज्य के रूप में स्थापित किया। उन्होंने खातोली (1517), बाड़ी (1518) और खानवा (1527) जैसे महत्वपूर्ण युद्धों में अपनी सैन्य रणनीति का परिचय दिया। उनकी सेना में राजपूतों के साथ-साथ अफगान, मराठा और आदिवासी सैनिक भी शामिल थे, जो उनकी कुशल सैन्य नीति को दर्शाता है। वे गुरिल्ला युद्ध और खुली लड़ाई दोनों में माहिर थे। राणा सांगा ने राजपूत संघ की स्थापना कर राजपूत शक्ति को संगठित करने का प्रयास किया। उनके नेतृत्व में कई राजपूत राजा एकजुट हुए और विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ लड़े।उन्होंने दिल्ली सल्तनत के सुल्तान इब्राहिम लोदी, गुजरात के सुल्तान और मालवा के शासकों को युद्ध में पराजित किया। बाबर के विरुद्ध 1527 में खानवा का युद्ध लड़ा जो भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना के लिए निर्णायक युद्ध था।वे सभी धर्मों का सम्मान करते थे और उनकी सेना में विभिन्न जाति और समुदायों के लोग शामिल थे। उन्होंने अपने शासन में कठोर लेकिन न्यायपूर्ण प्रशासन लागू किया और प्रजा की भलाई के लिए कार्य किए। इसके अलावा उन्होंने गुजरात, मालवा और दिल्ली के शासकों के खिलाफ कूटनीतिक चालें चलीं, जिससे वे बार-बार अपनी सैन्य शक्ति को बढ़ाने में सफल हुए। उन्होंने अपने विरोधियों को पराजित कर राजस्थान और उत्तर भारत में अपनी शक्ति को सर्वोच्च स्थान दिलाया।वे मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन भर संघर्षरत रहे और कभी विदेशी ताकतों के सामने नहीं झुके। उनका जीवन और बलिदान राजस्थान का स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रेरणास्त्रोत बना। महाराणा सांगा न केवल राजस्थान बल्कि संपूर्ण भारत के इतिहास में एक अमर योद्धा और महान शासक के रूप में जाने जाते हैं। उनकी वीरता, सैन्य कौशल और कूटनीतिक कुशलता ने भारतीय उपमहाद्वीप की राजनीति को गहराई से प्रभावित किया। उनका जीवन युद्ध, संघर्ष, साहस और देशभक्ति की अद्वितीय मिसाल है। इसी कड़ी में कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय जयपुर की इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. सुमन धनाका ने इस विषय पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि बाबरनामा में लिखा गया है कि महाराणा सांगा ने बाबर को भारत आने का निमंत्रण भेजा था, लेकिन हमें यह समझना होगा कि बाबरनामा स्वयं बाबर द्वारा लिखा गया ग्रंथ है, जिसमें उसने अपनी विजय को महिमामंडित किया है। इतिहास को केवल एक स्रोत से देखना सही नहीं होगा।इतिहासकारों ने बताया कि महाराणा सांगा के दरबारी पुरोहित बागेश्वर पुरोहित ने अपनी डायरी में इसका स्पष्ट विवरण दिया है। उनके वंशज अक्षय नाथ पुरोहित को यह डायरी प्राप्त हुई थी, जिसमें लिखा है कि बाबर ने महाराणा सांगा के पास संधि दूत भेजकर उनका सहयोग मांगा था, लेकिन महाराणा सांगा ने इसे अस्वीकार कर दिया था। हालांकि सलहदी के राजा ने महाराणा सांगा को इस प्रस्ताव को रणनीतिक रूप से स्वीकार करने की सलाह दी। सांगा ने इसे सीधे समर्थन के बजाय संधि के रूप में स्वीकार किया, लेकिन उन्होंने पानीपत के प्रथम युद्ध (1526) में कोई भाग नहीं लिया। सवाल यही उठाना लाजमी है कि अतीत के सवालों को जिस आक्रामक तरीके से उठाया जा रहा है, उससे ऐसा लगता है कि इतिहास की कब्र में दफन मुर्दे उखाड़ना आज की राजनीति के लिए मौजूदा चुनौतियों से निपटने से ज्यादा जरूरी हो गया है। दरअसल, ऐतिहासिक प्रतीकों पर सरकारों को अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वाह करना होगा। इस बात की परवाह किए बगैर कि उससे उनकी सियासत पर क्या असर होता है।

# सिर्फ नाच गाना पार्टी नहीं है विवाह संस्कार



मनोज कुमार अग्रवाल

देश के अधिकांश हिस्सों में हिन्दू समाज के कुछ वर्गों खासकर एलीट और सम्पन्न समझे जाने वाले लोगों द्वारा विवाह आयोजन में जिस तरह का वैभव अनाप शनाप खर्च सैकड़ों तरह के व्यंजन डीजे पार्टी आयोजित की जा रही है उन सबके बीच विवाह का संस्कार परंपरागत सप्तपदी के फेरे रस्में सेकेंडरी यानी गौण बनती जा रही है। जबकि सबसे महत्वपूर्ण अग्नि के समक्ष वर वधू के फेरे और जन्म जन्मांतर साथ निभाने के वचन ही हैं जिनके लिए तमाम छोटा या बड़ा समारोह आयोजित किया जाता है। इन दिनों दक्षिण में विवाह की रस्म कराते कर्म कांडी पुरोहित के साथ अभद्र मजाक बनाने का विडियो वायरल हुआ। यह वायरल वीडियो तो सिर्फ आइना है वास्तव में कुछ लोग विवाह के संस्कार को बहुत हल्के और बेहद गैर गंभीर तरीके से लेने लगे हैं उनका सारा जोर ही डांस और पार्टी हल्ला-गुल्ला पर रहने लगा है इतना ही नहीं वरमाला पर वर वधू का उचकाना यह सब गलत व विवाह संस्कार की मर्यादा का पतन है।

हाल ही में देश की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका साफ संदेश यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है। कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ सालों में लिव-इन का प्रचलन विवाह संस्था के वजूद को हिला रहा है बिन फेरे हम तेरे के चलन ने तमाम सामाजिक वर्जनाओं के ताने बाने को तहस नहस कर दिया है। तिस पर विवाह से पूर्व प्री वेडिंग सूट के नए प्रचलन ने तमाम संस्कार और मर्यादा मान्यताओं का बेड़ा गर्क कर दिया है। आपको बता दें कि हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर-तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है। वर-वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त विवाह के आयोजन में जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं। यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। जिसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है। निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है। यानी विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है। विवाह मजबूरी का समझौता या करार भी नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भारतीय जीवन पद्धति में विवाह महज महत्वपूर्ण संस्कार ही नहीं है बल्कि नवदंपति के जीवन के नये अध्याय की शुरुआत भी है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बेहद गरिमा व सम्मान के साथ पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया है। आज हम भले ही कितने आधुनिक हो जाएं, विवाह से जुड़ी अपरिहार्य परंपराओं को नजरअंदाज कदापि नहीं कर सकते। आपको बता दें कि सनातन वैदिक परम्परा में विवाह को एक बहुत पवित्र संस्कार माना गया है इस संस्कार के समय वर को विष्णु और वधू को साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। इस संस्कार में विष्णु स्वरूप को एक पिता आदर भाव से पूजा कर उसे लक्ष्मी स्वरूप कन्या सौंपता है। इतना ही नहीं दूसरे धर्मावलंबियों की तरह हिन्दू समाज में विवाह एक समझोता नहीं है वरन जन्म जन्मांतर तक साथ निभाने का वचन है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि + वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है विशेष रूप से (उत्तरदायित्व का) वहन करना।

पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे कि विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे कि किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे ले कर और ध्रुव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक सम्बंध से अधिक आत्मिक संम्बंध होता है और इस संम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है।

निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने-गाने तथा पार्टीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए। यानी महज पंजीकरण से विवाह की वैधता पर मोहर नहीं लग जाती। निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को आयोजित करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा। इसके बावजूद देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप विवाह पंजीकरण की जरूरत को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। हमें यह भी स्वीकारना होगा कि 21वीं सदी का भारतीय समाज बदलते वक्त के साथ नई चाल में ढला है। नई पीढ़ी की कामकाजी महिलाएं आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं और अपनी शर्तों पर विवाह की परंपराओं को निभाने की बात करती हैं। जिसके चलते विवाह संस्था को लेकर कई अदालतों के फैसले सामने आए हैं, जिनकी तार्किकता को लेकर समाज में बहस चलती रहती है। जिसमें कई कर्मकांडों पर नये सिरे से विचार-विमर्श की जरूरत बतायी जाती रही है। मसलन कुछ कथित प्रगतिशील लोग कन्यादान व सिंदूर लगाने की अनिवार्यता को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद हमें न्यायालय की चिंताओं पर चिंतन तो करना ही चाहिए। यह सवाल रूढ़िवादिता का नहीं है। बल्कि दुनिया के तमाम धर्मों में सदियों से चली आ रही वैवाहिक परंपराओं का आदर के साथ अनुपालन किया जाता है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित रीति-रिवाजों का सम्मान करने जैसा ही होता है। जो नया जीवन शुरू करने वाले वर-वधू को एक आशीष जैसा ही होता है।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मायने अराजकता नहीं



हरीश शिवनानी

भारतीय राजनीति,साहित्य,संस्कृति और अकादमिक दायरों में जिस पदबंध का प्रयोग जोर-शोर से किया जाता है, वो है- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। जितने जोर-शोर से इसे दोहराया जाता है उससे भी दुगुने मौकों पर इसका दुरुपयोग भी उतने ही खुले तौर पर किया जाता है। हालिया एक कॉमेडियन कुणाल कामरा के प्रकरण से ऐसा ही कुछ हुआ जा रहा है। जो लोग यह 'तर्क' देते हैं कि अगर आप किसी से असहमत भी हों, तब भी आपको किसी के बोलने के अधिकार का समर्थन करना ही चाहिए। 'फ्रीडम ऑफ़ स्पीच' पर तभी प्रश्न उठाए जा सकते हैं जब वह हिंसा फैला रही हो। कामरा ने ऐसा कुछ नहीं किया है। दूसरी ओर सुतर्क यह है कि किसी के 'बोलने' इसका व्यावहारिक और तर्कसंगत पहलू भी होना चाहिए कि उसके 'बोलने' का वास्तविक मंतव्य,उद्देश्य क्या है। कोई अगर कॉमेडी की आड़ या अन्य किसी भी नज़रिए से किसी व्यक्ति, जाति, धर्म, संप्रदाय, समुदाय या किसी भी उद्देश्य से निर्मित समूह के प्रति सार्वजनिक रूप से अभद्र-अशालीन-अमर्यादित भाषा-बोली का प्रयोग कर उसकी मानहानि करते हैं, सामाजिक रूप से अपमानित करते हैं, फूहड़ तरीके से हँसी-मखौल उड़ाते हैं या उसके हितों नुकसान करते हैं तो यह भी उसके प्रति वाचिक हिंसा,सार्वजनिक अपमान करना ही हुआ, इसे 'स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति' तो कतई नहीं कहा जा सकता। कामरा ने पिछले दिनों अपने कॉमेडी शो में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के तरफ़ संकेत कर जो कुछ कहा है, उसे समझना,उसके निहितार्थ निकालना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह महज़ कॉमेडी नहीं, विशुद्ध रूप से अभद्र तरीक़े का राजनीतिक वक्तव्य है। भारत में दल-बदल कर सत्ता हासिल करने का लंबा राजनीतिक इतिहास रहा है।

1977 और 1979 में हरियाणा में मुख्यमंत्री भजनलाल के समूची कैबिनेट सहित दलबदल करने का इतिहास तो जाना-पहचाना है ही, राजनीतिक मुहावरा 'आयाराम-गयाराम' भी हरियाणा के एक विधायक की ही देन है। अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता की आड़ में हमें उन मूल्यों को भी नहीं भूलना चाहिए जो एक सभ्य,सुसंस्कृत, मर्यादित और शिष्ट समाज की बुनियाद होते हैं। अनुशासन, मर्यादाओं की एक सीमा-रेखा होती है। हर अभिव्यक्ति के मायने अराजकता नहीं हो सकता।भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत नागरिकों को दी गई है। हालांकि यह भी असीम नहीं है।इसे अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ उचित प्रतिबंधों के अधीन रखा गया है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए वाचिक और शाब्दिक हिंसा पर भी अंकुश उतना ही ज़रूरी है जितना दैहिक हिंसा पर। भारतीय बौद्धिक जगत की दिक्कतें यह भी कम नहीं कि उसकी बौद्धिकता किसी व्यक्ति, समूह, जाति,समुदाय को परखने,उसका मूल्यांकन करने या उसके पक्ष-विपक्ष में खड़े होने के मूल में उसके पैमाने, उसके निकष, मापदंड उसकी विचारधारा के अनुरूप बदलते रहते हैं। कला और साहित्य-संस्कृति की स्वायत्तता के स्वयम्भू ठेकेदारों ने अपने स्तर पर एक पैमाना बना रखा है जिससे वे अभियक्ति की आज़ादी की हद तय करते है। सच यही है कि आज भारतीय बौद्धिक जगत अपनी इस खामोशी की वज़ह से ज्यादा अविश्वसनीय और बदनाम है। इसे ही निर्मल वर्मा ने 'चुनी हुई चुप्पी' कहा था, जिसे सामान्यतः 'सलेक्टिव खामोशी' कहा जाता है। यदि कोई अपनी वैचारिकता के निकट है तो गलत होकर भी सही, वरना विरोधी होने पर खामोशी। क्या एक लोकतांत्रिक देश में सेलेक्टिव चुप्पी और सलेक्टिव होना स्वस्थ प्रवृत्ति मानी जा सकती है ? कहने को देशी-विदेशी सिनेमा या सीरीज़ में देशज शब्दों की भरमार होती है। ऑस्कर पाने वाली 'अनोरा' में एक गाली का प्रयोग सैकड़ों बार हुआ।

मार्टिन स्कोर्सेसी जैसे बड़े फ़िल्मकार ने भी 'द वुल्फ़ ऑफ़ वॉल स्ट्रीट' में भी एक यौन शब्द का इस्तेमाल सैकड़ों बार किया। किसी रचना,चाहे वो फ़िल्म हो या किताब, उसमें अगर गाली या कथा या पात्रों के स्तर के अनुसार गालियों या किसी देशज किस्म की भदेस भाषा का प्रोयग होता है तो उसे रचनात्मक अनिवार्यता कही जा सकती है, राही मासूम रज़ा के 'आधा गांव' या काशीनाथ सिंह की 'अस्सी का अस्सी ' कृति-फ़िल्म; लेकिन आज के दौर में जब 'स्टैंडिंग कॉमेडी' के नाम जो छिछोरापन परोसा जाता है,वह अस्वीकार्य है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मर्यादित बोध से होनी चाहिए।

वैसे कामरा का विवादों से पुराना नाता रहा है। वे वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक के संदर्भ में विवादों में रह चुके हैं। नए वीडियो में कामरा ने शिंदे के अलावा मुकेश अंबानी के बेटे का उसके वज़न के लिए भी मज़ाक उड़ाया है। वास्तविकता यह है कि आज के दौर में जब कॉमेडियन का जब मार्केट ठंडा हो जाता है तब वापस मार्केट में चर्चा में आने के लिए धर्म , राजनीतिक, जाति आदि विषयों पर निजी रूप से व्यंग्य करते हैं ताकि विवाद हो और वह फिर चर्चा में आ जाएं। पैसे और चर्चा में बने रहने के लिए उनका एक तरह का पेशा है।

# शराब से शौक और सरकारी योजनाओं का सच



प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

सरकारी योजनाओं का असली मकसद है समाज के उस कमजोर कंधे को सहारा देना, जो रोज़मर्रा की जंग — भूख मिटाने, सिर ढकने, बच्चों को पढ़ाने और सेहत संभालने—में हांफ रहा है। यह एक कल्याणकारी राज्य का वह सुनहरा सपना है, जो हर इंसान को गरिमा और उम्मीद से जीने का मौका देता है। लेकिन यहाँ एक सवाल ठिठकता है—क्या हर वह हाथ, जो मदद माँगने को उठता है, सचमुच लाचार है? मिसाल के तौर पर, जो शख्स शराब जैसे शौक पर हजारों रुपये बहा सकता है, क्या उसे सचमुच मुफ्त अनाज, दवा या सरकारी राहत की दरकार है? यह विचार सिर्फ सत्ता के गलियारों, नीति-निर्माताओं तक नहीं रुकता—यह हर उस नागरिक के दिल में कौंधना चाहिए, जो अपने समाज को सचेत और सच्चा देखना चाहता है। इस समस्या के समाधान के लिए एक प्रभावी उपाय हो सकता है—शराब की बिक्री को पूरी तरह डिजिटल भुगतान के दायरे में लाना। यदि शराब की खरीद केवल ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से हो, तो यह आसानी से पता लगाया जा सकेगा कि कौन कितना खर्च कर रहा है। डिजिटल लेन-देन से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि सरकार को यह तय करने में भी मदद मिलेगी कि वास्तव में सहायता का पात्र कौन है। जो व्यक्ति शराब पर मोटी रकम खर्च कर सकता है, वह निश्चित रूप से अपनी प्राथमिक जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। ऐसे में उसे सरकारी योजनाओं का लाभ देना न केवल संसाधनों का दुरुपयोग है, बल्कि उन लोगों के साथ अन्याय भी है, जो सचमुच जरूरतमंद हैं। इसके लिए एक कदम आगे बढ़ते हुए, शराब की खरीद को आधार कार्ड या पैन कार्ड से जोड़कर एक क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सकता है। यह न सिर्फ किसी व्यक्ति की वास्तविक आर्थिक स्थिति को पारदर्शी तरीके से उजागर करेगा, बल्कि सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगा। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई व्यक्ति महीने में शराब पर 5,000 रुपये खर्च कर रहा है, तो यह स्पष्ट संकेत है कि उसके पास पर्याप्त अतिरिक्त आय मौजूद है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या उसे मुफ्त राशन या रियायती स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तव में जरूरत है? यह नवोन्मेषी प्रणाली सरकार को डेटा-आधारित और तर्कसंगत निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करेगी, जिससे सीमित संसाधनों का वितरण सही और जरूरतमंद लोगों तक सुनिश्चित हो सके। इस तरह की व्यवस्था के फायदे न केवल संसाधनों के कुशल वितरण तक सीमित हैं, बल्कि यह एक व्यापक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करती है। शराब की बिक्री को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने से सरकारी राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, क्योंकि हर लेन-देन पर कर लगाया जा सकेगा और टैक्स चोरी पर कड़ा प्रहार होगा। इतना ही नहीं, यह शराब की खपत को नियंत्रित करने का भी एक प्रभावी औजार बनेगा।

# आरोप का जवाब



डॉ टी महादेव राव

यही नहीं हमें यह भी देखना है कि गरीबों को पैसों की मुसीबत न आने पाए। हमारी पार्टी का चिन्ह है छाता। छाता धूप या बारिश से बचाव के साथ-साथ आत्मरक्षा के काम में भी आता है। गरीबों की एकमात्र रोशनी छाता चिन्ह वाले पैसा पार्टी को पूरे देश में शक्तिशाली बनाना होगा। इसलिए तुम जैसे लोगों को बहुत काम करना होगा। जी! आप जैसे बड़े लोग हमें मार्गदर्शन दें। आप मुझे नगर समिति का अध्यक्ष बनाइए और फिर देखिए पैसा पार्टी को मैं कहां से कहां ले आता हूं। सारे लोगों के मैंने बायोडाटा देखे। बाकी लोगों की तुलना में तुम्हारा रिकॉर्ड अच्छा है। तुम कम से कम आठवीं फेल हुए हो। वे लोग तो छठवीं तक नहीं पढ़ पाए। तुम मारपीट, नकली दारू, नकली सीमेंट और पथराव जैसे मामलों में पांच साल जेल जाकर आए हो। हमारी पार्टी के नियमानुसार जो पार्टी के प्रमुख व्यक्ति होंगे उन्हें कम से कम पांच साल का जेल का अनुभव होना चाहिए। तुम कराटे में ब्लैक बेल्ट हो। कल को तुम किसी विधानसभा में जाओगे। वहां दूसरे पार्टियों के लोग तुम पर आक्रमण करें तो तुम उन पर पलटवार कर पार्टी की प्रतिष्ठा को बचाओगे। इसलिए ब्लैक बेल्ट तुम्हारे लिए प्लस प्वाइंट हुआ। लेकिन एक बात है कि दूसरे पार्टी के नेताओं को गालियां देने में तुम थोड़े कमजोर हो। तुमने किसी को नीच, कमीने, कुत्ते जैसी गालियां नहीं दी, क्योंकि मीडिया में ऐसा कुछ आया ही नहीं। नेताजी! मैंने उसके बारे में सोचा है। कुत्ते कहकर उस पार्टी के नेताओं को हम गाली दें तो यहां जो जंतु प्रेमी दल हैं वे बुरा मान जाती हैं। कहते हैं हमारे कुत्तों को तुम नेताओं के साथ तुलना करते हो और उनका अपमान भी। इस बात पर मानहानि का दावा का खतरा भी है। वह अपनी पार्टी के लिए नकारात्मक सिद्ध होगा। इसलिए मैं नीच, निकृष्ट, चोर, मवाली और धोखेबाज जैसी गालियां ही देता हूं। आजकल ओटीटी में जो फिल्में आ रही हैं, उनको देखने पर गंदी गालियां किस तरह और कितने तरह की होती हैं यह पता चल रहा है। इसके बाद आगे मैं उन्हीं गालियों का प्रयोग करूंगा। हमेशा अपने आपको अप टू डेट रखता हूं जी। बहुत खूब। दूसरी पार्टी का व्यक्ति अगर हमारे नेताओं को चोर कह कर गाली दे तो तुम उसको क्या जवाब दोगे? मैं कहूंगा हां ! हम लोग चोर हैं। हमने जनता का दिल चुराया है। मीडिया वालों को भी अच्छा हेडिंग मिल जाएगा। अच्छा! यह बताओ कि लोकतंत्र क्या है कोई पूछे तो तुम्हारा क्या उत्तर होगा?

# चैत्र अमावस्या : भारत में नहीं दिखेगा 29 मार्च का सूर्य ग्रहण

## सूतक नहीं रहेगा, दोपहर में करें पितरों के लिए धूप-ध्यान

शनिवार, 29 मार्च को चैत्र मास की अमावस्या है और इसी दिन सूर्य ग्रहण भी हो रहा है। शनिवार को ही शनि का राशि परिवर्तन भी होगा। ये सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। इस कारण देश में सूर्य ग्रहण का सूतक नहीं रहेगा और पूरे दिन चैत्र अमावस्या से जुड़े सभी धर्म-कर्म किए जा सकेंगे। सूर्य ग्रहण नॉर्थ-वेस्ट अफ्रीका, यूरोप, नॉर्थ रूस में दिखाई देगा। ग्रहण भारतीय समय अनुसार दोपहर 2.21 बजे शुरू होगा और शाम 6.14 बजे खत्म होगा।

**चैत्र अमावस्या पर कौन-कौन से शुभ काम किए जाते हैं**

अमावस्या पितरों की तिथि मानी जाती है, इसलिए इस दिन पितरों के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान करने की परंपरा है। इन शुभ कामों से घर-परिवार के पितर देवताओं को तृप्ति मिलती है और वे हमें आशीर्वाद देते हैं। पितरों के आशीर्वाद से हमारे जीवन में सुख-शांति आती है। ऐसी मान्यता है।



चैत्र अमावस्या पर जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र, भोजन और धन का दान करें। अभी गर्मी का समय है तो जरूरतमंद लोगों को छाता, जूते-चप्पल, जल का भी दान करें।

अमावस्या पर पीपल के वृक्ष की पूजा और जल अर्पण करने से कुंडली में पितृदोष का अशुभ असर कम होता है।

चैत्र अमावस्या पर पंचदेवों की पूजा करें। पंचदेवों में गणेश जी, भगवान शिव, विष्णु, देवी दुर्गा और सूर्य देव शामिल हैं। इन पांचों देवताओं की विधिवत पूजा करें। इनके साथ ही अमावस्या पर महालक्ष्मी का विशेष अभिषेक करना चाहिए।

हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ाएं। दीपक जलाकर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करें। ऊँ रामदूताय नमः मंत्र का जप करें। इस दिन महामृत्युंजय मंत्र, गायत्री मंत्र, विष्णु सहस्रनाम और श्रीसूक्त का पाठ करना शुभ होता है।

अमावस्या पर गंगा, यमुना या किसी भी पवित्र नदी में स्नान कर सकते हैं। जो लोग इन नदियों में स्नान नहीं कर पा रहे हैं, वे घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं।

ध्यान रखें अमावस्या पर घर-परिवार में क्लेश न करें। झगड़ों से बचें। नशा और मांसाहार से परहेज करें।

**29 को शनि बदलेगा राशि**

29 मार्च को शनि का राशि परिवर्तन भी है। शनि कुंभ से मीन राशि में प्रवेश करेगा। शनि के राशि बदलने से सभी 12 राशियों पर शनि का असर बदल जाएगा।

शनि के अशुभ असर से बचने के लिए शनिदेव का तेल से अभिषेक करें। शनिदेव को नीले फूल चढ़ाएं। ऊँ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जप करें। शनिदेव के लिए काले तिल, तेल और छाते का दान करें। शनि के दोषों को दूर करने के लिए हनुमान जी की पूजा करने की सलाह भी दी जाती है। मान्यता है कि जो लोग हनुमान जी की पूजा करते हैं, उन लोगों पर शनि के दोषों का असर नहीं होता है।

# शनि का राशि परिवर्तन आज

**मीन राशि में एक साथ रहेंगे 6 ग्रह, इस दिन करें नौ ग्रहों की पूजा और दान-पुण्य**

शनिवार, 29 मार्च को चैत्र मास की अमावस्या है। इस दिन सूर्य ग्रहण होगा और शनि का राशि परिवर्तन भी होगा। 29 तारीख को शनि मीन राशि में प्रवेश करेगा, इस कारण मीन राशि में एक साथ छह ग्रह हो जाएंगे।

एक राशि में एक साथ छह ग्रह के योग को षष्टग्रही योग कहा जाता है। ज्योतिष के नजरिए से ये एक दुर्लभ घटना है, जब एक साथ एक राशि में छह ग्रह आए जाएंगे। 29 मार्च को मीन राशि में सूर्य, बुध, शुक्र, राहु, चंद्र और शनि रहेंगे। सिर्फ केतु, मंगल और गुरु ग्रह अन्य राशियों में रहेंगे। जब किसी एक राशि में 5-6 ग्रह हो तो इस स्थिति को अशुभ माना जाता है। इसलिए कुंडली में ग्रहों के अशुभ असरों को कम करने के लिए सभी नौ ग्रहों की विशेष पूजा करनी चाहिए और नौ ग्रहों से संबंधित चीजों का दान करना चाहिए।

नौ ग्रह की पूजा में ग्रहों के मंत्रों का जप करना चाहिए। मंत्र जप कम से कम 108 बार करेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। मंत्र जप की संख्या का ध्यान रखने के लिए रुद्राक्ष की माला का इस्तेमाल करें।

**नौ ग्रहों के नौ मंत्र**

**सूर्य मंत्र - ऊँ सूर्याय नमः।**
**चंद्र मंत्र - ऊँ सोमाय नमः।**
**मंगल मंत्र - ऊँ भौमाय नमः।**
**बुध मंत्र - ऊँ बुधाय नमः।**
**गुरु मंत्र - ऊँ बृहस्पतये नमः।**
**शुक्र मंत्र - ऊँ शुक्राय नमः।**
**शनि मंत्र - ऊँ शनैश्चराय नमः।**
**राहु मंत्र - ऊँ राहवे नमः।**
**केतु मंत्र - ऊँ केतवे नमः।**

**नौ ग्रहों के लिए दान करें अलग-अलग चीजें**

**सूर्य - गेहूं, गुड़, तांबे का सिक्का या बर्तन, लाल वस्त्र, लाल चंदन**
**चंद्र - चावल, दूध, सफेद वस्त्र, मोती, दही, चीनी, चांदी**
**मंगल - मसूर की दाल, गुड़, लाल वस्त्र, तांबे का बर्तन, मूंगा रत्न, अनार**
**बुध - हरी मूंग की दाल, हरा कपड़ा, इलाइची, पन्ना रत्न**
**गुरु - चने की दाल, हल्दी, पीले वस्त्र, सोना या पीतल, केसर, केले**
**शुक्र - सफेद वस्त्र, चावल, दूध और दूध से बनी चीजें, शक्कर, सुगंधित चीजें जैसे इत्र, चंदन, चांदी**
**शनि - काले तिल, उड़द, लोहे का सामान, काले वस्त्र, जूते-चप्पल, तेल, नीलम रत्न**
**राहु - काले तिल, सरसों का तेल, नारियल, राई, भोजन**
**केतु - कंबल, कुत्ते को खाना, सफेद और काले तिल, गोमूत्र, मूंगा**

मकर राशि से उतरेगी और मेष राशि पर आएगी साढ़ेसाती

नौ ग्रहों का न्यायाधीश शनि सबसे धीमा चलने वाला ग्रह है। ये एक राशि में करीब ढाई साल रुकता है। इसी वजह से कुछ राशियों पर शनि का सीधा असर लंबे समय तक बना रहता है। 29 मार्च को शनि राशि बदलकर कुंभ से मीन राशि में आ जाएगा।

शनि के राशि बदलने से राशियों की साढ़ेसाती और ढय्या भी बदलेगी।

मकर राशि से साढ़ेसाती उतरेगी और मेष राशि पर शुरू होगी। कुंभ और मीन राशि पर साढ़ेसाती चल ही रही है।

कर्क और वृश्चिक राशि ढय्या उतर जाएगी। 29 मार्च के बाद सिंह और धनु राशि पर ढय्या शुरू हो जाएगी।

13 जुलाई को शनि वक्री हो जाएगा और 28 नवंबर को फिर से मार्गी हो जाएगा। 29 मार्च के बाद पूरे साल शनि मीन राशि में ही रहेगा।

# चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से होगी शुरू कब करें स्नान, घटस्थापना और पूजा?



इस साल चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 30 मार्च से होने जा रहा है। रविवार को धरती पर मां दुर्गा का आगमन होगा और वे 8 दिनों तक अपने मायके में रहेंगी। इस बार की चैत्र नवरात्रि 8 दिनों की है। नवरात्रि के समय में माता दुर्गा अपने ससुराल यानि कैलाश पर्वत को छोड़कर मायके पृथ्वी पर आती हैं। उनके साथ भगवान कार्तिकेय, गणेश जी और शिव गण आते हैं।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को चैत्र नवरात्रि के पहले कलश स्थापना करते हैं, उसके साथ ही मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा करते हैं। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना कब करना है? स्नान, पूजा आदि का मुहूर्त क्या है?

चैत्र नवरात्रि 2025 तिथि मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 29 मार्च शनिवार को शाम 04:27 बजे से लेकर 30 मार्च रविवार को दोपहर 12:49 बजे तक रहेगी। उसके बाद से द्वितीया तिथि लग जाएगी। सूर्योदय की तिथि के अनुसार, चैत्र नवरात्रि का पहला दिन 30 मार्च को है।

चैत्र नवरात्रि 2025 ब्रह्म मुहूर्त

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन स्नान के लिए सबसे अच्छा समय ब्रह्म मुहूर्त को माना जाता है। जो लोग कलश स्थापना करना चाहते हैं, उनको ब्रह्म मुहूर्त में स्नान आदि करके निवृत हो जाना चाहिए। उस दिन ब्रह्म मुहूर्त 04:41 ए एम से 05:27 ए एम तक है।

चैत्र नवरात्रि 2025 कलश स्थापना मुहूर्त

**1. सुबह में कलश स्थापना का शुभ समयः** 6:13 बजे से लेकर 10:22 बजे तक

**2. दोपहर में कलश स्थापना का शुभ समयः** 12:01 बजे से 12:50 बजे तक।

चैत्र नवरात्रि 2025 पहले दिन के शुभ समय

**प्रातः** सन्ध्याः 05:04 ए एम से 06:13 ए एम तक

**अभिजीत मुहूर्तः** 12:01 पी एम से 12:50 पी एम तक

अमृत कालः 02:28 पी एम से 03:52 पी एम

**विजय मुहूर्तः** 02:30 पी एम से 03:19 पी एम तक

**गोधूलि मुहूर्तः** 06:37 पी एम से 07:00 पी एम तक

सायाह्न सन्ध्याः 06:38 पी एम से 07:47 पी एम तक

निशिता मुहूर्तः 31 मार्च को 12:02 ए एम से 12:48 ए एम तक

चैत्र नवरात्रि 2025 पहले दिन के शुभ योग और नक्षत्र

सर्वार्थ सिद्धि योगः 04:35 पी एम से मार्च 31 को 06:12 ए एम तक

इन्द्र योगः प्रातःकाल से 05:54 पी एम तक

**रेवती नक्षत्रः** प्रातःकाल से लेकर शाम 04:35 बजे तक, फिर अश्विनी नक्षत्र

चैत्र नवरात्रि 2025 पहले दिन के शुभ चौघड़िया मुहूर्त

दिन का शुभ चौघड़िया मुहूर्त

**चर-सामान्यः** 07:46 ए एम से 09:20 ए एम तक

लाभ-उन्नतिः 09:20 ए एम से 10:53 ए एम तक

**अमृत-सर्वोत्तमः** 10:53 ए एम से 12:26 पी एम तक

शुभ-उत्तमः 01:59 पी एम से 03:32 पी एम तक

रात का शुभ चौघड़िया मुहूर्त

**शुभ-उत्तमः** 06:38 पी एम से 08:05 पी एम तक

**अमृत-सर्वोत्तमः** 08:05 पी एम से 09:31 पी एम तक

चर-सामान्यः 09:31 पी एम से 10:58 पी एम तक

**लाभ-उन्नतिः** 31 मार्च को 01:52 ए एम से 03:19 ए एम तक

**शुभ-उत्तमः** 31 मार्च को 04:45 ए एम से 06:12 ए एम तक

# चैत्र नवरात्रि में 9 दिन पहनें इन रंगों के कपड़े खूब बरसेगी देवी मां की कृपा!



नवरात्रि भारत का एक खास पर्व है जो लाखों लोगों के लिए आस्था और भक्ति से जुड़ा होता है। यह नौ रातों का उत्सव अच्छाई की बुराई पर जीत और देवी दुर्गा की शक्ति का प्रतीक है। हर दिन एक खास रंग से जुड़ा होता है जो देवी के अलग-अलग रूपों को दर्शाता है। आइए जानते हैं 2025 में चैत्र नवरात्रि के दिनों के अनुसार कौन-कौन से रंग पहने जाने चाहिए। जिससे देवी दुर्गा की कृपा आप और आपके परिवार पर बरसती रहे।

**नवरात्रि के 9 दिन किस रंग के कपड़े पहनें?**

**पहला दिन**

30 मार्च 2025 (रविवार)-नारंगी रंग

रविवार के दिन नारंगी रंग पहनकर देवी दुर्गा की पूजा करने से जीवन में जोश और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। यह रंग उत्साह और गर्मजोशी का प्रतीक है।

**दूसरा दिन**

31 मार्च 2025 (सोमवार)- सफेद रंग

सोमवार को सफेद रंग पहनने से मन को शांति और सुरक्षा का एहसास होता है। यह रंग पवित्रता और मासूमियत का प्रतीक है और देवी की कृपा पाने में मदद करता है।

**तीसरा दिन 3**

1 अप्रैल 2025 (मंगलवार)- लाल रंग

मंगलवार को लाल रंग पहनना शुभ माना जाता है। यह रंग प्रेम और ऊर्जा का प्रतीक है और देवी को चढ़ाई जाने वाली चुनरी का भी प्रमुख रंग है। लाल रंग आत्मविश्वास और शक्ति बढ़ाने में मदद करता है।

**चौथा दिन**

2 अप्रैल 2025 (बुधवार)- रॉयल ब्लू रंग

बुधवार को रॉयल ब्लू रंग पहनने से व्यक्ति में आत्मविश्वास और शांति का संचार होता है। यह गहरे नीले रंग की छटा समृद्धि और भव्यता को दर्शाती है।

**पांचवां दिन**

3 अप्रैल 2025 (गुरुवार)-पीला रंग

गुरुवार को पीला रंग पहनकर नवरात्रि मनाने से खुशी और सकारात्मकता बनी रहती है। यह रंग गर्माहट और आनंद का प्रतीक है, जिससे मन प्रसन्न रहता है।

**छठा दिन**

4 अप्रैल 2025 (शुक्रवार)-हरा रंग

शुक्रवार को हरा रंग पहनने से जीवन में नई शुरुआत, शांति और उन्नति का अनुभव होता है। यह रंग प्रकृति और विकास का प्रतीक है और देवी की कृपा पाने के लिए शुभ माना जाता है।

**सातवां दिन**

5 अप्रैल 2025 (शनिवार)-ग्रे रंग

शनिवार को ग्रे रंग पहनने से भावनाओं में संतुलन बना रहता है। यह रंग सादगी और स्थिरता का प्रतीक है, जिससे व्यक्ति जमीन से जुड़ा रहता है।

**आठवां दिन 8**

6 अप्रैल 2025 (रविवार)-बैंगनी रंग

रविवार को बैंगनी रंग पहनना भव्यता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। यह रंग देवी की कृपा से वैभव और धन प्राप्त करने में मदद करता है।

**नौवां दिन**

7 अप्रैल 2025 (सोमवार)-मोर हरा रंग

सोमवार को मोर हरा रंग पहनने से व्यक्ति का आत्मविश्वास और आकर्षण बढ़ता है। यह रंग करुणा और ताजगी का प्रतीक है, जो जीवन में नई ऊर्जा लाता है।

# पीतल का यह अनोखा यंत्र बदल सकता है आपकी किस्मत

मुरादाबाद को पीतल नगरी के नाम से जाना जाता है। यहां के पीतल से बने उत्पाद देश-विदेश में निर्यात किए जाते हैं। इन प्रोडक्ट्स की खासियत यहां के शिल्पकारों की बारीक नक्काशी और बेहतरीन कारीगरी है, जो इन्हें और भी खूबसूरत और आकर्षक बना देती है।

इन्हीं शिल्पकारों की बेहतरीन कारीगरी के कारण मुरादाबाद के उत्पादों की मांग देश-विदेश में बनी रहती है। अब यहां के कारीगरों ने पारंपरिक पीतल उत्पादों के साथ-साथ एक खास कछुए की मूर्ति तैयार की है, जिसे प्लेट में रखा गया है। इस मूर्ति के भीतर व्यापार वृद्धि का यंत्र अंकित किया गया है, साथ ही इसमें कई अन्य प्रतीक भी उकेरे गए हैं, जो इसे और खास बनाते हैं।

प्लेट में रखे कछुए की मूर्ति में व्यापार वृद्धि के यंत्र के साथ-साथ अन्य कई चीजों की दर्शाई गई है। इसके साथ ही यह एक ऐसा यंत्र है। जो घर की नेगेटिव ऊर्जा को बाहर कर पॉजिटिव ऊर्जा को अंदर करने का काम करता है। इस यंत्र से व्यापार में भी वृद्धि होती है। इसके अलावा अन्य कई मामलों में भी यह लोगों को फायदा पहुंचता है।

वास्तु शास्त्र में इस यंत्र का विशेष महत्व माना जाता है, इसलिए इसकी बाजार में अच्छी मांग देखी जा रही है। कारोबारियों ने इसे एक नए और अनोखे उत्पाद के रूप में पेश किया है, जिसे ग्राहक काफी पसंद कर रहे हैं।

पीतल कारोबारी सरताज अली ने बताया कि वह बचपन से ही इस कारोबार से जुड़े हुए हैं। उन्होंने खासतौर पर यह पीतल का यंत्र तैयार किया है, जो नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने में मदद करता है। उनका मानना है कि यह यंत्र सौभाग्य बढ़ाने में भी कारगर साबित होता है।

उन्होंने बताया कि इस यंत्र को बनाने में काफी समय लगता है और इसकी कीमत 250 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक होती है। इसकी मांग पूरे भारत में बढ़ रही है, और देशभर से ऑर्डर मिल रहे हैं।

# साल का पहला सूर्यग्रहण, गर्भवती महिलाएं न करें ये भूल

29 मार्च को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह सूर्यग्रहण कई मायनों में बेहद खास होने जा रहा है। दरअसल, इस बार सूर्यग्रहण के साथ शनि का गोचर भी मीन राशि में होने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र में शनि और सूर्य के संबंध अच्छे नहीं बताए गए हैं। ऐसे में साल का पहला सूर्यग्रहण मीन राशि में लगेगे और शनि भी मीन राशि में गोचर कर जाएंगे। ऐसे में जहां-जहां यह ग्रहण दृश्य होगा वहां सूतक काल को लेकर बहुत ही संभलकर रहने की जरूरत है। साथ ही इस ग्रहण में गर्भवती महिलाओं को भी बहुत संभलकर रहना होगा। आइए जानते हैं सूर्यग्रहण के दौरान गर्भवती महिलाएं क्या करें क्या न करें।

**गर्भवती महिलाएं क्या करें क्या न करें**

सूर्यग्रहण के प्रभाव से बचने के लिए गर्भवती महिलाओं को महामृत्युंजय मंत्र का जप करना चाहिए। या फिर आप अपने इष्टदेव के मंत्र का भी जप कर सकते हैं



सूर्यग्रहण के दौरान महिलाओं में पाचन दोष बढ़ जाता है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को इस दौरान पहले से बना भोजन करने से बचना चाहिए। अगर आप चाहें तो फलों का सेवन कर सकते हैं।

गर्भवती महिलाओं को इस दौरान बाहर नहीं निकलना चाहिए। अगर जाना पड़े तो पहले अपने पेट पर गेरु लगाकर जाए।

गर्भवती महिलाओं को ग्रहण के दौरान धारदार वस्तुओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए। महिलाओं को चाकू, कैंची और सिलाई कढ़ाई आदि कार्यों से परहेज करना चाहिए।

साथ ही सूर्यग्रहण के दौरान सोने से बचना चाहिए। जितना हो सके भगवान का ध्यान पूजन करना चाहिए।

हालांकि सूर्यग्रहण से 12 घंटे पहले सूतक काल लग जाता है इसलिए इस दौरान मंदिर में न जाएं और भगवान की मूर्तियों को स्पर्श भी न करें।

ग्रहण समाप्त होने के बाद स्नान आदि करके पूरे घर में गंगाजल छिड़कना चाहिए।

**क्या भारत में दृश्य होगा सूर्यग्रहण ?**

साल का पहला सूर्यग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। इसलिए इस सूर्यग्रहण का प्रभाव भारत पर ज्यादा दिखाई भी नहीं देगा। यह साल का पहला सूर्यग्रहण इंग्लैंड, उत्तरी अमेरिका के पूर्वी क्षेत्रों, दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भाग, फिनलैंड, इटली, फ्रांस, जर्मनी,उत्तरी ब्राजील, बारमूडा, फिनलैंड, इटली,पुर्तगाल, रोमानिया, उत्तरी रूस, स्पेन, मोरक्को, यूक्रेन।

# आलिया की सफलता से सारा को होती थी जलन

## बोलीं- नेशनल अवॉर्ड मिलने पर लगा उनकी लाइफ तो सेट है, लेकिन उनकी मेहनत नहीं देखी







आलिया भट्ट इस वक्त इंडस्ट्री की टॉप हीरोइन हैं। एक्ट्रेस अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल अचीवमेंट्स की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस सारा अली खान ने ये खुलासा किया कि उन्हें आलिया भट्ट से जलन होती थी।

एक समय उन्हें आलिया के प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों लाइफ से जलन होने लगी थी। वो कहती हैं कि उन्होंने एक्ट्रेस की लाइफ में आने वाली चुनौतियों पर सोचा ही नहीं। उन्हें सिर्फ उनकी सफलता दिख रही थी।

एनडीटीवी युवा से बात करते हुए सारा कहती हैं- 'जब आलिया को नेशनल अवॉर्ड मिला था। उस वक्त मुझे लगा भगवान ये अवॉर्ड जीत गईं। उनके पास एक बच्चा भी है। उनकी जिंदगी तो सेट है। लेकिन मुझे नहीं पता कि उन्हें यह सब पाने के लिए क्या-क्या सहना पड़ा होगा। एक एक्टर के तौर पर मैंने उन्हें अमानवीय बना दिया।'

सारा अपनी बात में आगे कहती हैं, हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। किसी से जलन महसूस करने से पहले उस इंसान की पूरी कहानी जाननी होती है। अक्सर हम बिना किसी की मेहनत जाने उससे जलन लगते हैं। हमें बस दूसरों की सफलता दिखती है। उन्होंने कहा, हम नहीं देख पाते कि इसके पीछे क्या चल रहा है। जलन का मतलब है अंधापन।

बता दें कि आलिया भट्ट को साल 2022 में उनकी फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। उसी साल अप्रैल में उन्होंने एक्टर रणबीर कपूर से शादी की थी। 2022 के नवंबर में दोनों राहा के पेरेंट्स बने।

वहीं, सारा अली खान की बात करें तो उन्होंने साल 2018 में फिल्म 'केदारनाथ' से अपने करियर की शुरुआत की थी। सारा की 'स्काई फोर्स' इसी साल रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिला था। जल्द ही वो फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में दिखेंगी।

# पिता के नक्शेकदम पर ऋतिक कृष 4 का करेंगे डायरेक्शन


## यशराज फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस करेंगे राकेश रोशन, अगले साल शुरू होगी शूटिंग

ऋतिक रोशन फिल्म कृष 4 से डायरेक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। इस बात का ऐलान खुद उनके पिता राकेश रोशन ने सोशल मीडिया पर किया है। उन्होंने कहा कि वे अब निर्देशन की जिम्मेदारी अपने बेटे ऋतिक को सौंप रहे हैं। वहीं, इस फिल्म को राकेश रोशन और आदित्य चोपड़ा मिलकर प्रोड्यूस करेंगे।

राकेश रोशन ने अपने इंस्टाग्राम पर ऋतिक रोशन के साथ एक फोटो शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, '25 साल पहले मैंने तुम्हें एक एक्टर के तौर पर लॉन्च किया था और आज 25 साल बाद मैं तुम्हें एक निर्देशक के रूप में लॉन्च करने जा रहा हूं।'

इसके अलावा ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए पुष्टि की कि ऋतिक रोशन डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। वे अपनी फिल्म कृष 4 के साथ निर्देशन में कदम रखेंगे। इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा और राकेश रोशन प्रोड्यूस करेंगे।

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, राकेश रोशन ने कहा, 'मैं कृष 4 के निर्देशन की कमान अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं, जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी की शुरुआत से ही मेरे साथ इसे जीया है। महसूस किया है और इसके सपने देखे हैं।



ऋतिक के पास कृष की यात्रा को दशकों तक दर्शकों के साथ आगे ले जाने का एक विजन है। मुझे यह देखकर बहुत गर्व हो रहा है कि वह एक ऐसी फिल्म के लिए डायरेक्टर बनने जा रहे हैं, जो हमारे लिए एक परिवार के रूप में बहुत मायने रखती है।'

राकेश रोशन ने आगे कहा, 'कृष 4 को आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस करेंगे। मुझे बहुत खुशी है कि उन्होंने ऋतिक के निर्देशन में आने के लिए हामी भरी।'

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कृष 4' की स्क्रिप्ट तैयार है और इसके प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा है। अगले साल 2026 की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

राकेश रोशन ने अपने करियर की शुरुआत बतौर एक्टर साल 1970 में फिल्म घर घर की कहानी से की थी। इस फिल्म में वे सपोर्टिंग किरदार में नजर आए थे। उन्होंने बतौर एक्टर बहुत ही कम फिल्मों में काम किया है। इसके बाद उन्होंने साल 1980 में खुद की प्रोडक्शन कंपनी खोली और उसी साल आप के दीवाने फिल्म बनाई। लेकिन यह फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर बुरी फ्लॉप साबित हुई थी।

हालांकि, इसके अलावा वे किंग अंकल, कोयला, कहो ना प्यार है, कोई मिल गया, करण-अर्जुन, कृष और कृष 2 जैसी फिल्मों का डायरेक्शन कर चुके हैं।

# श्रेयस तलपड़े के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में शिकायत दर्ज

## पैसे दोगुना करने के नाम पर गांववालों से लाखों की ठगी हुई, एक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी के 3 केस

फिल्म इमरजेंसी में नजर आए एक्टर श्रेयस तलपड़े के खिलाफ उत्तर प्रदेश में शिकायत दर्ज हुई है। आरोप हैं कि उत्तर प्रदेश में करोड़ों के चिटफंड घोटाले में एक्टर का नाम शामिल है। उनके अलावा 14 अन्य लोगों के खिलाफ भी शिकायत दर्ज हुई है।

आईएएनएस की रिपोर्ट के अनुसार, एक्टर श्रेयस तलपड़े लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड कंपनी से जुड़े हुए हैं। आरोप हैं कि ये कंपनी ग्रामीणों से पैसे लेकर दोगुना कर रिटर्न करने का दावा करती है। स्कीम में पैसे लगाने वालों को बताया गया था कि श्रेयस तलपड़े भी कंपनी से जुड़े हुए हैं। पैसे दोगुने करने की स्कीम के तहत कई ग्रामीणों से करोड़ों रुपए लिए गए थे।

ग्रामीणों का आरोप है कि महोबा में 10 साल पहले इस



कंपनी का ऑफिस शुरू हुआ था। वो लोग श्रेयस तलपड़े का चेहरा दिखाकर स्कीम प्रमोट करते थे, जिससे लोगों को स्कीम पर आसानी से भरोसा हो जाता था। समय-समय पर गांव वालों ने थोड़ी-थोड़ी राशि जमा की, जो लाखों में पहुंच गई। पैसे जमा करने वालों में मैकेनिक से लेकर मिस्त्री का काम करने वाले लोग भी शामिल हैं। वो लोग सालों से पैसे जमा कर रहे थे।

जब लोगों ने कंपनी से पैसे लौटाने को कहा तो अचानक कंपनी के एजेंट्स ने ऑफिस बंद कर दिया और जिले से भाग निकले। इस मामले में महोबा के श्रीनगर पुलिस स्टेशन में कंपनी के चेयरमैन, श्रेयस तलपड़े समेत 15 के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है। अधिकारियों ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि कंपनी के सभी नंबर बंद हैं।

चिटफंड मामले से पहले भी श्रेयस तलपड़े पर धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। इसी साल की शुरुआत में श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ पर लखनऊ के इन्वेस्टर्स से 9 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। ये शिकायत लखनऊ के गोमती नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई थी। इसके अलावा भी आलोक नाथ और श्रेयस का नाम हरियाणा के सोनीपत की मल्टीलेवल मार्केटिंग में हुई धोखाधड़ी के मामले में आ चुका है।

# जॉनी लीवर की बेटी जेमी पर मेकअप आर्टिस्ट ने किया था भद्दा कॉमेंट- नाक बड़ी है कटिंग करनी पड़ेगी

## अब छलका दर्द

दिग्गज जॉनी लीवर बेहतरीन एक्टर और शानदार कॉमेडियन रहे हैं। उन्होंने कई सुपरहिट हिंदी फिल्मों में काम किया है। उनकी बेटी जेमी लीवर भी उनके नक्शे कदम पर चल रही हैं। हालांकि, उन्हें दूसरे स्टार किड्स की तरफ तुरंत शोहरत नहीं मिली। उल्टा उन्हें काफी स्ट्रगल करना पड़ा। लेकिन अपनी काबिलियत के दम पर अपना रास्ता खुद बनाया। क्या आप जानते हैं कि उन्हें अपने लुक्स के कारण आलोचना का शिकार होना पड़ा था, जिससे वो टूट गई थीं।

जॉनी लीवर के बेटी जॉनी लीवर हाल ही में टीवी एक्ट्रेस छवि मित्तल के पॉडकास्ट में नजर आईं। यहां उनसे पूछा गया कि पिछले एक साल में उन्हें लोगों की जजमेंट और आलोचना का सामना कैसे करना पड़ा और इससे उनके आत्मविश्वास पर क्या असर पड़ा। इस पर जेमी ने बताया कि उन्हें इससे कई बार



गुजरना पड़ा। बड़े होते हुए उन्हें लगातार कहा जाता था कि उनकी नाक बहुत बड़ी है। एक दिन, वह एक फोटोशूट करवा रही थीं और एक मेकअप आर्टिस्ट ने उन पर एक भद्दी टिप्पणी की।

जेमी लीवर ने कहा, 'एक दिन मैं फोटोशूट कर रही थी और मेकअप आर्टिस्ट ने कहा कि इसका कटिंग करना पड़ेगा नाक बहुत बड़ी है। यह आपको तोड़ देता है। ऐसा लगता है कि आप कभी भी अच्छे नहीं बन पाएंगे।'

इतना ही नहीं, जेमी ने बताया कि वह बचपन में मोटापे से जूझ रही थीं। वजन घटाना आसान नहीं था, क्योंकि उन्हें पीसीओएस था। उन्हें ये भी बताया गया कि बड़े कूल्हे (हिप) अच्छे नहीं होते। इसलिए वह हमेशा अपने निचले शरीर को ढक कर रखती थी। 37 साल की जेमी ने आगे कहा, 'मुझे हमेशा कहा जाता था कि बड़े कूल्हे शर्मनाक होते हैं और आपको उन्हें ढंकना पड़ता है। इसलिए बड़े होते हुए मैंने हमेशा अपने निचले शरीर को लंबी टी-शर्ट और कुर्तियों से ढक कर रखा। मेरे पास हमेशा से ऐसी ही वॉर्डरॉब रही है।

# जन्नत जुबैर और रीम शेख ईद से पहले उमराह के लिए रवाना

## निया शर्मा बोलीं- दोनों को इतना खूबसूरत कभी नहीं देखा



रमजान का पाक महीना खत्म होने वाला है। हर रोजेदार की आंखें नम हैं। टीवी की फेमस एक्ट्रेसेस जन्नत जुबैर और रीम शेख भी मदीना रवाना हो गई हैं। ईद से पहले दोनों ने फ्लाइट से फोटोज शेयर कीं, जिनमें वो अबाया पहने दिख रही हैं। जन्नत ने 'अलविदा जुम्मा मुबारक' कहा तो रीम भी बोलीं- 'आओ मदीने चलें...।'

रीम शेख और जन्नत जुबैर बेस्ट फ्रेंड हैं। वो भी जन्नत के साथ मदीना जा रही हैं।

रीम ने सफेद रंग का अबाया पहना है। उनके पोस्ट पर 'लाफ्टर शेफ्स' की निया शर्मा लिखती हैं, 'आप दोनों को इतना खूबसूरत कभी नहीं देखा।'

एक ने लिखा, 'माशाल्लाह, अल्लाह के घर जा रही हैं।' दूसरे ने इनकी दोस्ती पर कहा, 'एक दिन हम सभी दोस्त भी मदीना जाएंगे। आमीन।' एक और लिखते हैं, 'अल्लाह आपका उमरा कुबूल करें।'

इससे पहले रीम और जन्नत को 'लाफ्टर शेफ्स' में देखा गया था। दोनों एक-दूसरे की पार्टनर थीं। इस शो में अली गोनी, निया शर्मा, करण कुंद्रा, अर्जुन बिजलानी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, सुदेश लहरी, राहुल वैद्य, विक्की जैन और अंकिता लोखंडे नजर आए थे। इसके दूसरे सीजन में निया, अली, अर्जुन, जन्नत और रीम को रिप्लेस कर दिया गया। करण ने हाल ही में एंट्री ली है।

# बॉलीवुड को भा रहे चंदेरी के किले और संकरी गलियां

## 'स्त्री' से 'सुई धागा' तक की हुई शूटिंग, दिखी एमपी की खूबसूरती



मध्यप्रदेश वैसे तो आजादी के बाद से ही फिल्मों की शूटिंग के लिए खास जगह रहा है। राजकपूर ने अपनी फिल्म 'श्री-420' के 'मेरा जूता है जापानी' की शूटिंग एमपी के शाजापुर की कई लोकेशन पर की थी। इसके अलावा सिहोर, भोपाल, ग्वालियर जैसी जगहें भी बॉलीवुड को आकर्षित करती रही हैं। लेकिन इन दिनों एमपी का चंदेरी फिल्मवालों के लिए फेवरेट जगह बना हुआ है।

चंदेरी अपनी ऐतिहासिक धरोहर, खूबसूरत किलों और संकरी गलियों के कारण कई फिल्मों और वेब सीरीज की शूटिंग के लिए पसंदीदा जगह बन चुका है। 2018 में आई राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' और फिर 2023 में बनी 'स्त्री 2' की 90 फीसदी शूटिंग चंदेरी में हुई। फिल्म 'सुई धागा' की तकरीबन पूरी शूटिंग भी यहीं पर की गई। वरुण धवन और अनुष्का शर्मा की यह फिल्म भारतीय कारीगरों और हस्तशिल्प की कहानी पर आधारित थी। इसके बाद 2019 में आई 'लुका छुपी'। कार्तिक आर्यन और कृति सेनन की इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म के कुछ हिस्से भी चंदेरी में शूट हुए।

फिर 2022 में वरुण धवन और कृति सेनन स्टारर हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भेड़िया' के कुछ हिस्सों की शूटिंग भी यहां पर की गई थी। यही नहीं, 2018 में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'टर्टल' फिल्म के कुछ दृश्य चंदेरी में शूट किए गए थे, जिसमें पानी की समस्या को अच्छी तरह उजागर किया गया।

# 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' प्रोमो: मेकर्स से हुई गलती?

## उषा ताई को फिर देख हुई हैरानी, लोग बोले- क्या कंफ्यूजन है!

सोनी टीवी पर आने वाला शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' लगातार चर्चा में बना हुआ है। बीते दिनों दिखाया गया था कि कंटेस्टेंट उषा नाडकर्णी एविक्ट हो गई थीं। उनके एलिमिनेट होने की खबर से मिस्टर फैजू से लेकर राजीव अदातिया तक इमोशनल हो गए थे। जज फराह खान, रणवीर बरार और कुणाल ने उन्हें अलविदा कहते समय उनकी संघर्ष भरी जर्नी को भी याद किया था। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि उनकी शो में वापसी हो गई है।

सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के एपिसोड की शुरुआत में तेजस्वी प्रकाश और राजीव अदातिया साईं बाबा के प्रति गहरी आस्था और भक्ति पर चर्चा करते हैं। इसके बाद वे शिरडी में साईं बाबा मंदिर के दर्शन करते हैं। तेजस्वी लौटकर सभी जजों और कंटेस्टेंट्स को प्रसाद बांटती हैं।




फिर सेट पर साईं बाबा की पूजा भी होती है। इसके बाद ऐलान किया जाता है कि शो की नई चुनौती के तहत कंटेस्टेंट्स को लगभग 500 साईं बाबा भक्तों के लिए भोजन तैयार करना है। भक्तों के लिए महाप्रसाद बनाने के लिए दो टीम बनाई जाती है। सेलेब्स ने साईं बाबा के लिए अपनी भक्ति के बारे में भी बताया। इनमें उषा ताई भी शामिल थीं।

उषा नाडकर्णी ने कहा, 'मैं साईं बाबा में विश्वास करती हूं। मुझे भगवान पर बहुत भरोसा है। पहले मैं अपनी उंगली में साईं बाबा की अंगूठी पहनती थी। स्टेज शो के दौरान अगर मुझे अंगूठी निकालनी होती तो मैं उसे अपने ब्लाउज में रख लेती, लेकिन कभी खुद से दूर नहीं करती। मेरे घर में अकलकोट है। गजानन महाराज हैं। शोकेस में साईं बाबा हैं। भगवान पर मेरा बहुत भरोसा। भगवान के लिए मैं अभी तक हूं। जो भी मेरी जिंदगी में अच्छा होता है भगवान की जह से होता है।'

### मेकर्स की हो रही है आलोचना

इस प्रोमो को देखने के दर्शक उषा ताई को शो में वापस देखकर हैरान हैं। मेकर्स की आलोचना भी हो रही है। एक यूजर ने लिखा, 'क्या हो रहा है? उषा ताई पिछले एपिसोड में एलिमिनेट हो गई थीं तो वो आने वाले एपिसोड में यहां क्या कर रही हैं?' दूसरे ने लिखा, 'उषा ताई कैसे आ गईं और क्या ये एडिटिंग है?' एक और लिखते हैं, 'इस तरह एपिसोड बदलने की क्या जरूरत थी? उन्हें इतना भ्रम पैदा करने की बजाय शिरडी वाला एपिसोड पहले ही रख लेना चाहिए था।'

# करिश्मा कपूर से लेकर लिएंडर पेस तक ने फैशन वीक में बिखेरा जलवा



बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, नुसर भरुचा समेत कई सेलेब्स ने एक फैशन शो में रैंप वॉक किया। सितारे डिजाइनर्स के लिए रैंप पर उतरे और उनके डिजाइन किए हुए ड्रेस को सभी के सामने पेश किया। उनकी चमक और आकर्षण ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने गुरुवार को लैक्मे फैशन वीक में डिजाइनर सत्या पॉल के लिए रैंप वॉक किया। अभिनेत्री ने मोनोक्रोम बेल्टेड साड़ी में सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शो की तस्वीरें भी शेयर की।

फैशन वीक में अभिनेत्री नुसरत भरुचा ने भी अपने जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने कई डिजाइनर्स के डिजाइन की हुई ड्रेस में रैंप वॉक किया।

अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी ने भी फैशन वीक पर अपना जलवा बिखेरा। 'खाकीः द बंगाल चैप्टर' स्टार ने काले बंगाली कोचानो धोती में रैंप पर वॉक किया। उनका आकर्षक पहनावें ने सभी को प्रभावित किया। बंगाली सिनेमा में अपने प्रभावशाली अभिनय के लिए मशहूर अभिनेता, फैशन डिजाइनर रॉय अभिषेक के लिए यह वॉक की। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर अपने रैंप वॉक की तस्वीर शेयर की।

# अक्षय खन्ना : ऐश्वर्या को सेक्सी मानते हैं

## रिलेशनशिप में टिक नहीं पाते, अब तक सिंगल, कहा था- बच्चे पैदा करने का शौक नहीं

अक्षय खन्ना इन दिनों फिल्म 'छावा' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में उन्होंने औरंगजेब का किरदार निभाया है। अक्षय का यह किरदार इन दिनों इसलिए ज्यादा चर्चा में है, क्योंकि इस फिल्म के रिलीज के बाद ही नागपुर बड़ा विवाद हुआ। औरंगजेब के किरदार में अक्षय ने जान फूंक दी।

अक्षय खन्ना को भले ही सुपरस्टार का तमगा हासिल नहीं हुआ हो, लेकिन जब वो परदे पर आते हैं तब अपनी एक अलग छाप छोड़ जाते हैं, जिसकी खूब चर्चा होती है। फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के अलावा अक्षय खन्ना अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। अक्षय का नाम कई एक्ट्रेस के साथ जुड़ा, लेकिन आज भी वो अकेले जिंदगी जी रहे हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया था कि उन्हें अब तक ऐसी लड़की नहीं मिली जिससे वे शादी कर सकें। अजय देवगन से ब्रेकअप के बाद जब करिश्मा कपूर मुश्किल दौर से गुजर रही थीं, तभी उनकी मुलाकात अक्षय खन्ना से हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय खन्ना और करिश्मा कपूर के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं और बात शादी तक पहुंची।



करिश्मा कपूर के पिता रणधीर कपूर ने विनोद खन्ना के घर खुद बेटी का रिश्ता भेजा था, लेकिन इस कहानी में विलेन करिश्मा की मां बबीता कपूर बन गईं।






# ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे निकले निकोलस पूरन

## दो मैच में जड़े 12 चौके और 13 छक्के



नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स के हिटिंग मशीन निकोलस पूरन ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। पूरन ने अब तक लखनऊ की ओर से दो मैच खेले और दोनों मैच में ही उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी पक्ष के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। सनराइजर्स हैदराबाद के सामने उन्होंने महज 26 गेंदों में ताबड़तोड़ 70 रनों की पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पूरन ने पारी के दौरान 6 चौके और 6 गगनचुंबी छक्के लगाए। टूर्नामेंट में अब तक खेले गए दो मैचों में पूरन ने 12 चौके और 13 छक्कों की मदद से 145 रन बनाए हैं और इसी के साथ ही वह ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर हैं। उनके बाद मिशेल मार्श हैं, जो 2 मैचों में 124 रन बनाकर दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। मार्श टूर्नामेंट में अब तक 13 चौके और 8 छक्के लगा चुके हैं।

ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड हैं, जिन्होंने अब तक खेले गए दो मैचों में 114 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में अब तक 14 चौके और 6 छक्के भी जड़ चुके हैं। देखा जाए तो ऑरेंज कैप की रेस में सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन कुछ वक्त पहले तक सबसे आगे चल रहे थे। उनके नाम पहले मैच में 106 रन थे। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ किशन ने टूर्नामेंट में शानदार शतक लगाया था। उम्मीद की जा रही थी कि लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने भी वह अपनी बल्लेबाजी के दम पर ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर रहेंगे। लेकिन, लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने उन्हें शून्य पर आउट कर दिया। वहीं, निकोलस पूरन की शानदार बल्लेबाजी ने लखनऊ को टूर्नामेंट में पहली जीत दिलाई।

बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स के हाथों पहले मैच में मिली हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम गुरुवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में अपनी पहली जीत की तलाश में पहुंची। जहां उनका मुकाबला टूर्नामेंट की सबसे मजबूत मानी जा रही टीम सनराइजर्स हैदराबाद से होना था। माना जा रहा था कि यह मैच हाई स्कोरिंग होगा। लेकिन, हैदराबाद को मिले शुरुआती झटकों के बीच टीम 200 रनों के भीतर ही सिमट गई। 191 रनों का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मिशेल मार्श और निकोलस पूरन ने शानदार हाफ सेंचुरी लगाकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। टीम ने 23 गेंद शेष रहते पांच विकेट से मैच जीत लिया।

# श्रेयस-ईशान को मिल सकता है बीसीसीआई का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट



## पिछले साल बाहर कर दिया गया था; 29 मार्च को गुवाहाटी में बैठक

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हो सकती है। पिछले साल दोनों को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2023-24 से बाहर किया गया था। अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में एंट्री पर अपनी मुहर लगा चुके हैं। वहीं, ईशान ने आईपीएल के अपने पहले मैच में 106 रन की पारी खेलकर वापसी के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है।

29 मार्च को बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया, टीम के चयनकर्ता अजित अगरकर और कोच गौतम गंभीर गुवाहाटी में इस पर चर्चा कर सकते हैं। भारतीय टीम से जुड़े एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा कि अय्यर फिर से कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने वाले हैं और वह भी टॉप कैटेगरी में। वहीं, ईशान किशन के लिए अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है और अनुबंध में उनकी वापसी पर कोई पक्का निर्णय नहीं लिया गया है।

अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में करीब 49 की औसत से बनाए रन अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 5 पारियों में 79.41 के स्ट्राइक रेट से 243 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो अर्धशतक भी लगाए थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली थी। वे टूर्नामेंट के दूसरे टॉप स्कोरर रहे थे।

**रोहित, विराट और जडेजा ग्रेड ए+ में बरकरार**

वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ए+ में बरकरार रहेंगे। ये तीनों पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह भी ए+ ग्रेड में बने रहेंगे।

**अभिषेक, नीतीश और वरुण पहली बार बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट में हो सकते हैं शामिल**

अभिषेक शर्मा, नीतीश रेड्डी और और वरुण चक्रवर्ती पहली बार बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल हो सकते हैं। वरुण ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 9 विकेट लिए थे। नीतीश ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। वहीं, अभिषेक शर्मा ने 2024-25 के खेले 12 टी-20 इंटरनेशनल में 200.48 की स्ट्राइक से 411 रन बनाए है।

# इकाना में मैच से पहले मीका बिखेरेंगे जलवा



**लखनऊ में टीम का होगा पहला मुकाबला, पंजाब से होगी भिडंत**

लखनऊ, 29 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आईपीएल मुकाबलों के लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। एक अप्रैल को मेजबान लखनऊ सुपरजायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले मुकाबले से पहले मशहूर गायक मीका सिंह अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। 15 से 20 मिनट के कार्यक्रम के दौरान मीका स्टेडियम में हजारों की संख्या में बैठे दर्शकों का सामने अपनी प्रस्तुति देंगे। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के सीईओ अंकित चटर्जी के अनुसार एक अप्रैल को मुकाबले से पूर्व मीका सिंह धमाकेदार शो होगा। इसकी तैयारियां कर ली गई है। करीब 20 मिनट की प्रस्तुति के दौरान वे अपने अपने सुपर-डुपर हिट गाकर दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे।

# धोनी के फैंस से सीएसके के कई खिलाड़ी नाखुश

## > अंबाती रायडू ने बताई अंदर की बात!




नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स और एमएस धोनी एक दूसरे के पर्याय बन गए हैं। धोनी को टीम के फैन भगवान की तरह मानते हैं। जब वे बैटिंग करने आते हैं, तो शोर बहुत बढ़ जाता है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू को लगता है कि चेन्नई के दर्शक पहले धोनी के फैन हैं। इससे फ्रेंचाइजी को फायदा नहीं होता है। हाल ही में, रचिन रविंद्र ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई को आखिरी ओवर में छक्का मारकर जीत दिलाई। लेकिन धोनी के फैंस ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जताई। वे चाहते थे कि थाला मैच फिनिश करें।

**अंबाती रायडू ने फैंस पर सवाल उठाए**

अंबाती रायडू ने अब चेपॉक स्टेडियम में धोनी के प्रति दर्शकों के इस जुनून पर सवाल उठाया है। रायडू का मानना है कि दर्शकों का यह व्यवहार टीम के बाकी खिलाड़ियों के लिए सही नहीं है और इससे टीम को नुकसान हो सकता है। अंबाती रायडू ने बताया, 'यह बहुत अजीब है और मुझे नहीं लगता कि यह खेल के लिए अच्छा है। अगर आप नए हैं तो यह बहुत डरावना है। सपोर्ट बहुत अच्छा है। लेकिन, जैसे-जैसे आप खेलते जाते हैं, आपको एहसास होता है कि वे सीएसके के फैन होने से पहले एम एस धोनी के फैन हैं। यह बिल्कुल स्पष्ट है और ऐसा इसलिए है क्योंकि टीम को वर्षों से इसी तरह बनाया गया है' रायडू ने आगे कहा, 'उन्हें सही ही थाला कहा जाता है और वे सीएसके में फैसले लेते रहे हैं। अब यह इस हद तक पहुंच गया है कि लोग सीएसके के लिए उन्होंने जो किया है, उसके दीवाने और प्यार में हैं।'

**खिलाड़ियों के मन की बात बता दी**

रायडू ने यह भी बताया कि कैसे दर्शक सीएसके के बल्लेबाजों को आउट होने के लिए कहते हैं ताकि वे एम एस धोनी को बैटिंग करते देख सकें। रायडू ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को ऐसा महसूस हुआ है, लेकिन वे खुलकर कुछ नहीं कह पाए। रायडू ने कहा, 'यह कई सालों से हो रहा है और कई खिलाड़ियों ने इसे महसूस किया है। हालांकि उन्होंने खुलकर कुछ नहीं कहा, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत से लोगों को लगता था कि दर्शक उन्हें बैटिंग करते देखना चाहते हैं, लेकिन कभी-कभी जब आप एक खिलाड़ी के तौर पर बैटिंग करने जाते हैं तो वे भीड़ से चिल्लाते हैं। आपको आउट होने के लिए कहते हैं या वे उम्मीद कर रहे होते हैं कि आप आउट हो जाएं।' रायडू ने आगे कहा, 'इसलिए यह बहुत अजीब है, और मुझे नहीं लगता कि यह खेल के लिए अच्छा है।

# मुल्लापुर में धोनी का हेलीकॉप्टर शॉट देखने का मौका, टिकट बिक्री शुरू




चंडीगढ़, 29 मार्च (एजेंसियां)। ट्राईसिटी के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। उन्हें महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का हेलीकॉप्टर शॉट देखने का मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 8 अप्रैल को होने वाले मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुक्रवार से शुरू हो गई है। पंजाब फ्रेंचाइजी ने इन टिकटों की बिक्री डिस्ट्रिक्ट ऐप और वेबसाइट और पंजाब किंग्स ऐप और वेबसाइट पर शाम 5 बजे से शुरू की है। मुल्लांपुर में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा निर्मित महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 31,000 से अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता है। इसमें पार्किंग की भी व्यवस्था है। स्टेडियम में लगभग 50 कॉर्पोरेट बॉक्स, 3 हॉस्पिटैलिटी लाउंज और 20 जनरल स्टैंड हैं। जनरल अपर टियर और जनरल टेरेस टिकटों की कीमत क्रमशः 1250 रुपये और 1750 रुपये से शुरू होगी, जबकि हॉस्पिटैलिटी लाउंज टिकटों की न्यूनतम कीमत 6500 रुपये होगी। फ्रेंचाइजी ने यह भी कहा है कि टिकटों की कीमतें गतिशील होंगी और समय के साथ बदल सकती हैं। पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी ने मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम और धर्मशाला क्रिकेट मैदान को अपना होम ग्राउंड बनाया है। मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में 4 मैच और धर्मशाला में 3 मैच खेले जाएंगे। मुल्लांपुर में पहला मैच 5 अप्रैल को पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। इसके बाद 8 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स, 15 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स और 20 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच खेले जाएंगे। क्रिकेट प्रशंसक इस अवसर का लाभ उठाकर महेंद्र सिंह धोनी के हेलीकॉप्टर शॉट का आनंद ले सकते हैं।

# रोहित की फिटनेस पर योगराज ने कहा-मैं कोच बना तो वह रोजाना इतने किलोमीटर दौड़ेंगे

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर कुछ दिन पहले काफी चर्चा हुई थी जब एक कांग्रेस प्रवक्ता ने उन्हें मोटा खिलाड़ी कहा था। इसके ठीक बाद रोहित ने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब दिलाया और साबित किया कि वो उम्र के इस पड़ाव पर भी कितने फिट हैं। रोहित ने इस जीत के बाद कहा था कि वो वनडे प्रारूप से दूर नहीं जा रहे हैं और अभी क्रिकेट खेलते रहेंगे। रोहित कुछ दिनों में 38 साल के हो जाएंगे और इस वक्त वो आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं, लेकिन इन सारी बातों के बीच युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने खुलासा किया कि अगर उन्हें भारतीय टीम का कोच बनाया जाता है तो वो रोहित शर्मा से प्रतिदिन कितनी रनिंग करवाएंगे।तरुवर कोहली के पॉडकास्ट पर योगराज ने कहा कि अगर आप मुझे भारतीय टीम का कोच बनाते हैं, तो मैं इन्हीं खिलाड़ियों का इस्तेमाल करके टीम को ऐसी टीम में बदल दूंगा जो हमेशा अजेय रहेगी।

# स्वीटी बूरा केस में पति के वकील सामने आए

## दीपक हुड्डा दूसरे महंगे खिलाड़ी थे, बॉक्सर ने तसले में नहाने की बात की थी



सागर पंघाल
वकील

स्वीटी बूरा
बॉक्सर

हिसार, 28 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा में हिसार की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर स्वीटी बूरा के आरोपों पर उनके पति व कबड्डी टीम के पूर्व कैप्टन दीपक हुड्डा के वकील ने जवाब दिया है। हुड्डा के वकील सागर पंघाल ने कहा कि 2014 में प्रो-कबड्डी लीग में दीपक हुड्डा दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी थे। स्वीटी बूरा ने कहा था कि दीपक इतना गरीब था कि तसले में नहाता था। दीपक वेलेंटाइन डे पर भी गिफ्ट लेकर गया था, लेकिन स्वीटी बूरा नहीं मानीं।

वहीं स्वीटी बूरा के दीपक का लड़कों में इंटरेस्ट के बयान पर वकील ने कहा कि दोनों ने 7 साल तक एक-दूसरे को डेट किया। लिव इन रिलेशनशिप में भी रहे। तब स्वीटी ने ये बात क्यों नहीं कही। स्वीटी से परेशान होकर एक बार तो दीपक हुड्डा के मन में भी एआई इंजीनियर अतुल सुभाष जैसे सुसाइड के ख्याल आ रहे थे। हालांकि दोस्तों ने मिलकर उसे समझाया। स्वीटी बूरा ने पति दीपक हुड्डा के खिलाफ हिसार में दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करा रखा है। वहीं दीपक हुड्डा ने रोहतक में प्रॉपर्टी हड़पने का केस दर्ज करवा रखा है। इस मामले की सुनवाई के दौरान हिसार के महिला थाने में दीपक हुड्डा से मारपीट को लेकर स्वीटी बूरा पर एक और केस दर्ज हुआ है। जिसका वीडियो आने के बाद स्वीटी बूरा ने दीपक हुड्डा पर कई आरोप लगाए थे।

**शादी से पहले लिव इन रिलेशनशिप में थे दोनों**

दीपक हुड्डा के वकील ने दोनों के रिश्तों के बारे में खुलासा किया कि स्वीटी बूरा और दीपक हुड्डा शादी से पहले लिव इन रिलेशनशिप में रहा करते थे। 2015 से दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे थे। इतने साल रिलेशनशिप में रहने के बाद 2022 में दोनों ने शादी की। अगर दीपक हुड्डा को लड़कों में इंटरेस्ट होता तो स्वीटी इस बात को आज क्यों बता रही है। स्वीटी बूरा ने हिसार में प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था कि दीपक हुड्डा गरीब परिवार से हैं और वह तसले में नहाकर बड़ा हुआ है। इस पर दीपक के वकील सागर ने कहा कि दीपक हुड्डा जमीन से उठकर आज इस मुकाम तक पहुंचा है। जहां तक गरीबी की बात है तो वह 2014 में प्रो कबड्डी में बिकने वाले खिलाड़ियों में सेकेंड हाईएस्ट प्लेयर में था। दीपक को तेलगु टाइटंस ने 12.6 लाख में खरीदा था। पहले नंबर वाले की बोली 12.80 लाख की लगी थी।

**सुलह की कई बार कोशिश की, अतुल सुभाष केस की बात करता था दीपक**

वकील सागर ने बताया कि जब स्वीटी बूरा दीपक हुड्डा को छोड़कर हिसार आकर रहने लगी थी तो दीपक हुड्डा वेलेंटाइन डे पर उससे मिलने गिफ्ट लेकर गया था। वह चाहता था कि दोनों के बीच कड़वाहट खत्म हो जाए। मगर, स्वीटी बूरा नहीं मानी। दीपक ने अपने स्तर पर उसे मानने की पूरी कोशिश की और पब्लिक में उसके खिलाफ कभी गलत नहीं कहा। स्वीटी से झगड़े के बाद दीपक हुड्डा डिप्रेशन में चला गया था। वह मुझसे और दोस्तों से कहता था कि मेरे साथ अतुल सुभाष केस की तरह ना हो जाए। इस पर हमने उसे संभाला और समझाया कि ऐसा कुछ नहीं होगा। वह अब इन चीजों से धीरे-धीरे बाहर आ रहा है।

**मारपीट का वीडियो एडिटेड नहीं असली**

हिसार के महिला थाने में दीपक हुड्डा पर हमले के वीडियो को स्वीटी बूरा ने एडिटेड और छेड़छाड़ कर जारी किया बताया था। इस पर वकील सागर पंघाल ने कहा कि सारे आरोप बेबुनियाद हैं। स्वीटी बूरा वीडियो में साफ मारपीट करती दिख रही है। वकील ने स्वीटी बूरा को नसीहत देते हुए कहा कि दहेज के केसों के मामले कोर्ट में सुलझाएं जाते हैं ऐसे सोशल मीडिया पर आकर लाइव होकर कुछ भी कहने से केस नहीं लड़े जाते।



# नागपुर कैसे टॉयलेट का पानी बेच कर साल में 300 करोड़ कमा रहा है, नितिन गडकरी ने बताया

नई दिल्ली,28 मार्च (एजेंसियां)। टॉयलेट का इस्तेमाल सभी करते हैं। लेकिन इसके पानी से कमाई का विचार कभी आपके मन में आया? नहीं आया ना। लेकिन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के दिमाग में यह विचार कौंधा और इसे मूर्त रूप दे दिया। अब इस टॉयलेट के पानी से नागपुर शहर को हर साल करीब 300 करोड़ रुपये की कमाई हो रही है।

**मथुरा में हुआ पहला प्रयोग**

गडकरी ने बीते दिनों यहां एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि टॉयलेट के पानी से कमाई का पहला प्रोजेक्ट यूपी के मथुरा में शुरू किया गया था। वहां गंदे पानी को साफ किया गया। फिर उस साफ पानी को इंडियन ऑयल की मथुरा रिफाइनरी को 20 करोड़ रुपये में बेच दिया। गडकरी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में सरकार ने 40% पैसा लगाया था और निवेशकों ने 60%। उन्होंने कहा, मथुरा में 90 एमएलडी (मिलियन लीटर पर डे) गंदा पानी था। जब मैं जल संसाधन मंत्री था, तब हमने एक प्रोजेक्ट शुरू किया। इसमें 40% पैसा सरकार का था और 60% निवेशकों का। हमने गंदे पानी को साफ किया और उसे इंडियन ऑयल रिफाइनरी को बेच दिया।




**इंडियन ऑयल से बात हुई**

उन्होंने आगे बताया, मैंने इंडियन ऑयल के चेयरमैन से पूछा कि आपको कितना पानी चाहिए और आप कितना पैसा देंगे? उन्होंने बताया कि वे उत्तर प्रदेश सरकार से पानी लेते हैं और उन्हें हर साल 25 करोड़ रुपये देते हैं। गडकरी ने कहा कि उन्होंने इंडियन ऑयल के चेयरमैन को उतना ही साफ पानी 20 करोड़ रुपये में देने का प्रस्ताव दिया। जबकि कंपनी वही पानी उत्तर प्रदेश सरकार से 25 करोड़ रुपये में खरीद रही थी।

**नागपुर में 300 करोड़ की कमाई**

उन्होंने नागपुर शहर का जिक्र करते हुए कहा, आपको विश्वास नहीं होगा, हम टॉयलेट का पानी बेचकर हर साल 300 करोड़ रुपये कमाते हैं। यह बहुत ही दिलचस्प है। अगर हर शहर में इस पानी को रीसायकल करके इंडस्ट्री इस्तेमाल करे, तो कचरा प्रबंधन बहुत अच्छे से हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन होगा। उन्होंने कहा, कचरे को अलग करके, जैसे कांच, धातु, प्लास्टिक को रीसायकल किया जाएगा। ऑर्गेनिक कचरे को बायो डाइजेस्टर में डाला जाएगा। इससे मीथेन गैस निकलेगी। मीथेन से सीO2 (कार्बन डाइऑक्साइड) को अलग किया जाएगा और हाइड्रोजन निकलेगा।

**हाइड्रोजन कार में चलते हैं**

गडकरी ने यह भी बताया कि वे हाइड्रोजन कार में चलते हैं। उन्होंने कहा, मेरे पास जो हाइड्रोजन कार है, उसका नाम मिराई है। उन्होंने मिराई का मतलब भी समझाया। मिराई एक जापानी शब्द है। मिराई का मतलब होता है भविष्य। इसलिए, हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। अगर हम हाइड्रोजन को सफलतापूर्वक और सस्ते में बना लेते हैं, तो आज हम जीवाश्म ईंधन आयात करने में 22 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं, वह बच जाएगा।

## सोना-चांदी ऑल टाइम हाई पर:10 ग्राम सोने का दाम 889 बढ़कर 89,306 हुआ; चांदी 1159 रुपए चढ़कर 1,00,934 हुई



नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार (28 मार्च) को सोना-चांदी के दाम ऑल टाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 889 रुपए बढ़कर 89,306 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इससे पहले 20 मार्च को सोने ने 88,761 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 1,159 रुपए बढ़कर 1,00,934 रुपए प्रति पर पहुंच गई है। यह इसका नया ऑल टाईम हाई भी है। इससे पहले मंगलवार, 18 मार्च को चांदी का भाव 1,00,400 प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर था। कल यानी गुरुवार (27 मार्च) इसका दाम 99,775 रुपए था।

महानगरों में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91,130 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 90,980 रुपए है।

**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 83,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 90,980 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 90,980 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 89,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 82,360 रुपये है।

# सेंसेक्स 191 अंक गिरकर बंद हुआ

## निफ्टी 23500 के ऊपर पहुंचा, आईटी शेयरों में गिरावट

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 191.51 अंक या 0.25 प्रतिशत गिरकर 77,414.92 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह सूचकांक 420.81 अंक या 0.54 प्रतिशत गिरकर 77,185.62 अंक पर पहुंच गया था। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 72.60 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 23,519.35 पर आ गया। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 में सेंसेक्स अब तक सेंसेक्स 3,763.57 अंक या 5.10 प्रतिशत और निफ्टी निफ्टी 1,192.45 अंक या 5.34 प्रतिशत तक मजबूत हुआ है। सेंसेक्स में शामिल इंडसइंड बैंक में 3.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। एचसीएल टेक, मारुति, इंफोसिस, जोमैटो, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट भी पिछड़ गए। कोटक महिन्द्रा बैंक, हिन्दुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी रही। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग भारी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू स्तर पर बाजार की तेजी थम गई है, क्योंकि निवेशक ऑटो, सहायक उपकरण, फार्मा और अन्य क्षेत्रों पर इन टैरिफ के प्रभाव का मूल्यांकन कर रहे हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार एक और सत्र के लिए सीमित दायरे में रहा, समेकन चरण जारी रहने के कारण इसमें लगभग आधा प्रतिशत की गिरावट आई। निवेशक अगले निर्णायक कदम के लिए नए संकेतों का इंतजार कर रहे हैं, जबकि टैरिफ वार्ता को लेकर अनिश्चितता के कारण तेजी सीमित हो रही है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.68 प्रतिशत तथा स्मॉलकैप सूचकांक में 0.35 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई क्षेत्रीय सूचकांकों में बीएसई फोकस्ड आईटी में सबसे अधिक 1.87 प्रतिशत की गिरावट आई, इसके बाद आईटी (1.77 प्रतिशत), रियल्टी (1.44 प्रतिशत), टेक (1.39 प्रतिशत), यूटिलिटीज (1.08 प्रतिशत) और ऑटो (1.07 प्रतिशत) का स्थान रहा। बीते एक हफ्ते की बात करें तो बीएसई बेंचमार्क सूचकांक 509.41 अंक या 0.66 प्रतिशत चढ़ा, वहीं निफ्टी में 168.95 अंक या 0.72 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। बीएसई में 2,499 शेयरों में गिरावट आई, 1,497 में तेजी आई और 123 शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। सोमवार को ईद-उल-फितर के मौके पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायण • ऋतु • बसंत
महावीर निर्वाण संवत •2051, हिज्री सन् •1444
कलियुग अवधि-432000 | सूर्योदय - 06-17, सूर्यास्त - 18-25
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मीन | मे | मीन.... | 05-31 बजे |
| चंद्र- | मीन | मे | मेष--- | 07-07 बजे |
| मंगल | मिथुन | मे | वृष--- | 08-52 बजे |
| बुध- | मीन | मे | मिथुन.. | 10-53 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कर्क.... | 13-04 बजे |
| शुक्र- | मीन | मे | सिंह--- | 15-20 बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | कन्या--- | 17-24 बजे |
| राहु- | मीन | मे | तुला---- | 19-28 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | वृश्चिक... | 21-38 बजे |
| | | | धनु...... | 23-52 बजे |
| | | | मकर... | 02-00 बजे |
| | | | कुंभ.... | 03-49 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- अमावस्या 16:27 तक उपरान्त प्रतिपदा
मास • चैत्र कृष्ण ,शनिवार 29 March
नक्षत्र • उ.भाद्रपद 19:26 तक उपरान्त रेवती
योग • ब्रह्म 02:06 तक उप ऐन्द्र
करण- नाग 16-28 तक उप किंस्तुघ्न
विशेष:- देवपितृकार्ये शनैश्चरी अमावस्या
व्रत -त्योहार • चांद्र संवत्सर २०८१ पूर्णता

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:18 से 10:49 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:17 - 07:46 | अशुभ | लाभ | 18:25 - 19:56 | शुभ |
| शुभ | 07:46 - 09:18 | शुभ | उत्पात | 19:56 - 21:24 | अशुभ |
| रोग | 09:18 - 10:49 | अशुभ | शुभ | 21:24 - 22:52 | शुभ |
| उत्पात | 10:49 - 12:21 | अशुभ | अमृत | 22:52 - 00:20 | शुभ |
| चंचल | 12:21 - 13:53 | शुभ | चंचल. | 00:20 - 01:49 | शुभ |
| लाभ | 13:53 - 15:24 | शुभ | रोग | 01:49 - 03:17 | अशुभ |
| अमृत | 15:24 - 16:56 | शुभ | काल | 03:17 - 04:45 | अशुभ |
| काल | 16:56 - 18:25 | अशुभ | लाभ | 04:45 - 06:17 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
यात्रा और यात्रा के व्यवसायों से जुड़े लोगों के लिए ये अच्छा समय है और आप इस से अच्छा धन लाभ कमा सकते है ! आप उच्च अधिकारियों के साथ संबंध बनाने के लिए प्रयासरत रहे और जिससे आप जल्द ही कुछ लाभ पा सकते हैं । आप संपत्ति या कीमती धातुओं में भी निवेश कर सकते हैं।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आपको अपने कार्यक्षेत्र से संभंधित कार्य में अपने मित्रो और सहकर्मियों से सहायता मिल सकती है । आप उनको अपना आभार देना न भूले और बदले में आप भी समय पड़ने पर उनकी सहायता करे । धन एवं नकदी प्रवाह में सुधार आयेगा । इस दिन आपको अपने अनावश्यक खर्चो पर भी लगाम लगानी होगी क्योकि आप अछा कमाएंगे पर साथ साथ आपके खर्चे घटाने आपके लिए मुश्किल होंगे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
अपने हाल फिलहाल इसलिए धन खोया क्यों की आपने अविवेकपूर्ण तरीके से जल्दी पैसे देने वाली मृगतृष्णाओ वाली परियोजनाओं में पैसे लगाया । इस तरह की और परियोजनाओं आपके समक्ष आएगी लेकिन आपको अपने विवेक का इस्तेमाल करना है अन्यथा आप वित्तीय परेशानी में फँस सकते है।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज सितारे उन लोगों के पक्ष में है जो की अचल संपत्ति में या निर्माण व्यवसाय में हैं । यह संपत्ति खरीदने के लिए एक अच्छा समय है। आज एक लघु एवं अच्छे सौदे का अवसर आपको घर की खरीद में मिल सकता है । इस क्षेत्र में किया गया निवेश अब आपको फल देगा । अच्छे परिणाम के लिए आप आज अचल संपत्ति में निवेश शुरू कर सकते हैं।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आप एक शांतिपूर्ण मानसिक स्थिति में हैं और आज अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना आसान रहेगा । आज अपने करियर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेने में आप सक्षम होंगे , लेकिन अपने वरिष्ठ अधिकारियों से समर्थन की कमी की वजह से आप थोड़ा पीछे हटने को मजबूर होंगे इसलिए आप उन्हें मनाने के लिए प्रयास करें ताकि सब अच्छी तरह से पूर्ण हो और आप ख्याति एवं धन प्राप्ति की तरफ अग्रसर हो ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आपके कार्य क्षेत्र या करियर में परिवर्तन आने के संकेत हैं। अगर आप अपनी नौकरी बदलने के बारे में सोच रहे है, तो आज आपके अंतिम कदम उठाने की संभावना है। हो सकता है की आप अपना प्रशिक्षण संस्थान भी खोले जो की आप लंबे समय से करना चाहते थे । इस प्रक्रिया में, आपको कुछ जोखिम भी लेने पड़ सकते है , पर ये भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरे हुए हैं और आज आपके हैरान होने की संभावना है , क्यों की आपके प्रबंधन कौशल की वजह से आप पाएंगे की अपने कितना कुछ पाया है । आपके सारे बकाया कार्य पूर्ण हो जाएंगे और मुश्किल परियोजनाओं के रास्ते में जो रुकावट थी , वो पूरी तरह से खत्म हो जाएंगी ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आप अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए चाल चलने की कोशिश कर रहे हैं , लेकिन आप इन बातों में लिप्त न हो नहीं तो आप मुसीबत में पड़ सकते हैं । लोग इसे एक अपराध के रूप में लेंगे और हमेशा के लिए आप अपना विश्वास खो सकते हैं जो इतने सालों में अपने अपने लिए बनाया है, इसलिए इस तरह के कृत्य से दूर रहे और बस आप अपने हर कार्य में ईमानदारी का प्रदर्शन करे , जिस तरह से आपने हमेशा से किया है !

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
हालाँकि आप अपने कार्य क्षेत्र से संतुष्ट है और आगे की तरफ जा रहे है लेकिन ये समय अपना हुनर , रचनात्मकता एवं प्रतिबद्धता को दिखाने का है और हो सकता है की आपको अपनी परिवार की प्रतिबद्धता को पीछे छोड़ना पड़े लेकिन ये आपके करियर को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज जहा तक पैसे की बात है तो आप के लिए एक भाग्यशाली दिन है। अगर अतीत में आपने किसी को धन उधार दिया है तो आपको अपने पैसे वापस मिल सकते हैं।आपकी किस्मत चिट फंड या जुए के किसी अन्य रूप में आपको वितीय लाभ पंहुचा सकती है । छात्रों का करियर सही दिशा में आगे बढेगा या कि।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन आपकी प्रगति रुक सकती है। अगर आपने किसी भी गैजेट या कुछ रचनात्मक वस्तु का उत्पादन किया है, तो उसे जल्द से जल्द उस पर क़ानूनी एकाधिकार करवा ले । लोग ये साबित करने की कोशिश कर सकते हैं की ये वस्तु उन्ही की है , हालांकि वास्तविकता में वे शायद ही कोई भी उत्पाद की एक प्रतिकृति के निर्माण में आपके करीब आ सकते हैं।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आपको अपने काम से प्यार है और आप अच्छा कार्य कर रहे हैं। हालांकि, विपरीत ग्रह आपके कार्यस्थल में अस्थायी गड़बड़ी का कारण बन सकते है। इन क्षणिक भावनाओं के आधार पर किसी भी आवेगी निर्णय लेने से बचे । आप अपने कार्यस्थल पर अपने गुस्से को काबू रखे और विचलित करने वाली स्थितियों को दरकिनार करे अन्यथा आप एक ऐसी नौकरी को त्याग सकते है जिसको आप बेहद प्यार करते है ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# वंदे भारत ट्रेन बनाने वाली सरकारी कंपनी के शेयर ने भरी रफ्तार

## एक कॉन्ट्रैक्ट मिलते ही 3% से ज्यादा की आई तेजी



नई दिल्ली,28 मार्च (एजेंसियां)। शुक्रवार को शेयर मार्केट में गिरावट के बीच एक सरकारी कंपनी के शेयर में तेज उछाल आ गया। इस कंपनी का नाम भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड है। यह कंपनी वंदे भारत ट्रेन के स्लीपर कोच बना रही है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर में 3 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। हालांकि कारोबार के दौरान एक समय इसकी कीमत में 7 फीसदी से ज्यादा का उछाल आ गया था। कंपनी के शेयर में तेजी का कारण इसे मिला एक बड़ा कॉन्ट्रैक्ट है। दरअसल, बीईएमएल कंपनी को बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से 405 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। इसके तहत बीईएमएल स्टैंडर्ड गेज मेट्रो कारों का निर्माण करेगी, उन्हें सप्लाई करेगी और उन्हें चालू करेगी। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया था कि इस कॉन्ट्रैक्ट में कर्मचारियों को ट्रेनिंग देना और 15 साल तक मेट्रो कोच की देखभाल करना भी शामिल है। यह काम बेंगलुरु मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत किया जाएगा। शुक्रवार को इसके शेयर में उतार-चढ़ाव रहा। गुरुवार को यह शेयर 3132.65 रुपये पर बंद हुआ था। शुक्रवार को यह तेजी के साथ 3200 रुपये पर खुला। दोपहर 2:30 बजे यह शेयर 3.24% तेजी के साथ 3234.25 रुपये पर कारोबार कर रहा था। दिन में कारोबार के दौरान यह 3366.10 रुपये पर पहुंच गया था। हालांकि बाद में इसमें गिरावट आई।कंपनी के शेयरों में पिछले कुछ समय में तेजी बनी हुई है। यह तेजी इसलिए भी है क्योंकि मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल म्यूचुअल फंड ने गुरुवार को ब्लॉक डील के जरिए इस कंपनी में हिस्सेदारी खरीदी है। आंकड़ों के अनुसार, मोतीलाल ओसवाल एमएफ ने 3,048.3 रुपये प्रति शेयर के औसत मूल्य पर 2.66 लाख शेयर खरीदे हैं।ट्रेंडलाइन के आंकड़ों के अनुसार, शेयर का औसत टारगेट प्राइस 3838 रुपये है। इसका मतलब है कि मौजूदा बाजार मूल्य से 22% की बढ़ोतरी हो सकती है। दो विश्लेषकों ने इस शेयर को बाय यानी खरीदने की सलाह दी है। स्टॉक का रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स (आरएसआई) 64.4 है। इसका मतलब है कि यह न तो ज्यादा खरीदा गया है और न ही ज्यादा बेचा गया है। मूविंग एवरेज कन्वर्जेंस डाइवर्जेंस (एमएसीडी) -87.8 है, जो इसकी सेंटर लाइन से नीचे है।

# शनिवार, रविवार और ईद के दिन भी खुलेंगे जीएसटी दफ्तर

## केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने निकाला आदेश



नई दिल्ली,28 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के दफ्तरों में शनिवार और रविवार को छुट्टी होती है। लेकिन इस बार शनिवार और रविवार को देशभर में सीजीएसटी दफ्तर खुले रहेंगे। साथ ही सोमवार को ईद के दिन भी इन दफ्तरों में कामकाज होगा। वित्त मंत्रालय ने एक सर्कुलर में कहा है कि 29, 30 और 31 मार्च को सीजीएसटी के दफ्तर खुले रहेंगे और इनमें सामान्य कामकाज होगा। ईद-उल-फितर की तारीख अभी तय नहीं हुई है लेकिन इसे 31 मार्च को सकता है। यह इस फाइनेंशियल ईयर का आखिरी दिन है और वित्त से जुड़े कई कामों की डेडलाइन है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय जीएसटी के क्षेत्रीय कार्यालय 29 से 31 मार्च को खुले रहेंगे। सीबीआईसी का यह निर्देश केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा आयकर विभाग के कार्यालयों के संबंध में जारी इसी प्रकार के निर्देश के कुछ दिन बाद आया है जिसमें कहा गया था कि लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने में सुविधा प्रदान की जाए। सप्ताहांत और ईद-उल-फितर के बावजूद देश भर में आयकर और सीजीएसटी कार्यालय खुले रहेंगे।

**31 मार्च को भी होगा काम**

सीबीआईसी ने मुख्य आयुक्तों को दिए निर्देश में कहा कि सीजीएसटी के सभी क्षेत्रीय कार्यालय 29 , 30 और 31 मार्च 2025 को खुले रहेंगे। इन्हें कार्य दिवस माना जाएगा। चालू वित्त वर्ष 2024-25 का अंतिम दिन 31 मार्च 2025 है। इसलिए इस वित्त वर्ष से संबंधित सभी सरकारी भुगतान और निपटान उसी दिन तक पूरे करने होंगे। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपडेटेड इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि भी 31 मार्च है।

# एक अप्रैल से मरीजों की जेब पर बढ़ेगा बोझ, बुखार-शुगर समेत इन बीमारियों की दवा हो सकती है महंगी

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।आगामी एक अप्रैल 2025 से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो रहा है। इसके साथ ही तमाम क्षेत्रों में कई नए नियम लागू होंगे। इन नियमों का सीधा असर आम आदमी की जेब पर नजर आएगा। नए वित्तीय वर्ष से मौसमी बुखार और एलर्जी जैसी कई बीमारियों की दवा के रेट में इजाफा हो सकता है। हाल ही में कई आम बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी को सरकार ने मंजूरी दे दी है। जिन दवाओं की कीमतें अगले महीने से बढ़ने जा रही हैं। इनमें से कई का इस्तेमाल डायबिटीज, बुखार और एलर्जी जैसी आम बीमारियों में किया जाता है। जबकि कुछ



दवाओं का इस्तेमाल पेन किलर की रूप में होता है। इन दवाओं के बढ़ती कीमतों के पीछे कच्चे माल की बढ़ती लागत बताया जा रहा है। कंपनियां इसी वजह से लगातार कीमतों में बढ़ोतरी की मांग कर रही थीं। हालांकि इन दवाओं की दामों में इजाफा सीमित ही होगा। दरअसल, सरकार ने जरूरी दवाओं की लिस्ट यानी नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन में शामिल दवाओं के दाम में 1.74 प्रतिशत तक बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इनमें पेरासिटामोल, एज़िथ्रोमाइसिन, एंटी-एलर्जी, एंटी-एनीमिया, और विटामिन और मिनरल्स की दवाएं शामिल हैं। केंद्र सरकार ने जिन दवाओं की कीमतें बढ़ाने की मंजूरी दी है। उनकी रेट में बढ़ोतरी होलसेल प्राइस इंडेक्स के आधार पर तय की गई है। इस बार होलसेल प्राइस इंडेक्स में 1.74 प्रतिशत की बढ़त आई है। दवाओं के भाव अब इसी हिसाब से दाम बढ़ाए जा रहे हैं। फार्मा कंपनियों का कहना है कि,हम लंबे वक्त से कीमतें बढ़ाने की मांग कर रही थे। कच्चे माल की कीमत, यानी दवा बनाने वाले कंपोनेंट्स के दाम पिछले कुछ समय से बढ़ रहे थे, जिसकी वजह से लागत भी बढ़ गई है। नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी से जुड़े लोगों का कहना है कि, दवाओं की कीमतों में यह बढ़ोतरी मुद्रास्फीति आधारित मूल्य संशोधन के कारण की जा रही है। हर साल सरकार आवश्यक दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए एक संशोधन करती है। इस बार थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि के चलते दवा कंपनियों को कीमतें बढ़ाने की अनुमति दी गई है।

# केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2% की बढ़ोतरी

## 8वें वेतन आयोग से पहले 53% से 55% हुआ ; 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते (डीए) में 2% बढ़ोतरी की गई है। शुक्रवार (28 मार्च) को हुई कैबिनेट मीटिंग में डीए बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इससे पहले जुलाई 2024 में सरकार ने 3% बढ़ोतरी की थी। 8वें वेतन आयोग के लागू होने से पहले इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता 53% से बढ़कर 55% हो जाएगा। इसका फायदा करीब 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 65 लाख पेंशनर्स को होगा। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। डीए की घोषणा में देरी हुई इसलिए अप्रैल के वेतन में पिछले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) के एरियर के साथ बढ़ा हुआ डीए भी शामिल होगा।

**18,000 बेसिक सैलरी पर हर महीने 400 रुपए का फायदा**

इसके लिए, नीचे लिखे फॉर्मूला में अपनी सैलरी भरें..(बेसिक पे + ग्रेड पे) × डीए% = डीए अमाउंट आसान भाषा में समझें तो बेसिक सैलरी में ग्रेड सैलरी को जोड़ने के बाद जो सैलरी बनती है, उसमें महंगाई भत्ते की दर का गुणा किया जाता है। जो नतीजा आता है, उसे ही महंगाई भत्ता यानी डियरनेस अलाउंस (डीए) कहा जाता है। अब इसे एक उदाहरण से समझते हैं, मान लीजिए आपकी बेसिक सैलरी 18 हजार रुपए और ग्रेड पे 2000 रुपए है।दोनों को जोड़ने पर टोटल 20 हजार रुपए हुआ। ऐसे में बढ़ने के बाद 55% महंगाई भत्ते के लिहाज से देखें, तो यह 11,000 रुपए हुआ। सबको जोड़कर आपकी टोटल सैलरी 31,000 रुपए हुई। वहीं 53% डीए के लिहाज से आपको 30,600 रुपए सैलरी मिल रही है। यानी 2% डीए बढ़ने के बाद हर महीने 400 रुपए का फायदा होगा। अगर आपकी बेसिक सैलरी 18,000 रुपए है, तो इस 2% बढ़ोतरी के बाद आपकी सैलरी हर महीने 400 रुपए बढ़कर आएगी। ऐसे में सालाना आपको 4800 रुपए का फायदा मिलेगा।

**महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 7 साल में सबसे कम**

आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3% से 4% के बीच होती है, लेकिन इस बार बढ़ोतरी सिर्फ़ 2% है, जो पिछले सात सालों में सबसे कम है। वहीं सरकार आम तौर पर होली और दिवाली जैसे बड़े त्योहारों से पहले महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा करती है। लेकिन इस बार इसकी घोषणा होली के बाद की गई।

**महंगाई से निपटने के लिए दिया जाता है डीए**

महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, डीए दिया जाता है। इसका कैलकुलेशन देश की मौजूदा महंगाई के अनुसार हर 6 महीने पर किया जाता है। इसकी गणना संबंधित वेतनमान के आधार पर कर्मचारियों के मूल वेतन के अनुसार की जाती है। महंगाई भत्ता शहरी, अर्ध-शहरी या ग्रामीण क्षेत्र के कर्मचारियों का अलग-अलग हो सकता है। भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरा थोक महंगाई।

# रेस्टोरेंट फूड-बिल में सर्विस चार्ज नहीं लगा सकते

## दिल्ली हाईकोर्ट ने जारी की गाइडलाइन, रेस्टोरेंट एसोसिएशन पर 1 लाख जुर्माना लगाया

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। रेस्टोरेंट अब फूड बिल में अनिवार्य सर्विस चार्ज नहीं लगा सकते हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार (28 मार्च) को सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी की 2022 में जारी गाइडलाइन यानी दिशा-निर्देशों को बरकरार रखा है। इस गाइडलाइन में कहा गया है कि होटल और रेस्टोरेंट फूड बिल में ऑटोमेटिक या डिफॉल्ट सर्विस चार्ज नहीं जोड़ सकते हैं। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह ने दिशानिर्देश को चुनौती देने वाले रेस्टोरेंट एसोसिएशन पर 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

**गाइडलाइन्स पर 20 जुलाई 2022 को हाईकोर्ट ने रोक लगाई थी**

यह आदेश नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) और फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) की याचिकाओं पर पारित किया गया था। इन दिशा-निर्देशों पर 20 जुलाई 2022 को हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। सीसीपीए ने अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस और कंज्यूमर राइट्स के वायलेशन यानी उल्लंघन को रोकने के उद्देश्य से दिशानिर्देश जारी किए थे। एनआरएआई की याचिका में कहा गया है कि ऐसा कोई कानून नहीं है जो रेस्टोरेंट को सर्विस चार्ज लगाने से रोकता हो। तथा मौजूदा कानून में ऐसा कोई संशोधन नहीं किया गया है जो सर्विस चार्ज लगाना अवैध ठहराए। याचिकाकर्ता-एसोसिएशन ने तर्क दिया कि दिशा-निर्देश मनमाने, अस्थिर हैं और उन्हें रद्द किया जाना चाहिए। एनआरएआई का प्रतिनिधित्व एडवोकेट ललित भसीन, नीना गुप्ता, अनन्या मारवाह, देवव्रत तिवारी और भसीन एंड कंपनी के अजय प्रताप सिंह ने किया। एफएचआरएआई का प्रतिनिधित्व एडवोकेट समीर पारेख, सुमित गोयल, सोनल गुप्ता, स्वाति भारद्वाज और अभिषेक ठकराल ने किया।वहीं यूनियन ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व केंद्र सरकार के स्टैंडिंग काउंसिल संदीप महापात्रा और आशीष दीक्षित के साथ एडवोकेट अभिनव बंसल, विक्रमादित्य सिंह त्रिभुवन, शुभम शर्मा, अमित गुप्ता इशान मल्होत्रा, चंदन, दीपक तंवर और शिवम तिवारी ने किया। जब आप किसी प्रोडक्ट या सर्विस को खरीदते हैं तो उसके लिए कुछ पैसे देने पड़ते हैं। इसे ही सर्विस चार्ज कहते हैं।यानी होटल या रेस्टोरेंट में खाना परोसने और दूसरी सेवाओं के लिए ग्राहक से सर्विस चार्ज लिया जाता है।ग्राहक भी होटल या रेस्टोरेंट से बिना सवाल-जवाब किए सर्विस चार्ज के साथ पेमेंट कर देते हैं।

# कनाडाई पीएम ने कहा- अमेरिका के साथ पुराने रिश्ते खत्म

## ट्रम्प को टैरिफ का जवाब देंगे, उनसे तभी बात होगी जब वे हमारा सम्मान करेंगे

ओटावा, 28 मार्च (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका-कनाडा के पुराने रिश्ते अब खत्म हो चुके हैं। ट्रम्प के विदेशी कारों पर 25% टैरिफ लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद कनाडाई पीएम ने यह बात कही।

राजधानी ओटावा में कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कार्नी ने कहा कि कनाडा का अमेरिका के साथ वो पुराना रिश्ता जो बुनियादी तौर पर अर्थव्यवस्था को एकजुट रखने, सुरक्षा और सैन्य सहयोग को आगे बढ़ाने पर बना हुआ था, अब नहीं रहा।

कार्नी बोले- कब्जे की धमकी देना, कनाडा की संप्रभुता का अपमान।

कार्नी ने ये भी कहा कि वे ट्रम्प से अगले 1-2 दिनों में बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा- मैं उनसे बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन वे अमेरिका के साथ तब तक



किसी व्यापार वार्ता में हिस्सा नहीं लेंगे जब तक ट्रम्प, कनाडा के लिए सम्मान नहीं दिखाते। वे बार-बार कनाडा पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। यह कनाडा की संप्रभुता का अपमान है।

इससे पहले ट्रम्प ने 26 मार्च को विदेशी कारों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। यह अगले सप्ताह से लागू हो जाएगा। कार्नी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अब कनाडाई लोगों को अपनी इकोनॉमी के बारे में फिर से सोचना चाहिए।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प का यह फैसला कनाडा की ऑटो इंडस्ट्री के लिए घातक हो सकता है। इस इंडस्ट्री से देश में 5 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। कार्नी ने कहा कि यह हम पर एक सीधा हमला है, हम अपने वर्कर्स और कंपनियों की रक्षा करेंगे।

ट्रम्प के टैरिफ को लेकर कार्नी ने कहा कि कनाडा भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाएगा जो कि उस पर बहुत ज्यादा असर डालेगा। उन्होंने 1965 में कनाडा और अमेरिका के बीच हुए ऑटोमोटिव प्रोडक्ट्स एग्रीमेंट (ऑटो पैक्ट) को सबसे महत्वपूर्ण समझौता बताया और कहा कि इस टैरिफ के साथ ये खत्म हो गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति लिंडन बी. जॉनसन और कनाडाई पीएम लेस्टर पीयरसन ने इसे लेकर करार किया था।

इसका मकसद अमेरिका-कनाडा की ऑटो इंडस्ट्री को एकजुट करना और व्यापार को बढ़ावा देना था।

इसके लिए दोनों देशों ने ऑटो पार्ट्स और गाड़ियों के बिजनेस पर टैरिफ को हटा दिया।

# शी जिनपिंग से मिले मोहम्मद यूनुस

## चीन से लोन का इंटरेस्ट कम करने की अपील की

बीजिंग, 28 मार्च (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को बांग्लादेश सरकार के अंतरिम प्रधानमंत्री युनूस खान से मुलाकात की। युनूस बुधवार को चार दिन की चीन यात्रा पर गए हैं। यहां पहुंचकर उन्होंने हैनान में एशिया एनुअल कॉन्फ्रेंस के तहत चीन के बोआओ फोरम में भाग लिया।

इसके बाद वे गुरुवार को बीजिंग पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर चीन के उप विदेश मंत्री सन वीडॉन्ग ने उनका स्वागत किया। जिनपिंग के साथ बैठक से पहले युनूस ने गुरुवार को चीन से अपील की कि वी चीनी लोन पर इंटरेस्ट रेट कम करे और चीन की तरफ से फंड किए जा रहे प्रोजेक्ट्स से कमिटमेंट फीस को हटाए। उन्होंने ये भी कहा कि चीनी लोन पर इंटरेस्ट रेट को 3% से कम करके 1-2% पर लाना चाहिए।

दरअसल, चीन बांग्लादेश को कर्ज देने में चौथे नंबर पर है। सबसे पहले जापान, दूसरे नंबर पर वर्ल्ड बैंक और तीसरे नंबर पर एशियन डेवलपमेंट बैंक है।

# ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी दी

## कहा- मुस्लिमों ने चुनाव में मुझे रिकॉर्ड वोट दिया, जब तक राष्ट्रपति हूं उनके साथ रहूंगा

वॉशिंगटन, 28 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिकी मुसलमानों को उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। ट्रम्प ने कहा कि पिछले चुनाव में रिकार्ड संख्या में मुस्लिम वोटर्स ने उन्हें वोट दिया था। चुनाव से पहले इस पर कोई यकीन नहीं कर पाता। नवंबर में मुस्लिम समुदाय हमारे साथ था। इसके लिए जब तक मैं राष्ट्रपति हूं, तब तक आपके साथ रहूंगा।

ट्रम्प ने कहा कि रमजान के दौरान हर दिन मुसलमान सुबह से शाम तक उपवास रखते हैं और प्रार्थना करते हैं। फिर ईश्वर को धन्यवाद देते हैं, इफ्तार के साथ अपना उपवास तोड़ते हैं। आज व्हाइट हाउस में हम यही करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने मजाकिया लहजे में कहा कि अगर आप में से किसी को यह पसंद नहीं आए तो इसकी शिकायत न करें। ट्रम्प ने मिडिल ईस्ट में शांति कायम करने के



अपनी कोशिशों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां पर उनकी कोशिशों के बाद ही शांति कायम हुई।

### व्हाइट हाउस में 120 साल पहले हुई थी पहली बार इफ्तार पार्टी

रिपोर्ट्स के मुताबिक व्हाइट हाउस में पहली बार इफ्तार पार्टी दिसंबर 1805 में आयोजित की गई थी। यह आयोजन तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति थॉमस जेफरसन ने ट्यूनीशिया के राजदूत सिदी सुलैमान मेली के सम्मान में किया गया था। हालांकि, इसके बाद फिर ये लंबे समय तक बंद रहा। इसके बाद हिलेरी क्लिंटन ने 1996 में व्हाइट हाउस में पहली आधिकारिक ईद-उल-फितर सेलिब्रेशन की मेजबानी की थी। यह आयोजन मुस्लिम समुदाय के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए एक अहम कदम था। हालांकि, यह इफ्तार पार्टी ईद के खत्म होने के बाद हुई थी।

साल 2001 में व्हाइट हाउस में पहली बार रमजान के महीने में इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ था। तब जॉर्ज बुश राष्ट्रपति थे। अमेरिका में 11 सितंबर को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला हुआ था।

# बलूचिस्तान में विद्रोहियों का दबदबा, पाक सेना की पकड़ सिमटी

## महरंग बलूच की गिरफ्तारी के विरोध में 10 हजार महिलाएं सड़कों पर उतरीं



इस्लामाबाद, 28 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के लिए उसका सबसे बड़ा प्रांत बलूचिस्तान गले की फांस बनता जा रहा है। कभी इस्लामाबाद के हुक्मरानों की जमींदारी समझे जाने वाले इस प्रांत में अब बलूच विद्रोहियों का दबदबा है।

जमीनी हकीकत ये है कि बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना की पकड़ अब राजधानी क्वेटा के इर्दगिर्द ही सिमट कर रह गई है। बलूचिस्तान की सड़कों पर अब बलूच लड़ाकों का सिक्का चल रहा है। हालात ये है कि अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस को अब इस इलाके में कदम रखने के लिए बलूच लड़ाकों से मंजूरी लेनी पड़ती है। सीपैक में काम कर रहे चीनी श्रमिकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। उन्हें कहा गया है कि वे ग्वादर से बाहर न निकलें। यह दूसरी बार है जब पाकिस्तान को अपने किसी प्रांत में इतनी बड़ी बगावत झेलनी पड़ रही है। इससे पहले ऐसी हालत 2000-10 के बीच खैबर पख्तूनख्वा के कबायली इलाकों में देखने को मिली थी, जब टीटीपी ने कई इलाकों पर कब्जा कर लिया था। ग्वादर में सशस्त्र विद्रोहियों ने बुधवार को बस यात्रियों को उतारकर गोली मार दी, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। यह हमला ओरमारा हाईवे पर हुआ। बस कराची जा रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, सभी मृतकों का संबंध पंजाब प्रांत से था। उधर, क्वेटा में विद्रोहियों ने आईईडी से पुलिस वैन को निशाना बनाया। इससे दो पुलिसवालों समेत 3 की मौत हो गई जबकि 21 घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, चीन ने अपने इंजीनियरों और श्रमिकों की सुरक्षा के लिए तीन निजी सुरक्षा कंपनियों- दवे सिक्योरिटी फ्रंटियर सर्विस ग्रुप, चाइना ओवरसीज सिक्योरिटी ग्रुप और हुआक्सिन झोंगशान सिक्योरिटी सर्विस को नियुक्त किया है। पहले चरण में 60 चीनी सुरक्षा कर्मियों को सिंध प्रांत में स्थित दो सीपैक पावर प्रोजेक्ट्स पर तैनात किया गया है। ये पाक सेना के साथ मिलकर काम करेंगे। बलूच विद्रोहियों के अलावा बलूचिस्तान प्रांत में मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलूच पाक सेना व सरकार को चुनौती दे रही हैं।

# सरकार विरोधी प्रदर्शनों को कवर करने वाले पत्रकारों पर कार्रवाई

## छापेमारी कर दो हिरासत में लिए

इस्तांबुल, 28 मार्च (एजेंसियां)। तुर्किये में सरकार विरोधी प्रदर्शनों को कवर करने वाले पत्रकारों पर कार्रवाई जारी है। पुलिस ने शुक्रवार को भी दो पत्रकारों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई सुबह-सुबह की गई। पुलिस ने इस्तांबुल में पत्रकारों के घरों पर छापेमारी कर उन्हें हिरासत में लिया है। इससे पहले भी 11 पत्रकारों को छापेमारी कर हिरासत में लिया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। शुक्रवार सुबह हिरासत में लिए गए पत्रकारों में एथकिन न्यूज एजेंसी की रिपोर्टर एलिफ बेबर्ट और एवरेंसल न्यूज वेबसाइट की निसा सुदा डेमिरल शामिल हैं। छापेमारी के दौरान पत्रकारों के साथ-साथ राजनीतिक कार्यकर्ताओं और ट्रेड यूनियनिस्टों को भी निशाना बनाया गया।

एवरेंसल ने एक बयान जारी कर बताया कि हमारी रिपोर्टर निसा सुदा डेमिरल को पुलिस ने सुबह करीब 6 बजे उनके घर से हिरासत में लिया। उन्हें इस्तांबुल पुलिस के आतंकवाद निरोधी कार्यालय ले जाया गया है।

# यूके सांसद बोले-भारत से जलियांवाला पर माफी मांगे ब्रिटिश सरकार

## बॉब ब्लैकमैन ने संसद में कहा- यह हमारे साम्राज्य पर धब्बा

लंदन, 28 मार्च (एजेंसियां)। ब्रिटेन में विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने ब्रिटेन सरकार से 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए भारत के लोगों से औपचारिक तौर पर माफी मांगने को कहा है। उन्होंने गुरुवार को संसद में कहा कि ब्रिटिश सरकार को 13 अप्रैल से पहले माफी मांगनी चाहिए। अगले महीने जलियांवाला बाग हत्याकांड की 106वीं बरसी मनाई जाएगी। ब्रिटिश सांसद ब्लैकमैन ने अपने भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है।

ब्लैकमैन ने अपने भाषण में कहा- बैसाखी के दिन कई सारे लोग शांतिपूर्वक तरीके से अपने परिवार के साथ जलियांवाला बाग में शामिल हुए थे। जनरल डायर ने ब्रिटिश सेना की तरफ से अपने सैनिकों को भेजा और मासूम लोगों पर तब तक गोलियां चलाने का आदेश दिया था, जब तक उनकी गोलियां खत्म न हो जाएं।

ब्रिटिश सांसद ने आगे कहा- तो क्या हम सरकार से बस एक बयान हासिल कर सकते हैं जिसमें यह माना गया हो कि क्या गलत हुआ था और क्या औपचारिक तौर पर भारत के लोगों से माफी मांगी गई थी?



### किसी ब्रिटिश पीएम ने अब तक माफी नहीं मांगी

आज तक किसी भी ब्रिटिश पीएम ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए माफी नहीं मांगी है। हालांकि, कई ब्रिटिश नेताओं ने समय-समय पर इसके लिए खेद जाहिर जरूर किया है लेकिन आधिकारिक तौर पर माफी नहीं मांगी गई है।

साल 2013 में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम डेविड कैमरन ने 2013 में जलियांवाला बाग स्मारक का दौरा किया था। उन्होंने हत्याकांड को शर्मनाक घटना कहा था लेकिन कभी माफी नहीं मांगी थी। इसके बाद ब्रिटिश पीएम थेरेसा मे ने 10 अप्रैल को 2019 में इस हत्याकांड से 100वीं वर्षगांठ से पहले बयान दिया था।

थेरेसा मे ने जलियांवाला बाग हत्याकांड को ब्रिटिश-भारतीय इतिहास का सबसे शर्मनाक धब्बा करार दिया था। उन्होंने भी अफसोस जताया था, लेकिन माफी नहीं मांगी थी। साल 1997 में भारत दौरे के दौरान ब्रिटिश क्वीन एलिजाबेथ ने इसे एक दुखद मामला बताया था।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए अगर ब्रिटिश सरकार आधिकारिक तौर पर माफी मांगे तो वह कई कानूनी और वित्तीय जिम्मेदारियों में फंस सकती है। अगर माफी मांगी जाती है, तो यह पीड़ित परिवारों की तरफ से मुआवजे की मांग को मजबूत कर सकता है। ब्रिटेन इस तरह के वित्तीय बोझ से बचना चाहता है, क्योंकि औपनिवेशिक इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हैं, जिनके लिए माफी मांगने की नजीर बन सकती है।

ब्रिटिश सरकार भारत में क्रांतिकारी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए रौलट एक्ट लेकर आई थी। इसमें बिना मुकदमे के हिरासत में लेने और गुप्त रूप से सुनवाई करने जैसे प्रावधान थे। इसे लेकर भारतीय लोगों में गुस्सा था। इसी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए लोग जलियांवाला बाग में जुटे थे।

इस सभा में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे। ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड डायर ने बिना किसी चेतावनी के अपनी सेना को गोली चलाने का आदेश दिया। इस सेना में गोरखा और बलूच रेजिमेंट के सैनिक शामिल थे, जो ब्रिटिश भारतीय सेना का हिस्सा थे।

ब्रिटिश सरकार के मुताबिक इस नरसंहार में 379 लोग मारे गए थे। हालांकि, कहा जाता है कि मरने वालों की संख्या 1000 से ज्यादा थी। जलियांवाला बाग से निकलने का रास्ता एक ही था। संकरा रास्ता होने की वजह से लोग भाग नहीं सके। कई लोग जान बचाने के लिए कुएं में कूद गए, जहां बाद में उनकी लाशें मिलीं।

डायर के ऐसा करने का मकसद निहत्थे लोगों में दहशत फैलाना था, ताकि आजादी की मांग को दबाया जा सके। इस हत्याकांड ने पूरे भारत में आक्रोश की लहर पैदा की।

रवींद्रनाथ टैगोर ने अपनी 'नाइटहुड' की उपाधि त्याग दी, और महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया।

# अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट को बाजार से बाहर करने की तैयारी?

## भारत के दोस्त के घर रूस भेज रहा सू-57 विमान

ब्राजीलिया, 28 मार्च (एजेंसियां)। क्या रूस अमेरिकी फाइटर जेट एफ-35 को दुनिया के बाजार से उखाड़ फेंकने की कोशिश कर रहा है। चीन और भारत के बाद रूसी फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट एसयू-57 अब ब्राजील अपना दम दिखाने पहुंचा है। रूस ने अपने अत्याधुनिक फाइटर जेट को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में एलएएडी 2025 हथियारों की प्रदर्शन में भेजा है। एसयू-57 को बनाने वाली रूसी कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट ने एलएएडी 2025 शस्त्र प्रदर्शनी में एसयू-57 को भेजने की पुष्टि की है। ये प्रदर्शनी एक अप्रैल से शुरू हो रही है। सबसे दिलचस्प बात ये है कि साल 2019 के बाद रूस ने अपने हथियारों को ब्राजील में होने वाले इस प्रदर्शनी में भेजना बंद कर दिया था लेकिन अब करीब 6 सालों के बाद उसने फिर से हिस्सा लेने का फैसला किया है।

रोसोबोरोनएक्सपोर्ट कंपनी की तरफ से जारी बयान में कहा गया



है कि कंपनी की कोशिश किसी भी देश की सेना के लिए अत्याधुनिक हथियार बनाने की है। रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ एसयू-57 स्टील्थ फाइटर जेट ही नहीं, बल्कि रूस ने एमआई-171एसएच और केए-52ई हेलीकॉप्टर और और सू-57ई और सू-35 फाइटर जेट भी शामिल हैं।

इसके अलावा रूस ने ब्राजील में अपने टैंक सपोर्ट कॉम्बैट व्हीकल (बीएमपीटी) और टी-90एमएस टैंक को भी भेजा है। वहीं रूस ने अपने सबसे बेहतरीन एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 को भी ब्राजील की प्रदर्शन में भेजा है। आपको बता दें भारत पहले ही रूसी एस-400 खरीद चुका है और रूस ने फिलहाल एसयू-57 स्टील्थ फाइटर जेट को लेकर भारत को ऑफर दिया हुआ है।

आपको बता दें कि इससे पहले एसयू-57 फाइटर जेट, नवंबर 2024 में झुहाई में चाइना एयर शो और बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2025 एयर शो में भी हिस्सा ले चुका है। रूसी कंपनी ने भारत में ही सू-57 फाइटर जेट के प्रोडक्शन की पेशकश की है। इसके अलावा रूस ने भारत को ऑफर दिया हुआ है कि अगर भारत रूसी जेट खरीदने के लिए तैयार होता है, तो वो भारत के एएमसीए (एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट के निर्माण में मदद देगा।

इसके अलावा रूस ने भारत को ये भी ऑफर दिया है कि अगर भारत और रूस मिलकर ज्वाइंट प्रोडक्शन के तहत इस फाइटर जेट को बनाते हैं तो भारत इसकी बिक्री भी कर सकता है।

माना जा रहा है कि रूस की कोशिश ब्राजील को अत्याधुनिक स्टील्थ फाइटर जेट बेचने की है। हाल ही में अल्जीरियाई मीडिया ने कहा है कि रूस और अल्जीरिया में एसयू-57 फाइटर जेट को लेकर महत्वपूर्ण सौदा कर लिया गया है। हालांकि अभी तक दोनों पक्षों में से किसी ने भी आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है।

# हूती विद्रोहियों ने इजराइल और अमेरिकी युद्धपोत पर मिसाइल अटैक का दावा किया

तेहरान, 28 मार्च (एजेंसियां)। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने एक इजरायली हवाई अड्डे और सेना के ठिकाने के साथ-साथ एक अमेरिकी युद्धपोत को निशाना बनाया। इसके कुछ देर पहले ही इजरायल ने यमन से दागी गई मिसाइलों को रोकने की जानकारी दी थी। हूती सैन्य प्रवक्ता यह्या सरीए ने कहा, 'हमने एक बैलिस्टिक मिसाइल से बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाया और तेल अवीव के दक्षिण में एक मिलिट्री टारगेट पर भी अटैक किया।' इससे पहले गुरुवार को इजरायली सेना ने कहा था कि उन्होंने यमन से दागी गईं दो मिसाइलों को इजरायली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले रोक दिया।

# राजतंत्र की बहाली को लेकर सड़क पर उतरे प्रदर्शनकारी

## पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले, एक घायल

काठमांडू, 28 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल में राजतंत्र की बहाली को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं। काठमांडू में शुक्रवार को राजशाही समर्थक सड़क पर उतरे। प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछार की। इसमें एक युवक घायल हो गया। काठमांडू में राजतंत्रवादी और लोकतंत्रवादियों के समूह शहर के पूर्वी भाग तिनकुने और महानगर के मध्य में भृकुटिमंडप में एक साथ प्रदर्शन करने के उतरे। इसे लेकर सैकड़ों दंगा पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। जब प्रदर्शनकारियों ने प्रतिबंधित क्षेत्र न्यू बानेश्वर की ओर बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस ने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के आरोप में कई युवकों को हिरासत में लिया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारों और आंसू गैस के गोले दागे। इसमें एक नागरिक घायल हो गया। हजारों राजशाही समर्थकों तिनकुने क्षेत्र में प्रदर्शन किया। यहां राजा आओ देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद और हमें राजशाही वापस चाहिए, जैसे नारे लगे। राजशाही की बहाली की मांग को लेकर राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और अन्य लोग भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र ने 19 फरवरी को प्रजातंत्र दिवस के अवसर पर एक बयान जारी कर लोगों से समर्थन मांगा था। आरपीपी सहित अन्य दलों ने पूर्व नरेश के बयान का समर्थन किया था। इसके बाद से राजतंत्र समर्थक राजतंत्र की बहाली की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर समाजवादी मोर्चे के नेतृत्व में हजारों गणतंत्रवादी भृकुटिमंडप में एकत्र हुए। इस दौरान गणतंत्र व्यवस्था अमर रहे, भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई करो और राजशाही मुर्दाबाद जैसे नारे लगे। गणतंत्र समर्थक मोर्चे में सीपीएन-माओवादी सेंटर और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट जैसे राजनीतिक दल भी शामिल हैं।

# जेलेंस्की बोले- जल्द पुतिन की मौत होगी

## तब यूक्रेन जंग खत्म हो जाएगी, रूसी राष्ट्रपति अमेरिका-यूरोप के गठबंधन से डरते हैं

पेरिस, 28 मार्च (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बिगड़ते स्वास्थ्य की खबरों के बीच यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि जल्द ही पुतिन की मौत हो जाएगी और फिर सब कुछ (यूक्रेन जंग) खत्म हो जाएगा। यह एक फैक्ट है। जेलेंस्की ने 26 मार्च को पेरिस में यूरोपीय पत्रकारों के साथ एक इंटरव्यू के दौरान यह बयान दिया।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा- पुतिन जिंदगी भर सत्ता में बने रहना चाहते हैं। उनकी महत्वाकांक्षाएं यूक्रेन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका पश्चिमी देशों से भी सीधा टकराव हो सकता है।

जेलेंस्की के इस बयान से एक



दिन पहले ही अमेरिका की मध्यस्थता से रूस और यूक्रेन के बीच ब्लैक सी में सीजफायर समझौता हुआ था। अमेरिका ने कहा है कि वो ग्लोबल एग्रीकल्चर और फर्टिलाइजर मार्केट में रूस की पहुंच फिर से बहाल करने में मदद करेगा। जेलेंस्की ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि अमेरिका पुतिन को इस ग्लोबल मार्केट में एंट्री करने में मदद न करे। मेरा मानना है कि यह खतरनाक है। अमेरिका पुतिन को बिना शर्त सीजफायर के कहेगा।

यूक्रेन राष्ट्रपति ने वॉर में अमेरिका मदद के लिए आभार जताया, लेकिन यह भी कहा कि अमेरिका रूस के नैरेटिव से प्रभावित हो गया है। हम इन नैरेटिव से सहमत नहीं हो सकते।

हम अपने लिए लड़ रहे हैं, और जहां भी ये नैरेटिव सामने आएंगे, हम इनके खिलाफ लड़ेंगे, क्योंकि इसके अलावा और कोई रास्ता नहीं है। हम सिर्फ यही कर सकते हैं कि ज्यादा से ज्यादा सच सामने लाएं।

गुरुवार यानी आज यूरोपीय यूनियन की बैठक के दौरान स्थायी सीजफायर के बाद यूक्रेन को सपोर्ट करने पर चर्चा होगी। इस दौरान कुछ यूरोपीय देश यूक्रेन में शांति सैनिकों की तैनाती पर विचार कर सकते हैं।

हालांकि फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने आगाह किया कि इससे रूस के साथ सीधा टकराव हो सकता है। मैक्रों ने यूक्रेन के लिए 2 अरब डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता की घोषणा की है।

# मिस्र के करीब सबमरीन डूबने से 6 की मौत

## 4 की हालत गंभीर, 44 यात्री सवार थे, रेड-सी में कोरल रीफ देखने गए थे

काहिरा, 28 मार्च (एजेंसियां)। मिस्र के नजदीक रेड सी में एक टूरिस्ट सबमरीन के डूबने से 6 लोगों की मौत हो गई। मिस्र के हर्गहाडा हॉलिडे रिसॉर्ट से एक किलोमीटर दूर हुई इस दुर्घटना में नौ लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से 4 की हालत गंभीर है। सिंदबाद नाम की सबमरीन में बच्चों समेत लगभग 44 यात्री सवार थे। ये सभी यात्री रूस नागरिक थे, करीब 29 लोगों को बचा लिया गया है।

आशंका जताई गई है कि पानी के अंदर 65 फीट की गहराई में यह सबमरीन एक चट्टान से टकरा गई। इसके बाद पानी के दबाव की वजह से डूब गई। हालांकि अभी तक कोई स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल पर लगभग 21 एम्बुलेंस भेजी गई थी। घायलों की हालत देखते हुए उन्हें लोकल हॉस्पिटल में ही एडमिट किया गया। यह पनडुब्बी समुद्र के अंदर कोरल रीफ (प्रवाल भित्ती) और ट्रॉपिकल मछलियों को देखने पहुंची थी। फिनलैंड में डिजाइन की गई पनडुब्बी एक बार में 44 यात्रियों और दो क्रू मेंबर को 72 फीट गहराई तक ले जा सकती है। इसमें बड़े का टिकट 69 डॉलर (6 हजार रुपए) और बच्चों का 33 डॉलर (3 हजार रुपए) था।

समुद्र की गहराई बढ़ने के साथ साथ पानी का दबाव भी बढ़ता जाता है। इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए सबमरीन को मजबूत मटेरियल से बनाया जाता है। कई बार पानी के अंदर सबमरीन की बिजली गुल होने, मशीनों में गड़बड़ी और बाढ़ जैसी घटनाओं की वजह हादसे होते हैं। इनसे बचने के लिए सबमरीन को इमरजेंसी सिस्टम से लैस किया जाता है। सबमरीन को पानी के अंदर सटीकता से नेवीगेट करना होता है। कई बार प्राकृतिक या मानव निर्मित मुश्किलों की वजह से हादसे होते हैं। इससे निपटने के लिए हाई क्वालिटी सोनार सिस्टम और अनुभवी क्रू टीम जरूरी है। इस पनडुब्बी की ऑपरेटर कंपनी का दावा है कि दुनिया में सिर्फ 14 रियल एंटरटेनमेंट सबमरीन हैं, जिसमें से दो उसके पास है। मिस्र में पहले भी इस तरह की घटनाओं की खबरें सामने आती रही हैं। पिछले साल नवंबर में 44 यात्रियों को ले जा रही एक टूरिस्ट नाव मिस्र के मार्सा आलम के पास रेड-सी में डूब गई थी। जांच से पता चला कि एक बड़ी लहर से टकराने के बाद नाव पलट गई थी। इस नाव पर मिस्र के 13 और 31 विदेशी नागरिक सवार थे।



# आईएएस भवानी सिंह देथा ने
# हाईकोर्ट से माफी मांगी

## कोर्ट ने कहा- आप और हम जनता की सेवा के लिए बैठे हैं, खुद को आमजन की जगह रखकर देखो



भवानी सिंह देथा / शुचि त्यागी

जयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आज आईएएस अधिकारी भवानी सिंह देथा के बिना शर्त माफी मांगने पर उनके खिलाफ अवमानना नोटिस को निस्तारित कर दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस उमाशंकर व्यास की अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए भवानी सिंह देथा से कहा कि आप और हम जनता की सेवा के लिए बैठे हैं। उन्होंने कहा- मैं मिडिल क्लास फैमिली से यहां आया हूं तो मुझे पता है कि एक आमजन को कितनी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। कोर्ट के आदेश के बाद भी जब आप उसकी पालना नहीं करते हैं। पक्षकार को फिर से अवमानना याचिका लगाने के लिए वकीलों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आप आमजन की जगह खुद को रखकर सोचिए। जनता के हित में आपको समय से अदालती आदेश की पालना करनी चाहिए। इस पर भवानी सिंह देथा ने कहा- कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगता हूं। वहीं, आगे से कोर्ट के आदेशों की पालना समय से होगी, इसके लिए आश्वस्त करते हैं।

अधिकारियों को जेल भेजना उचित नहीं

दरअसल, कोर्ट के आदेश की पालना नहीं होने पर हाईकोर्ट ने आईएएस भवानी सिंह देथा, आईएएस शुचि त्यागी और कॉलेज एजुकेशन के तत्कालीन संयुक्त निदेशक आरसी मीणा को कोर्ट में तलब किया था। अदालत ने कहा था कि इस मामले में कठोर रुख अपनाने पर 18 दिन में आदेश की पालना कर दी गई, लेकिन यह पालना न्यायालय के हस्तक्षेप के बिना भी की जा सकती थी। लोक सेवक के रूप में वरिष्ठ अधिकारियों का दायित्व ओर अधिक बढ़ जाता है। वे अपने कर्तव्य के प्रति निष्क्रिय रहे। न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते रहे। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इस मामले में चूंकि आदेश की पालना होने का बचाव लिया गया है, ऐसे में अधिकारियों को जेल भेजा जाना उचित नहीं है। लंबे समय तक अदालती आदेश की अवहेलना करने पर उन्हें अर्थदंड (जुर्माने) से दंडित किया जा सकता है। ऐसे में तीनों अधिकारी कोर्ट में पेश होकर बताए कि उन्हें दंडित क्यों नहीं किया जाए। आज आईएएस भवानी सिंह देथा, कॉलेज एजुकेशन के तत्कालीन संयुक्त निदेशक आरसी मीणा कोर्ट मे पेश हुए। वहीं, आईएएस शुचि त्यागी की ओर से हाजिरी माफी लगाई गई। माफी मांगने पर कोर्ट ने तीनों के खिलाफ जारी अवमानना नोटिस को समाप्त कर दिया। याचिकाकर्ता के वकील अजय चौधरी ने बताया- डॉ. डीसी डूडी गवर्नमेंट कॉलेज सांभर लेक में लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं। यहां नियुक्ति से पहले वे हरियाणा में लेक्चरर थे। साल 1998 में उनका सिलेक्शन राजस्थान में हो गया था।

विभाग ने करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत उनकी पुरानी सेवा को सेवा लाभ में नहीं जोड़ा। ऐसे में उन्हें बढ़े हुए वेतनमान मिलने में डेढ़ साल की देरी हुई। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 5 मई 2022 को डॉ. डूडी के पक्ष में फैसला दिया था।

सरकार ने फैसले के खिलाफ खंडपीठ में अपील कर दी। खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया तो सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। सुप्रीम कोर्ट ने भी 27 सितंबर 2023 को सरकार की याचिका को खारिज कर दिया था। लेकिन इसके बावजूद भी विभाग ने आदेश की पालना नहीं की।

# सत्संग की आड़ में बच्चों के साथ गलत काम




बीकानेर, 28 मार्च (एजेंसियां)। बीकानेर में सत्संग की आड़ में नाबालिगों के साथ गलत काम करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुद को सिद्ध बाबा बताने वाला आरोपी बच्चों को पैर दबवाने के बहाने अपने कमरे में ले जाता था। दावा किया जा रहा है कि उसने कई नाबालिगों को शिकार बनाया है। मामला जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने का है। बुधवार को आरोपी के खिलाफ एफआईआर के बाद उसे पकड़ा गया।

आईपीएस विशाल जांगिड़ ने बताया- करीब 15 दिन पहले थाना पुलिस को रिपोर्ट मिली थी कि पवनपुरी इलाके में रहने वाला ललित पुत्र नारायणराम ने कई नाबालिगों के साथ गलत काम किया है। रिपोर्ट देने वाले युवक ने पुलिस को इसके सबूत भी सौंपे थे। जांगिड़ ने बताया- इसके बाद पुलिस ने लोगों से पूछताछ की तो पुलिस का शक पुख्ता हो गया। बुधवार (26 मार्च) शाम ललित को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को आरोपी को कोर्ट ने जेल भेज दिया। आरोपी ललित के खिलाफ रिपोर्ट उस नाबालिग ने दी थी, जो 2020 में उसका शिकार हुआ था। अब वह खुद बालिग हो चुका है। मामले में 4 अन्य पीड़ितों ने भी शिकायत दी है। सुदर्शना नगर में रहने वाले ललित ने अपने ही घर में एक छोटा सा मंदिर बना रखा है। इस मंदिर में पूजा-पाठ के बाद वह नाबालिग लड़कों और युवकों को सेवा-पूजा के नाम पर रोक लेता था। पूजा-सत्संग के बाद किसी महिला को आशीर्वाद देने के लिए भी नहीं छूता था। ताकि किसी को उसके गलत कामों पर शक न हो। जांगिड़ ने बताया- पुलिस को कुछ अश्लील वीडियो भी बरामद हुए हैं। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि कहीं और लोग तो इस कृत्य में शामिल नहीं थे।

# राजस्थान हाईकोर्ट के चार नए जस्टिस ने शपथ ली

## मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने दिलाई पद की शपथ




जोधपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान हाई कोर्ट के नव-नियुक्त चार न्यायाधीशों ने आज को शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने उन्हें शपथ दिलाई। बता दें कि राजस्थान हाईकोर्ट में जस्टिस के 50 पद है, जिसमें अब चार पद पर शपथ लेने के बाद हाईकोर्ट में 38 न्यायाधीश हो जाएंगे।

हाईकोर्ट मुख्य पीठ में हुए शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में वकील मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने वकील कोटे से नव-नियुक्त मुकेश राजपुरोहित, सुनील बेनीवाल, आनंद शर्मा और संदीप शाह को न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा, केंद्र सरकार से नोटिफिकेशन जारी होने के बाद आनंद शर्मा, सुनील बेनीवाल, मुकेश राजपुरोहित और संदीप शाह के नाम का नियुक्ति वारंट जारी किया गया था। इसके बाद रजिस्ट्रार (प्रशासन) शैलेंद्र व्यास ने शपथ ग्रहण समारोह का नोटिस जारी किया। था।

# पिता ने मां के सामने जुड़वा बेटियों को मार डाला

**घर में पटक-पटककर की हत्या; 2 किलोमीटर दूर खाली प्लॉट में दफना दिए शव**

नीमकाथाना (सीकर), 28 मार्च (एजेंसियां)। पिता ने 5 महीने की जुड़वा बेटियों को उनकी मां के सामने जमीन पर पटक-पटककर मार डाला। हत्या के बाद दोनों बेटियों के शव घर से करीब 2 किलोमीटर दूर खाली प्लॉट में दफना दिए। सूचना मिलने पर पुलिस ने गड्ढा खोदकर दोनों के शव निकाले। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सीकर के नीमकाथाना इलाके का है। एएसपी रोशन मीणा ने बताया- गुरुवार रात करीब 11:30 बजे बच्चियों के मामा सुनील यादव का कोतवाली थाने में फोन आया था। उसने बताया कि बच्चियों के पिता ने उनकी हत्या कर शव कलेक्ट्रेट के पास जोहड़ (तालाब) की जमीन में दफना दिए।

घटना की सूचना मिलते ही देर रात मैं, एसडीएम राजवीर यादव और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल को सील कर दिया। शुक्रवार सुबह 8:30 बजे शव निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल बोर्ड को सौंप दिए। मामले की जांच जारी है।

वार्ड नंबर-31 निवासी अनीता यादव (27) ने बताया- गुरुवार सुबह से ही घर में मामूली झगड़ा चल रहा था। दोपहर करीब 2:30 से 3 बजे के बीच पति अशोक कुमार यादव (30) ने पहले मेरे साथ मारपीट की। फिर दोनों बेटियों निधि और नव्या को उठाकर बेरहमी से जमीन पर पटक दिया। घायल बच्चियों को अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पति और उसके परिजनों ने बच्चियों को दफना दिया। जहां बच्चियों को दफनाया, उसके ऊपर पत्थर और झाड़ियां रख दी।

# सीएम भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी

## बीकानेर सेंट्रल जेल के बंदी ने किया कॉल; आरोपी से मोबाइल बरामद

बीकानेर, 28 मार्च (एजेंसियां)। सीएम भजनलाल शर्मा को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाला बीकानेर सेंट्रल जेल का बंदी है। उससे मोबाइल फोन बरामद हुआ है। 14 महीने में यह चौथी बार है, जब सीएम को धमकी दी गई है। आरोपी आदिल ने शुक्रवार सुबह 7:30 बजे बीकानेर पुलिस कंट्रोल रूम को मोबाइल से कॉल किया था। इसमें आरोपी ने सीएम को जान से मारने की बात कही थी।

मामले की जांच करते हुए पुलिस बीकानेर जेल पहुंची और सर्च शुरू की। सुबह 8:40 बजे आदिल को गिरफ्तार कर लिया। आदिल ने कॉल क्यों किया और उसके पास मोबाइल कैसे पहुंचा? इसकी छानबीन की जा रही है। जांच में पता चला है कि आदिल नशे का आदी है। उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है। वह पहले भी हाथों की नसें काट चुका है।

सूत्रों के अनुसार, उसे यहां नशा नहीं मिल रहा था। वह बीकानेर से दूसरी जेल में शिफ्ट होना चाहता था। इसी वजह से उसने ये धमकी भरा कॉल किया। जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल ने बताया- जेल पुलिस ने अपने स्तर पर ही सर्च अभियान चलाकर आदिल को गिरफ्तार किया है।

**दो बार दौसा जेल से मिली थी धमकी**



इससे पहले, 21 फरवरी की रात को सीएम भजनलाल को दौसा जेल से जान से मारने की धमकी मिली थी। पॉक्सो के मामले में जेल में बंद आरोपी ने 12 बजकर 45 मिनट से लेकर 12 बजकर 55 मिनट के बीच 10 मिनट में दो कॉल किए थे। आरोपी ने श्यालवास स्थित सेंट्रल जेल से जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल किया था। श्यालवास जेल से 27 जुलाई 2024 को भी जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर सीएम को जान से मारने की धमकी दी गई थी। जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने जेल में सर्च अभियान चलाकर मोबाइल जब्त किए थे। धमकी देने वाले कैदी के खिलाफ पापड़दा थाने में मामला दर्ज किया था। जेल में सिम पहुंचने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

जनवरी 2024 में जयपुर की सेंट्रल जेल में बंद पॉक्सो एक्ट के बंदी ने ही कंट्रोल रूम में कॉल कर सीएम को गोली मारने की धमकी दी थी। इसके बाद कॉल काटकर मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया गया था। पुलिस टीम ने तकनीकी आधार पर जांच शुरू की और धमकी देने वाले आरोपी की पहचान की थी। इस दौरान जेल में बंदियों से मोबाइल भी जब्त किए गए थे। 26 मार्च को डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी मिली थी। बदमाश ने जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल किया था। जिस नंबर से फोन आया, उस मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की गई।

# एसपी ने कुर्सी पर बैठे-बैठे सवाल किया, जज नाराज हुई

## टोकने पर भी आईपीएस ने गलती नहीं मानी तो कोर्टरूम में गार्ड बुलाए, हिरासत में रखा

जयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। हनुमानगढ़ पुलिस अधीक्षक को कोर्ट की अवमानना भारी पड़ी। पहले तो महिला जज ने उन्हें फटकार लगाई, फिर गार्ड बुलाकर 2 घंटे के लिए पुलिस हिरासत में रखा। दरअसल, एसपी अरशद अली को गुरुवार को जयपुर महानगर (प्रथम) कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट से तलब कर बुलाया था।मामला ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट एवं पशु क्रूरता अधिनियम के एक केस में गवाही से जुड़ा था। इस वारंट को लेकर एसपी ने जज कल्पना पारीक से कुर्सी पर बैठे-बैठे ही सवाल किया था।

कोर्टरूम में एसपी ने कुर्सी पर बैठे-बैठे ही जज से गिरफ्तारी वारंट से तलब करने का कारण पूछते हुए आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा कि वे इस मामले में वीसी के जरिए ही पेश हो जाते। जज कल्पना पारीक के टोकने पर भी उन्होंने अपनी गलती नहीं मानी। इस पर जज ने कोर्टरूम में चालानी गार्ड बुला लिए और एसपी को कस्टडी में लेने के निर्देश दिए।

**बाद में माफी मांगी, फिर कुसी पर बैठाया**

लंच के बाद जब एसपी को साक्ष्य के लिए कोर्ट में तलब किया तो उन्होंने अपने व्यवहार पर खेद प्रकट किया और अपनी तबीयत सही नहीं होने की बात कहकर साक्ष्य के लिए समय मांगा। लेकिन कोर्ट ने समय देने से इनकार करते हुए एसपी को बैठने के लिए कुर्सी दी।

# हाईकोर्ट की थानेदार और पुलिसकर्मियों को न्यायिक जांच की चेतावनी

नाबालिग लड़की के किडनैप-रेप मामले में बीकानेर एसपी को रिकॉर्ड साथ पेश होने के आदेश



बीकानेर, 28 मार्च (एजेंसियां)। बीकानेर में सितंबर 2024 में नाबालिग लड़की के साथ हुए रेप और किडनैप मामले में हाईकोर्ट ने बीकानेर पुलिस पर सवाल उठाए है। हाईकोर्ट ने देशनोक थाना अधिकारी और इस केस में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू करने की चेतावनी दी है। इसके साथ ही एसपी को रिकॉर्ड और शपथ पत्र के साथ पेश होने के आदेश दिए गए है। इस मामले में अगली सुनवाई 7 अप्रैल को होगी।

दरअसल, मामला जिले के देशनोक थाने से जुड़ा है। सात अक्टूबर 24 को नाबालिग लड़की को अयोध्या से बरामद करने के बाद पुलिस ट्रेन से बीकानेर के लिए रवाना हुई थी। ये पहले जयपुर गए, जहां से बीकानेर के लिए रवाना हुए। नौ अक्टूबर को रास्ते में देशनोक थाने से महज 30 किलोमीटर दूर नोखा में ही ट्रेन से उतरकर एक होटल में रुक गए थे। इतना ही नहीं जिस होटल में रुके थे वह भी थाने से महज 30 किलोमीटर दूर थी। इसके बाद भी नाबालिग को दस अक्टूबर की रात आठ बजे लेकर पहुंचे। इस मामले में ये ही सवाल उठ रहा है कि आखिर लड़की को इतनी देर तक होटल में क्यों रोककर रखा। देशनोक पहुंचने के बाद भी नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द करने के बजाय बालिका सुधार गृह भेजा गया। जहां से छह - सात दिन बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया।

घर पहुंचने के बाद ही उसने सारे मामले का खुलासा किया। परिवादी ने आईजी बीकानेर, एसपी बीकानेर, सीओ नोखा, एसएचओ देशनोक, पुलिसकर्मी सुनील पुनिया, कॉन्स्टेबल गोपाल, सचिन और सुमन स्वामी को पार्टी बनाया था।

# उदयपुर के बीच बाजार में चाकूबाजी

उदयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। उदयपुर में धानमंडी थाना क्षेत्र के नेहरू बाजार में 4 दिन पहले हुई चाकूबाजी की घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें आरोपी लात-घूसों से मारपीट और पत्थरबाजी करते नजर आ रहे हैं। करीब 4 से 5 मिनट तक यह घटनाक्रम चला। वीडियो 24 मार्च की सुबह 11:30 बजे का है जब बाइक टच होने की बात को लेकर दो पक्षों के युवकों में आपस में झगड़ा हो गया था। दोनों पक्षों में बहस के बाद मामला शांत हो गया। आरोपी वहां से चले गए थे लेकिन वे अपने 6-7 साथियों को लेकर वापस घटना स्थल पहुंचे और चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया था जिसमें 3 युवक घायल हो गए थे।

# यूनिवर्सिटी में कैलाशानंद गिरि के आने का विरोध

**संबोधन खत्म होने के बाद नारेबाजी,पुलिस ने पीटा**

सीकर, 28 मार्च (एजेंसियां)। सीकर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी में आज पांचवा दीक्षांत समारोह चल रहा है। इस समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े,निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए पहुंचे।

# जयपुर में रोडवेज बस ने पुलिस जीप को टक्कर मारी

जयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। जयपुर में ओवर स्पीड रोडवेज बस ने शुक्रवार तड़के पुलिस जीप को टक्कर मार दी। हादसे में पुलिस जीप (ईआर-112) सवार दो कॉन्स्टेबल सहित तीन लोग घायल हो गए। मोतीडूंगरी थाना पुलिस ने 5 KM पीछा कर रोडवेज बस को रोककर ड्राइवर को पकड़ा। पुलिस जीप के घायल ड्राइवर का एसएमएस हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घायल दोनों कॉन्स्टेबल को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। एसएचओ (मोतीडूंगरी) अजय कांत रतूड़ी ने बताया- एक्सीडेंट सुबह करीब 4:30 बजे राजापार्क स्थित गोविंद मार्ग पर हुआ। पुलिस जीप (ईआर-112) में ड्राइवर प्रकाश के साथ कॉन्स्टेबल राकेश और विष्णु गश्त कर रहे थे। गोविन्द मार्ग पर बिग बॉस के सामने वाली गली से पुलिस जीप निकल रही थी। इसी दौरान ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से त्रिमूर्ति सर्किल की तरफ आ रहे ओवर स्पीड उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस ने पुलिस जीप को ड्राइवर साइड से टक्कर मार दी।

# नेता प्रतिपक्ष बोले - बीजेपी के नेता माल सूत रहे



अलवर, 28 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि बीजेपी के नेता माल सूतने में लगे हैं। मंदिरों की बात करते हैं और मंदिर माफी जमीन हड़पने में लगे हैं। कुछ अवैध खनन कराने में लगे। बाकी अवैध प्लॉटिंग कराते हैं। कभी सीएम, कभी डिप्टी सीएम तो कभी पूर्व विधायकों को जान से मारने की धमकी दी जाती है। कहां गई सरकार की इंटेलिजेंस। लगता है सरकार नहीं सर्कस चल रहा है। जूली खुद के कार्यालय पर मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए बीजेपी सरकार पर हमला बोला।

# सीओ पर राजा महाराजाओं को गाली देने का आरोप

**बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, एमएलए ने फोन पर सीओ से पुलिस के बारे में कहे अपशब्द**

भरतपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। भरतपुर में उच्चैन सीओ के खिलाफ आज बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। बीजेपी नेताओं का कहना है कि उच्चैन सीओ ने हमारे राजा महाराजाओं को गाली दी है। वहीं उच्चैन सीओ अनिल डोरिया का कहना है कि मैंने ऐसा कुछ नहीं बीजेपी कार्यकर्ता पुलिस पर दबाव बनाने के लिए ऐसा कह रहे हैं। उन्होंने एलएलए को भी जाकर भड़काया है। उन्होंने कल मुझे फोन करके पुलिस के बारे में अपशब्द कहे हैं। गोपेश पुनिया मंडल उपाध्यक्ष ने बताया कि हम कुछ बीजेपी नेता और कार्यकर्ता सीओ अनिल डोरिया से मुलाकात करने के लिए गए थे। जब हम उनके घर पहुंचे तो, जैसे ही मैं अपने जूते उतारने लगा तभी उन्होंने राजा महाराजों को गाली दी। हम लोग किसी मामले को लेकर गए थे हमने सीओ को उस मामले के बारे में बताया। उन्होंने मेरे से पूछा क्या करते हो तो, मैंने अपने बारे में सीओ को बताया। जिसके बाद वह बात करते हुए सरकार को गालियां देने लगे। तब हमने कहा कि सरकार आपको 1 साल में 13 महीने की तनख्वाह देती है। जिसके बाद सीओ हमसे तू-तड़ाक से बात करने लगे। सीओ हमें धमकियां देने लगे और अभद्रता से बात करते रहे।

26 मार्च को मेरे वास जयचौली गांव के सरपंच और गांव के कुछ लोग SC/ST के किसी मामले में मेरे से मिलने आये थे। उन्होंने मुझे बताया कि यह मुकदमा झूठा है। तब मैंने बताया कि हमारी फॉर्मेरिटी के लिए हमें आज मौके पर जाना पड़ेगा। अगर मुकदमा झूठा है तो, मैं उसे राजीनामे के लिए कह नहीं सकता हूं। आप लोग दूसरी पार्टी से बात करो कि, उसने झूठा मुकदमा क्यों कराया है। अगर मुकदमा झूठा है तो, आप लोग गवाहों के बयान करवा देना। इसी दौरान एक बीजेपी नेता महावीर डागुर ने कहा कि पुलिस 12 महीने नौकरी करती है तनख्वाह 13 महीने की मिलती है। तब मैंने कहा आप जिस तरह से पुलिस के विरोध में बात कर रहे हो तो, मुझे लगता है कि आपकी पुलिस से कोई न कोई रंजिश या मुकदमे बाजी होगी।

# मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी इंडियन एक्सप्रेस पावर लिस्ट 2025 में एक मजबूत राजनीतिक ताकत के रूप में उभरे

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। वर्ष 2025- अपने बढ़ते राजनीतिक प्रभाव और प्रशासनिक कौशल के एक महत्वपूर्ण प्रमाण के रूप में, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने प्रतिष्ठित वार्षिक इंडियन एक्सप्रेस पावर लिस्ट 2025 में एक प्रमुख स्थान हासिल किया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में उनकी रैंकिंग में 11 रैंक की वृद्धि दर्शाता है, जिससे उनकी रैंकिंग पिछले साल के 39वें स्थान से बढ़कर इस साल 28वें स्थान पर पहुंच गई है। राजनीति, व्यापार, खेल और मनोरंजन के क्षेत्र में भारत के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की रैंकिंग करने वाली वार्षिक पावर लिस्ट ने सीएम रेड्डी के परिवर्तनकारी नेतृत्व और रणनीतिक राजनीतिक पैंतरेबाज़ी को मान्यता दी है, जिसने तेलंगाना के शासन और व्यापक इंडिया अलायंस गठबंधन दोनों को मजबूत किया है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी शीर्ष 10 में हैं। इस वर्ष की रैंकिंग में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की प्रभावशाली चढ़ाई भारतीय राजनीति में उनके उल्कापिंड के उदय को दर्शाती है। मुख्य रूप से एक क्षेत्रीय नेता के रूप में जाने जाने वाले, उन्होंने आज भारत के सबसे शक्तिशाली और गतिशील मुख्यमंत्रियों में से एक के रूप में खुद को स्थापित किया है।

उनकी बेहतर रैंकिंग उनके राजनीतिक वजन और प्रशासनिक क्षमताओं की राष्ट्रीय मान्यता को रेखांकित करती है। टीपीसीसी के अध्यक्ष महेश गौड़ ने कहा, इंडियन एक्सप्रेस पावर लिस्ट 2025 द्वारा यह मान्यता हमारे सीएम की पारदर्शी शासन और समावेशी विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है।

हर मान्यता तेलंगाना और भारत के लोगों के प्रति अधिक जिम्मेदारी के साथ आती है। पावर लिस्ट ने सीएम रेड्डी को भारत गठबंधन के अन्य प्रभावशाली मुख्यमंत्रियों के साथ उल्लेखनीय रूप से स्थान दिया है, जो गठबंधन के भीतर एक प्रमुख वास्तुकार और रणनीतिकार के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि करता है।

क्षेत्रीय आकांक्षाओं को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ जोड़ने की उनकी क्षमता ने उन्हें गठबंधन के एजेंडे और रणनीतियों को आकार देने में एक अपरिहार्य आवाज बना दिया है। शीर्ष क्रम के मुख्यमंत्रियों में सीएम रेवंत रेड्डी का शामिल होना भारतीय राजनीति की शक्ति गतिशीलता में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें क्षेत्रीय नेता राष्ट्रीय विमर्श और नीतिगत निर्णयों को तेजी से प्रभावित कर रहे हैं। 21,000 करोड़ रुपये की किसान ऋण माफी (200,000 रुपये तक के ऋण), 500 रुपये धान बोनस, महिला समूहों के लिए उद्यमिता पहल, जिसमें वे अब सौर ऊर्जा संयंत्र, पेट्रोल पंप और प्रीमियर रिटेल स्टोर संचालित करती हैं, एक अद्वितीय विश्व स्तरीय कौशल विश्वविद्यालय, ट्रांसजेंडरों को ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने की सुई जेनेरिक योजना, जैसी अपनी तरह की पहली योजनाओं को लागू करने में सक्षम होने के बाद पूरे देश में उनकी प्रतिष्ठा बढ़ी है। परिसीमन पर चेन्नई सम्मेलन में उनके हाल के मजबूत विचारों ने भी एक बड़ी छाप छोड़ी।

## पुलिस ने रील बनाने वाले को गिरफ्तार किया

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कुछ लोग एक खुली जीप में लापरवाही से यात्रा कर रहे थे और आग्नेयास्त्र दिखाकर सार्वजनिक उपद्रव कर रहे थे, जिससे बंजारा हिल्स के रोड नंबर 1 पर सरवी होटल के पास लोगों में भय व्याप्त हो गया। इन तथ्यों के आधार पर बंजारा हिल्स पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। तुरंत, आरोपी अफीजुद्दीन (21 वर्ष), सनतनगर को जीप चालक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया और खुली जीप और आग्नेयास्त्र (एयर राइफल) जब्त कर ली, जो अपराध में शामिल थे। आरोपी पेशे से वीडियोग्राफर है और वह सोशल मीडिया पर रील बनाने में एयर राइफल का इस्तेमाल करता है। उसने उसी एयर राइफल का इस्तेमाल किया और एक रील बनाई जिसमें दिखाया गया कि वह रात में रोड नंबर 1 पर एक खुली जीप में यात्रा कर रहा है और उसके हाथ में एयर राइफल है जो कानून के खिलाफ है और आर्म्स एक्ट के तहत आता है। एसएचओ बंजारा हिल्स ने आम जनता से अनुरोध है कि वे ऐसा न करें जिससे कानूनी कार्रवाई हो।

# इंदिराम्मा आवासों के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाएं : पोंगुलेटी

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व, आवास मंत्री और वारंगल जिले के प्रभारी मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कलेक्टरों को इंदिराम्मा आवासों की नींव रखने की प्रक्रिया में तेजी लाने और तैयार बेसमेंट वाले आवासों के लिए तुरंत भुगतान जारी करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को सचिवालय में संयुक्त वारंगल जिले के लिए समीक्षा बैठक हुई। चर्चा में वारंगल स्मार्ट सिटी पहल, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, जलापूर्ति और इंदिराम्मा आवास परियोजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस बैठक में बंदोबस्ती मंत्री कोंडा सुरेखा, पंचायत राज मंत्री सीतक्का, मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, संयुक्त वारंगल जिले के विधायक, कलेक्टर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री पोंगुलेटी ने जोर देकर कहा कि इंदिराम्मा घरों का निर्माण सरकार की एक प्रमुख प्राथमिकता है और उन्होंने कलेक्टरों से अपने काम में इस पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सरकार इंदिराम्मा घरों के



लाभार्थियों को चार किस्तों में भुगतान वितरित करेगी। पहला भुगतान बेसमेंट स्तर के पूरा होने वाले घरों के लिए एक लाख रुपये होगा, और आवास विभाग को ऐसे घरों का विवरण प्राप्त होने के तुरंत बाद ये धनराशि जारी की जाएगी। मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि इंदिराम्मा आवास सर्वेक्षण के अनुसार, जो 2 बीएचके घर आवंटित नहीं किए गए हैं, उन्हें उन पात्र लाभार्थियों को दिया जाना चाहिए जिनके पास घर के भूखंड नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार उन मामलों में लाभार्थियों को ठोस दीवारों के साथ घरों का निर्माण पूरा करने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, जहां ठेकेदार ऐसा करने में विफल रहता है। पोंगुलेटी ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी गांव या शहर में पीने के पानी की समस्या न हो। जिला कलेक्टरों को इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए और जिला अधिकारियों के साथ समन्वय में अधिकारियों को सप्ताह में तीन दिन गांवों का दौरा करना चाहिए। अगले तीन महीने बहुत महत्वपूर्ण हैं। अधिकारियों को पीने के पानी की समस्या को रोकने के लिए काम करना चाहिए और इस आलोचना से बचना चाहिए कि पानी की आपूर्ति नहीं है। मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वारंगल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भवन का निर्माण कार्य दो महीने में पूरा किया जाना चाहिए और उसके बाद अगले कुछ महीनों में चिकित्सा सेवाओं के लिए आवश्यक उपकरण लगाए जाने चाहिए, ताकि जून के अंत तक लोगों को यह उपलब्ध हो सके। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मडीकोंडा डंपिंग यार्ड समस्या का अस्थायी समाधान दिखाने और फिर स्थायी समाधान के लिए कार्रवाई करने की सलाह भी दी गई है। मंत्री ने कहा कि वारंगल में भद्रकाली तालाब की सफाई का काम हर हाल में बरसात के मौसम की शुरूआत से पहले पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को वारंगल स्मार्ट सिटी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की सलाह दी। बैठक में विधायक कडियम श्रीहरि, नयनी राजेंदर, यशस्विनी रेड्डी, डोंथी माधव रेड्डी, नागराजू, मुरली नायक, रामचंद्र नायक, रेवुरी प्रकाश रेड्डी, गांद्रा सत्यनारायण, एमएलसी बसवराजू सरैया, वारंगल मेयर गुंडू सुधारानी, नगर विभाग के प्रधान सचिव दाना किशोर, आर एंड बी सचिव हरिचंदना, परिवार कल्याण विभाग के आयुक्त कर्णन और अन्य ने भाग लिया।

## हैदराबाद एमएमटीएस महिला पर हमला, अभी तक कोई सफलता नहीं

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। चलती एमएमटीएस ट्रेन में युवती के साथ यौन उत्पीड़न मामले में छह दिन बीत जाने के बाद भी संदिग्ध की पहचान नहीं हो पाई है और उसे पकड़ा नहीं जा सका है। चार विशेष टीमों द्वारा की जा रही गहन जांच, सीसीटीवी फुटेज, विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण और तकनीक के बावजूद अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। पीड़िता द्वारा संदिग्ध की सही पहचान न कर पाना राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जांच अधिकारियों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। सूत्रों के अनुसार, पीड़िता द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने मेडचल के आस-पास के कई गांवों में संदिग्धों को पकड़ा, लेकिन इससे कोई मदद नहीं मिली। सिकंदराबाद से मेडचल तक 14 रेलवे स्टेशन हैं, लेकिन सिकंदराबाद और मलकाजगिरी रेलवे स्टेशनों को छोड़कर कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। इस बीच, पुलिस शुक्रवार को फिर से पीड़िता को संदिग्धों की तस्वीरें दिखाने की योजना बना रही है। जब उन्होंने पहली बार उसे संदिग्धों की तस्वीरें दिखाईं, तो वह कथित तौर पर पहचान करने की स्थिति में नहीं थी क्योंकि वह घायल थी और बहुत दर्दनाक स्थिति में थी। पुलिस ने गुरुवार को पीड़िता का बयान दर्ज किया। पीड़िता फिलहाल अस्पताल में सर्जरी के बाद ठीक हो रही है। दो संदिग्ध फिलहाल पुलिस की हिरासत में हैं।

## संशोधित स्कूल यूनिफॉर्म पर आपत्ति
### छोटी पैंट पहनने से किया इनकार

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बेहतर यूनिफॉर्म के अनुरोधों को नजरअंदाज करते हुए राज्य सरकार ने आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए छठी और सातवीं कक्षा के छात्रों को शर्ट के साथ-साथ शॉर्ट पैंट (निकर) प्रदान करने का फ़ैसला किया है। छात्र स्कूल यूनिफ़ॉर्म के हिस्से के रूप में निकर पहनने पर सवाल उठा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित यूनिफॉर्म डिजाइन में कक्षा 1 से 7 तक के लड़कों के लिए शर्ट और निकर निर्धारित किए हैं।

एक प्रधानाध्यापक के अनुसार, छठी और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों को निकर उपलब्ध कराने के खिलाफ विभाग को कई बार ज्ञापन दिया गया। लेकिन, ये अनुरोध व्यर्थ गए। एक प्रधानाध्यापक ने कहा कि कक्षा छह और सात के छात्रों के लिए पैंट और शर्ट के प्रावधान के लिए कई बार अनुरोध किया। कम से कम अब विभाग को हमारे अनुरोधों को शामिल करना होगा। सरकारी स्कूल भी चाहते हैं कि राज्य सरकार आवासीय स्कूलों के बराबर ही सिलाई शुल्क दे। वर्तमान में सरकारी स्कूलों के लिए यूनिफॉर्म सिलाई शुल्क प्रति छात्र 75 रुपये प्रति जोड़ा है, जबकि आवासीय स्कूल में पढ़ने वाले प्रत्येक छात्र के लिए यह शुल्क 100 रुपये प्रति जोड़ा है।

## कोका-कोला इकाई को जनता के विरोध का करना पड़ रहा सामना
### पेद्दापल्ली में ग्रामीणों ने अपनी जमीन देने से किया इनकार

पेद्दापल्ली, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। रत्नापुर के निवासी प्रस्तावित औद्योगिक पार्क के लिए अपनी जमीन न देने के अपने रुख पर अड़े हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सरकार प्रस्तावित पार्क के लिए उनकी जमीन ले लेती है तो उनके पास फसल उगाने के लिए कोई जमीन नहीं बचेगी। स्थानीय लोग भी नाखुश हैं क्योंकि हाल ही में उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए अपनी जमीन देनी पड़ी। यह औद्योगिक पार्क तेलंगाना सरकार की दूरदराज के इलाकों में भी औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने की योजना का हिस्सा है।

इसे जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर रामगिरी मंडल के रत्नापुर के पास बनाने का प्रस्ताव है। इस पार्क को प्राचीन रामगिरी खिल की पहाड़ियों के पास 203 एकड़ भूमि पर विकसित करने का प्रस्ताव है।

अमेरिकी पेय पदार्थ बनाने वाली प्रमुख कंपनी कोका-कोला उन कंपनियों में शामिल है जो यहां इकाई खोलने की योजना बना रही है। हालांकि, स्थानीय लोगों द्वारा अपनी जमीन देने से इनकार करने के बाद सरकार की योजना अधर में लटकी हुई है। 203 एकड़ में से सरकार के पास केवल 38 एकड़ जमीन है और बाकी 165 एकड़ (जिसमें से ज़्यादातर पट्टे की जमीन है) निजी व्यक्तियों की है। इस वजह से सरकार को बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

ग्रामीणों के अनुसार, अधिकारियों ने बिना किसी सूचना के उनके खेतों में सर्वेक्षण किया। ग्रामीणों को औद्योगिक पार्क के बारे में तब पता चला जब फरवरी में भूमि विस्थापितों की सूची ग्राम पंचायत में प्रदर्शित की गई, साथ ही अधिग्रहित की जाने वाली भूमि की सीमा और नाम भी प्रदर्शित किए गए।

इसके बाद उन्होंने आईटी और उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू से मुलाकात की और उन्हें अपने फैसले से अवगत कराया। मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वे किसी अन्य स्थान पर जमीन की तलाश करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में पैदल यात्री की मौत

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को बचुपल्ली-मियापुर रोड पर एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक पैदल यात्री की मौत हो गई।

दुर्घटना के समय पीड़ित की पहचान नहीं हो पाई है, वह सड़क पार कर रहा था। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, क्योंकि वाहन भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और घटनास्थल तथा घटनास्थल की ओर जाने वाली सड़कों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# एचपीसीएल द्वारा इएसआई हास्पिटल के सहयोग से
### जनरल हेल्थ कैम्प आयोजित



विशाखापट्टनम, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दुस्थान पेट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा कांट्रैक्ट वर्कमैन के लिए आक्युपेशनल हेल्थ सेंटर में 3 दिवसीय मुफ्त मेगा जनरल हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें वीआरएमपी कार्यकारी निदेशक अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि, विशाख रिफाइनरी के कांट्रैक्ट वर्कमैन को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध करने के लिए प्रतिबध्द हैं।

उपरोक्त हेल्थ कैम्प का आयोजन 25 से 27 मार्च तक आयोजित हुआ। ईएसआई हास्पिटल विशाखापट्टनम के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. बीवी रमणमुर्ति की उपस्थिति में इस मेगा हेल्थ कैम्प का उद्घाटन वीआरएमपी कार्यकारी निदेशक अभिषेक त्रिवेदी एवं मुख्य महा प्रबंधक -एचआर गंटा किरण कुमार किया।

उक्त मेडिकल कैम्प में शामिल पांच स्पेशलिस्ट डाक्टरों में जनरल फिजिशियन, ओर्थोपीडिशियन, पल्मोनोलोजिस्ट, ग्रयाइकोलोजिस्ट एवं इएनटी सर्जन आदि शामिल हैं। साथ ही इस कैम्प में जनरल हेल्थ व्याधियों के ओपीडी इलाज की व्यवस्था सहित रक्त जांच किया गया एवं दवाईयों का मुफ्त किया गया।

## श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर में उगादि व चैत्र नवरात्रि महोत्सव का आयोजन



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर, चारमीनार, हैदराबाद में विक्रम संवत 2082 उगादि नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगा। 30 मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक घट स्थापना और माता रानी का अलंकार करने के साथ ही दरबार की विशेष फूलों से सजावट की जाएगी। प्रथम दर्शन प्रातः 7 बजे आरती से आरंभ होंगे। मंदिर की ट्रस्टी सुश्री शशिकला ने बताया कि 30 मार्च को घट स्थापना होगी। शनिवार 5 अप्रैल अष्टमी को (श्री लक्ष्मी प्राप्ति हवन) सुबह 7:01 से दोपहर 12:01 तक होगा। इस दौरान माता रानी के मोहिनी रूप और छप्पन भोग दर्शन होगा। 31 मार्च से 4 अप्रैल तक मन भाग्य लक्ष्मी का विशेष अलंकार किया जाएगा। रविवार 6 अप्रैल को नवमी पालकी सेवा और भाग्य शोभा यात्रा 5:00 बजे शाम से रात 9 बजे तक आयोजन किया गया है।

# राज्य सरकार को केंद्र से मिलने वाले धन के लिए लड़ना चाहिए : सीपीआई

